आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज
* गुरु पूर्णिमा
* वायु परीक्षा
* व्यास पूजा”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 194 | उज्जैन, बुधवार 29 जुलाई, 2026 | आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### मीटा ने पहले मोदी का वीडियो हटाया, अब रीस्टोर किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फेसबुक से हटाया गया वीडियो मीटा ने दोबारा रीस्टोर कर दिया है। कंपनी ने मंगलवार को कहा कि तकनीकी गड़बड़ी की वजह से वीडियो गलती से हट गया था। इससे पहले कुछ समय के लिए फेसबुक पर यह वीडियो दिखाई नहीं दे रहा था, जिसके बाद इस पर सवाल उठे। प्रधानमंत्री मोदी ने यह वीडियो 23 जुलाई को जारी किया था। इसमें उन्होंने जेन-जी और छात्रों को संबोधित करते हुए परीक्षा पेपर लीक के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया था। इधर, न्यूज एजेंसी आईएएनएस ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय ने मीटा (फेसबुक और इंस्टाग्राम) के ग्लोबल हेड और कंपनी के पब्लिक पॉलिसी के ग्लोबल हेड को भी तलब किया है।

### सीजेपी के प्रदर्शन में हत्या के 101 आरोपी शामिल थे, इनमें से 989 पर गंभीर मामले

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस का दावा है कि कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन में हत्या के 101 आरोपी शामिल हुए थे। इस प्रदर्शन में आए 2873 लोगों का क्रिमिनल रिकॉर्ड यानी आपराधिक रिकॉर्ड मिला, जिनमें 989 लोगों पर गंभीर मामले थे। इनकी पहचान फेशियल रिकग्निशन सिस्टम और अन्य तकनीकी माध्यमों से की गई। पुलिस का दावा है कि प्रदर्शन में शामिल हुए लोगों में हत्या, यौन अपराध, पॉक्सो, लूट समेत अन्य गंभीर मामलों के आरोपी हैं। सीजेपी ने 20 जुलाई को संसद चलो मार्च निकाला था। इसमें पुलिस ने छात्रों पर लाठीचार्ज किया। 25 जुलाई की शाम को धर्मेंद्र प्रधान ने शिक्षा मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद प्रदर्शन खत्म हो गया।

### दिल्ली हाईकोर्ट ने पेटीएम-पेमेंट्स-बैंक को बंद करने का आदेश दिया

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के लाइसेंस रद्द किए जाने के कुछ महीनों बाद अब दिल्ली हाईकोर्ट ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को पूरी तरह बंद करने का आदेश दिया है। आरबीआई ने मंगलवार को इस कानूनी फैसले की जानकारी दी। हाईकोर्ट ने एसबीआई के पूर्व चीफ जनरल मैनेजर गिरिकुमार एम नायर को पेटीएम पेमेंट्स बैंक का ऑफिशियल लिक्विडेटर नियुक्त किया है। नायर 8 जुलाई 2026 से बैंक के बोर्ड की सभी पावर का इस्तेमाल कर रहे हैं। आरबीआई ने बयान में बताया कि दिल्ली हाईकोर्ट ने 8 जुलाई 2026 के आदेश और 22 जुलाई 2026 के आदेश के साथ यह निर्देश जारी किया है।

### कंगना ने नई जनरेशन की महिलाओं को कहा- गटर छाप



**मुंबई।** सांसद और एक्ट्रेस कंगना रनोट ने नई पीढ़ी की भारतीय महिलाओं को गटर कहा है। कंगना का कहना है कि ये महिलाएं स्वतंत्र महिलाओं की नकल उतारते हुए नशा करने, शराब पीने और अनगिनत आदमियों से यौन संबंध बनाने को स्वतंत्रता कहती हैं। कंगना ने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट के स्टोरी सेक्शन से लिखा है, 'सबसे शर्मनाक बात उन युवा हिंदू महिलाओं का व्यवहार है, जो स्वतंत्र और करियर बनाने वाली महिलाओं की जिंदगी की नकल करना चाहती हैं, लेकिन उस आजादी के साथ आने वाली जिम्मेदारियों को नहीं निभाना चाहतीं। असल में स्वतंत्र महिलाएं विद्रोही फैसले लेती हैं, बेबाक राय रखती हैं, परंपराओं से हटकर करियर चुनती हैं और अपने हर फैसले की पूरी जिम्मेदारी भी उठाती हैं। उन्हें अपने कर्मों की कीमत खुद चुकानी पड़ती है। वे अपने माता-पिता या परिवार की कीमत पर ऐसा नहीं करतीं।' आगे कंगना ने लिखा, 'आज तथाकथित वेस्टर्न सोच से प्रभावित भारतीय महिलाओं की एक नई पीढ़ी सामने आई है। मैं इन्हें 'गटर जनरेशन' कहती हूं। इनमें से कुछ के पास समाज को देने के लिए कुछ भी नहीं है। वे पढ़ाई में अच्छी नहीं हैं, लेकिन इतनी बदसूरत सोच और भ्रष्ट मानसिकता रखती हैं कि अच्छी हाउसवाइफ भी नहीं बन सकतीं।'

### नैनो न्यूज

- चेन्नई एयरपोर्ट पर 6 घंटे सैकड़ों पैसेंजर परेशान रहे, लंबी कतारें देखी गईं, एयरपोर्ट अथॉरिटी ने 12 में से 4 गेट बंद रखे थे।
- फ्रांस में इन्फोसिस पर 2 करोड़ का जुर्माना वर्किंग आवर्स का सही रिकॉर्ड न रखने का आरोप, वहां हफ्ते में 35 घंटे काम का नियम।
- लखनऊ में नए विधायक निवास की 7वीं मंजिल से गिरकर पूर्व मंत्री नानकदीन भुर्जी की मौत हो गई।
- ट्रम्प से मुलाकात करने अमेरिका पहुंचे जेलेंस्की-नेतन्याहू, इजराइली राष्ट्रपति पर ईरान जंग खत्म करने का दबाव।
- आज का मौसम 29 जुलाई: 11 घंटे के भीतर 16 राज्यों में तूफानी बारिश का अलर्ट, 90 की स्पीड से हवा चलेगी।
- सीजेपी ने कहा- सभी प्रदर्शनकारियों की एफआईआर वापस होंगी, वीडियो जारी कर बताया-सरकार से बात हुई।
- सेंसेक्स 69 अंक गिरकर 76,765 पर बंद हुआ, निफ्टी भी 10 अंक गिरा; एफएमसीजी और बैंकिंग शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली।
- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- नाबालिग प्रदर्शनकारियों को तुरंत रिहा करें, जरूरत से ज्यादा बल प्रयोग करने वालों पर कार्रवाई हो।

जापान के दक्षिणी कुमामोटो प्रांत में 6.8 तीव्रता का आया शक्तिशाली भूकंप

## शॉपिंग मॉल गिरा, 50 से ज्यादा लोग फंसे, 1.5 लाख लोगों को हटाया

**एजेंसी ▸▸ कुमामोटो**

जापान के दक्षिणी कुमामोटो प्रांत में मंगलवार को 6.8 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। तेज झटकों के बाद काशिमा शहर स्थित एक शॉपिंग मॉल की दूसरी मंजिल ढह गई, जिससे 50 से ज्यादा लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक कई लोग घायल हुए हैं।

जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के मुताबिक, भूकंप स्थानीय समयानुसार शाम 4.27 बजे आया। इसका केंद्र जमीन से करीब 10 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई थी, लेकिन करीब एक घंटे बाद इसे वापस ले लिया गया।

भूकंप के बाद प्रशासन ने एहतियात के तौर पर क्यूशू द्वीप के 1.5 लाख से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों और राहत शिविरों में जाने के निर्देश दिए हैं। राष्ट्रीय प्रसारक एनएचके की तस्वीरों में कई सड़कों और पुलों में दरारें, इमारतों में आग और अन्य नुकसान दिखाई दे रहे हैं। सरकार ने राहत और बचाव अभियान तेज कर दिया है, जबकि प्रभावित इलाकों में नुकसान का आकलन किया जा रहा है।



### भूकंप प्रभावित इलाके में 3600 सैनिक तैनात

जापान की प्रधानमंत्री साने ताकइची ने मंगलवार को बताया कि कुमामोटो में राहत और बचाव अभियान के लिए अब तक करीब 3,600 सैन्यकर्मियों को तैनात किया गया है। वहीं, जापान जापान सेल्फ डिफेंस फोर्स के 300 जवानों को भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सेना स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर बचाव कार्य, राहत सामग्री पहुंचाने और प्रभावित लोगों की मदद में जुटेगी। पीएम ताकइची ने कहा, ह्यभूकंप से बड़े पैमाने पर नुकसान की पुष्टि हो चुकी है। इस आपदा से प्रभावित सभी लोगों के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करती हूं।

### कुमामोटो में 60 से ज्यादा आफ्टरशॉक आए

जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के मुताबिक, कुमामोटो में आए 6.8 तीव्रता के भूकंप के बाद अब तक 1 से 4 तीव्रता के 60 से ज्यादा आफ्टरशॉक दर्ज किए गए हैं।

अमरनाथ दर्शन के बाद वैष्णो देवी के लिए निकले थे

## मंदसौर की बस कश्मीर में 50-फीट गहरी खाई में गिरी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर**

जम्मू-कश्मीर के बालटाल से श्रीनगर जा रही मंदसौर की बस मंगलवार को 50 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में बस सवार सभी 40 श्रद्धालु घायल हो गए। वे अमरनाथ से लौट रहे थे। इनमें मध्य प्रदेश और राजस्थान के यात्री शामिल हैं। दो को गंभीर चोटें आई हैं।

हादसा सुबह करीब 7 बजे गांदरबल जिले के रंगा मोड़ के पास हुआ। स्थानीय लोगों और राहत-बचाव दल ने सभी यात्रियों को बस से बाहर निकाला। घायलों को पहले उप जिला अस्पताल कंगन ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को सौरा, श्रीनगर रेफर किया गया। जानकारी के मुताबिक, ज्यादातर यात्रियों को मल्टीपल इंजरी और हेड ट्रॉमा है।

### सभी 40 श्रद्धालु घायल



### मंदसौर की कंपनी ने किराए पर ली थी बस

दुर्घटनाग्रस्त बस अजमेर की है। इसे मंदसौर जिले की मां भगवती यात्रा कंपनी के एजेंट ने अमरनाथ यात्रा के लिए हायर किया था। कंपनी की कुल चार बसें यात्रा पर गई थीं, जिनमें से मंदसौर से गई एक बस हादसे का शिकार हो गई। इसमें मंदसौर, मल्हारगढ़, नीमच जिले के सुवाखेड़ा और बड़नगर क्षेत्र के भी श्रद्धालु थे।

### डिप्टी सीएम ने की जम्मू-कश्मीर के अधिकारियों से बात

- मध्य प्रदेश के डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने स्थानीय अधिकारियों से घायलों की हालत पर चर्चा की। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भी हादसे की जानकारी दी है। मंदसौर जिला प्रशासन भी जम्मू-कश्मीर प्रशासन के संपर्क में है।
- जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने कहा कि सभी घायलों की स्थिति फिलहाल स्थिर है। डॉक्टरों की टीम उनकी देखभाल में जुटी है।

कैबिनेट का फैसला

### पुलिस में 18 हजार पदों पर होगी भर्तियां

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

मध्य प्रदेश में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग में समर्थन मूल्य पर बोनस भुगतान योजना को निरंतर रहेगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कैबिनेट में इस योजना को मंजूरी देते हुए अगले तीन साल तक किसानों को उपज पर बोनस देने का ऐलान किया है।

मप्र पुलिस विभाग में 25 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मियों की पदोन्नतियां हुई। विभाग में अलग-अलग श्रेणियों में 9662 पदों को मंजूरी दी गई। पिछले साल 8500 पद स्वीकृत किए गए थे। इन दोंनो को मिलाकर दो साल में 18000 हजार पद स्वीकृत हुए। भोपाल में पहली बार एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा. प्रतियोगिता अक्टूबर-नवंबर में होगी। इसमें एशिया की 6 प्रमुख टीमें हिस्सा लेंगी, जिसमें मेजबान भारत, चीन, जापान, मलेशिया, दक्षिण कोरिया और थाईलैंड की टीमें भाग लेंगी।

## प्रियंका का प्रहलाद जोशी पर कमेंट, संसद में हंगामा

रिजिजू ने कहा- शिक्षामंत्री का चरित्र हनन करने की कोशिश, माफी मांगें, प्रियंका का जवाब, सबूत दूंगी



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

लोकसभा में दोपहर 2 बजे से पेपर लीक से जुड़े 'पब्लिक एग्जामिनेशन (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026' पर चर्चा शुरू हो गई।

विधेयक में 2024 में बने कानून में बदलाव का प्रस्ताव है। केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा इससे पेपर लीक रोकने में मदद मिलेगी। प्रियंका गांधी ने सरकार से सवाल किया कि छात्रों पर लाठीचार्ज और पैलेट गन चलाने का अधिकार किसने दिया। प्रियंका ने कहा- एक ऐसे व्यक्ति को शिक्षामंत्री बनाया जिसने गर्भवती महिला के बलात्कारियों की रिहाई पर सहमति व्यक्त की। इसके बाद सत्ता पक्ष ने हंगामा किया।

रिजिजू निशिकांत दुबे और जोशी ने विरोध किया और कहा कि पहले प्रियंका इस बात का सबूत दें और माफी मांगे। स्पीकर बोले- मैं प्रियंका जी से कहूंगा कि बिना तथ्यों से इस तरह की बातें सदन में न करें। प्रियंका का जवाब- जोशी जी ने बिल्किस बानो के बलात्कारियों पर बयान दिया उसका प्रमाण मैं भेज दूंगी। केसी वेणुगोपाल ने कहा- इन्होंने इंदिरा गांधी का नाम लिया है। आप हटा नहीं सकते हैं। निशिकांत बोले- मैंने नेहरू जी का नाम लिया था और आज भी अपने बयान पर कायम हूं। प्रहलाद जोशी ने कहा- मेरे बारे में जो बोला गया उस पर मुझे पहले से नहीं बताया गया। स्पीकर ने टोका- सदन में इस बिल पर ही चर्चा होगी। आप सिर्फ विधेयक पर ही बोलें।

### साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश 11,158 करोड़ रु. की राशि बचाई

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली/मंदसौर**

सरकार के अनुसार नागरिक वित्तीय साइबर धोखाधड़ी रिपोर्टिंग एवं प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से देश भर में अब तक 32.80 लाख से अधिक शिकायतों में 11,158 करोड़ रु. से अधिक की राशि साइबर ठगों के हाथों में जाने से बचाई गई है। सरकार ने बताया कि भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के माध्यम से देशभर में साइबर अपराधों पर निगरानी और विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया गया है। नागरिकों की शिकायतों के लिए राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल तथा वित्तीय साइबर धोखाधड़ी की तत्काल सूचना के लिए 1930 हेल्पलाइन संचालित की जा रही है। यह जानकारी मंदसौर-नीमच संसदीय क्षेत्र के सांसद सुधीर गुप्ता द्वारा लोकसभा में देश में बढ़ रहे साइबर अपराधों तथा वित्तीय धोखाधड़ी की रोकथाम के लिए उठाए गए कदमों को लेकर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में केंद्र सरकार ने जवाब देते हुए बताया कि साइबर अपराधों से निपटने के लिए व्यापक और समन्वित स्तर पर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। उत्तर में यह भी बताया गया कि सरकार ने साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए 15.75 लाख से अधिक सिम कार्ड तथा 5.77 लाख रु. आईएमईआई ब्लॉक किए हैं। साथ ही संदिग्ध खातों एवं पहचानकर्ताओं की पहचान कर 25,698 करोड़ रु. के संदिग्ध लेनदेन रोके गए हैं।

## पीओके में प्रदर्शनकारियों पर फायरिंग से 19 लोगों की मौत

सरकार के खिलाफ मार्च निकाल रहे थे, भारत ने कहा- पाकिस्तान अवैध चुनाव के जरिए लीपापोती कर रहा

**एजेंसी ▸▸ मुजफ्फराबाद**

पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के दौरान हिंसा भड़क गई। अलग-अलग घटनाओं में कम से कम 19 लोगों की मौत होने की खबर है, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। चुनावी धांधली के आरोपों और सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच कई मतदान केंद्रों पर झड़पें भी हुईं।

जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी के समर्थकों का आरोप है कि रावलकोट में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों पर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें



19 लोगों की जान गई। संगठन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मृतकों के नाम भी जारी किए हैं।

भारत ने पीओके में हो रहे चुनावों को मानने से इनकार कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान इन चुनावों के जरिए पीओके पर अपने अवैध कब्जे को छिपाने और वहां हो रहे मानवाधिकार उल्लंघनों से दुनिया का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहा है।

## चंबा में अचानक बाढ़ से पत्थरों का सैलाब

### मलबा घरों में घुसा, चंडीगढ़ में करंट से युवती की मौत, चारधाम यात्रा स्थगित

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

देश के कई राज्यों में भारी बारिश आफत बन गई है। हिमाचल प्रदेश के चंबा में सोमवार देर रात हुई मूसलाधार बारिश के बाद सरोल मोहल्ले समेत कई इलाकों में अचानक बाढ़ आ गई। पानी के साथ आए पत्थरों और मलबे का सैलाब घरों और दुकानों में घुस गया। कई मकानों की पहली मंजिल तक मलबा भर गया।



उत्तराखंड में मंगलवार सुबह चमोली, टिहरी, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग में भूस्खलन हुआ। रुद्रप्रयाग के कुंड-काकड़ा के बीच केदारनाथ नेशनल हाईवे मलबा आने से बंद हो गया। सोनप्रयाग-गौरीकुंड हाईवे भी बंद है, जिसके चलते चारधाम यात्रा दो दिन रोक दी गई है। दिल्ली में मंगलवार सुबह जोरदार बारिश हुई। इससे जगह-जगह सड़कों पर पानी भर गया। चंडीगढ़ स्थित पंजाब यूनिवर्सिटी में मंगलवार सुबह पीएचडी स्कॉलर युवती की करंट लगने से मौत हो गई। वह गर्ल्स हॉस्टल से अपने विभाग में पढ़ाई के लिए जा रही थी। उधर, मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में रविवार शाम बिजली गिरने से 11 साल के बच्चे समेत तीन लोगों की मौत हो गई।

बगैर कोर्ट की परमिशन कहीं नहीं ले जा सकेगी पुलिस, अफसर को लगाई फटकार

## वायरल गर्ल को केरल हाईकोर्ट ने दी सुरक्षा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली/भोपाल**

इंटरफेथ मैरिज से जुड़े चर्चित वायरल गर्ल मामले में केरल हाईकोर्ट ने सोमवार को अंतरिम आदेश जारी करते हुए कहा कि युवती को अदालत की अनुमति के बिना किसी व्यक्ति के हवाले नहीं किया जाएगा।

कोर्ट ने कहा- न ही लड़की की इच्छा के विरुद्ध अदालत के अधिकार क्षेत्र से बाहर ले जाया जाएगा। युवती को पहले से मिली पुलिस सुरक्षा फिलहाल जारी रहेगी।

सुनवाई के दौरान अदालत ने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के उस आदेश का अंग्रेजी अनुवाद पढ़ा, जिसमें पुलिस को निर्देश दिया गया था कि युवती को विधि अनुसार मध्य प्रदेश पुलिस को सौंपा जाए और उसकी संशोधित जन्मतिथि से जुड़े दस्तावेज हाईकोर्ट के सामने पेश किए जाएं। इस पर जस्टिस थॉमस ने मौखिक टिप्पणी करते हुए पूछा- जब यह अदालत पहले से मामले पर सुनवाई कर रही है तो आयोग ऐसा आदेश कैसे जारी कर सकता है। अदालत ने आयोग के इस अधिकार पर सवाल उठाया।

### अधिकारी को सीधे रजिस्ट्रार को पत्र लिखने पर फटकार

सुनवाई के दौरान अदालत ने एनार्कुलम सेंट्रल थाने के एसएचओ द्वारा सीधे हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार को पत्र लिखने पर कड़ी नाराजगी जताई। न्यायमूर्ति थॉमस ने कहा कि ऐसे मामलों की जानकारी सरकारी वकील के माध्यम से अदालत के समक्ष रखी जानी चाहिए थी। उन्होंने टिप्पणी की कि एक पुलिस अधिकारी सरकारी वकील और महाधिवक्ता को दरकिनार कर सीधे रजिस्ट्रार को पत्र कैसे लिख सकता है। अदालत ने सरकारी पक्ष से संबंधित अधिकारी को प्रक्रिया की जानकारी देने को कहा।

### जन्मतिथि विवाद पहले से एमपी हाईकोर्ट में लंबित

याचिकाकर्ता की ओर से अदालत को बताया गया कि विवाह के समय उसकी आयु 18 वर्ष से अधिक थी और इस तथ्य का सत्यापन



मध्य प्रदेश की एक अदालत कर चुकी है। यह भी कहा गया कि मूल जन्म प्रमाण-पत्र बाद में उसकी जानकारी के बिना निरस्त कर दिया गया। इस विवाद को लेकर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में पहले से याचिका लंबित है। याचिकाकर्ता का यह भी कहना था कि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का कोई आदेश उसे विधिवत उपलब्ध तक नहीं कराया गया।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### दुकानदारी शुरू

श्रावण के शुरू होते ही बाबा का भ्रमण भी शुरू होने वाला है। इस भ्रमण में विभिन्न दल शामिल होंगे। इन दलों में धमार्लुओं के साथ वित्तिय प्रबंधन का खेल शुरू हो चुका है। दलों में शामिल होने वालों को मुखिया ने संदेश भिजवा दिया है। इस बार चलन के उच्चतम स्तर के दो नोट मांगे जा रहे हैं। कतिपय दलों में इस प्रकार का चलन है कि भ्रमण दल में शामिल होने के लिए ये राशि ली जाती है। खासकर कतिपय महिला दल की जानकारी सामने आ रही है। अब इसके बाद 6 बार के भ्रमण के लिए दल की महिलाओं को हर बार का एक पहनावा भी बताया जाएगा। उसके अनुसार ही महिलाओं को तैयार होकर आना होगा और दल में शामिल होना होगा। अगर उस अनुसार पहनावा धारण नहीं किया तो दल में शामिल नहीं किया जाएगा। परिचय पत्र के नाम पर यह पूरा वित्तिय प्रबंधन किया जा रहा है। राजसी आयोजन के लिए सदस्यों को विशेष साडी पहनना होगी। इसकी एक जैसी खरीदी दल नेतृत्वकर्ता ही करेगी और खास यह है कि उसे सभी को उसी की दर पर खरीदना भी होगी अन्यथा दल में सदस्य को शामिल नहीं किया जाएगा। बाहर दलों का वित्तीय प्रबंधन का खेल मजबूत तौर पर चल रहा है। अब दल में शामिल सामान्य सदस्य को तो जानकारी ही नहीं है कि संबंधित समिति का पंजीयन किस लिए किया गया है। धर्म के नाम पर भजन और कीर्तन का काम है और उसके भी बराबर दाम हैं। खुसूर-फुसूर है कि भ्रमण में शामिल होने वाली मंडलियों में परिचय पत्र के नाम पर वित्तिय प्रबंधन को उजागर किया जाना चाहिए। जबकि दलों के कतिपय कर्ताधर्ता दलों में शामिल सदस्यों को न जाने कौन-कौन सी कहानियां सुना कर इस पूरे वित्तीय प्रबंधन को अंजाम देते हैं। धर्म के नाम पर यहां भी धंधा पनप रहा है।

## न्यूज कॉलम

### 10 साल बाद भी मंछामन कॉलोनी में बनने वाले गरीबों के घर अधूरे

**उज्जैन।** उज्जैन नगर निगम द्वारा मंछामन कॉलोनी में गरीबों के लिए बनाई जा आवासीय मल्टी दस साल बाद भी अधूरी है। कई बार डेडलाइन बढ़ाने के बाद भी अब अधिकारियों का कहना है कि अगले तीन से चार माह इसे पूरा कर लिया जाएगा। जहां एक प्रोजेक्ट 10 साल बाद भी अधूरा है। वहीं दूसरी ओर नगर निगम ने कवेलू कारखाने की जमीन पर 814 फ्लैट्स बनाने की प्लानिंग कर ली। इस प्रोजेक्ट की फाइल आगे की मंजूरी के लिए शासन स्तर पर भेजी है।नगर निगम ने मार्च 2016 में अफोर्डेबल हाउसिंग प्रोजेक्ट (एएचपी) शुरू किया था। ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए 77 करोड़ से बनने वाली इस मल्टी में 288 फ्लैट बनाए जा रहे हैं। आवेदन कताओं से दस प्रतिशत राशि भी दस साल पहले ही जमा करवा ली गई थी।

## नैनो न्यूज

- गुरु पूर्णिमा 29 जुलाई से हरियाली अमावस्या 12 अगस्त 2026 तक उनके द्वारा नागरिकों को निःशुल्क बीज और पौधे वितरित किए जाएंगे।
- माधव विज्ञान महाविद्यालय में विद्यार्थियों व शिक्षकों ने सीखा आपात स्थिति में जान बचाने का कौशल
- गुरु पूर्णिमा पर चक्रतीर्थ स्थित श्री बटुक भैरव मंदिर में विविध धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। बटुक भैरव आज नगर भ्रमण पर निकलेंगे।
- सड़क चौड़ीकरण के कारण इस वर्ष फ्रीगंज से नहीं निकलेगी यात्रा, गोपाल मंदिर से शुरू होकर साई मंदिर पहुंचेगी पालकी
- विश्व जागृति मिशन का गुरु पूर्णिमा महोत्सव आज, सुधांशु जी महाराज के शिष्य करेंगे सद्गुरु का पूजन
- ज्जैन टेंट हाउस एसोसिएशन ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत रोपे पौधे, नीम, पीपल और बरगद के लगाए 20 से अधिक पौधे
- दंत चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए उज्जैन के दंत चिकित्सक को इंदौर में 'एक्सीलेंस इन डेंटिस्ट्री अवार्ड' से सम्मानित किया।
- प्रभु प्रेमी संघ परिवार द्वारा आज 29 जुलाई बुधवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

## ट्रेंडिंग




श्री महाकालेश्वर अन्नक्षेत्र में मंगलवार-शुक्रवार का बदला मेनू

# श्रद्धालुओं को दो दिन दक्षिण भारतीय व्यंजन प्रसादी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर अन्न क्षेत्र में श्रद्धालुओं को प्रसादी के रूप में दो दिन दक्षिण भारतीय व्यंजन परोसने की शुरूआत की गई है। अब तक अन्नक्षेत्र में मेन्यू के तहत सप्ताह के सभी दिनों में रोटी, पूड़ी, दाल, चावल, मौसमी सब्जी एवं मीठा ही परोसा जाता था। मंगलवार से दक्षिण भारतीय व्यंजन परोसने की शुरूआत की गई है।

मंगलवार सुबह भगवान श्री महाकालेश्वर को रजत थाली एवं पात्रों में अन्नक्षेत्र से दक्षिण भारतीय व्यंजनों का ही भोग लगाया गया। इसके उपरांत श्रद्धालुओं को अन्नक्षेत्र में प्रसादी रूप में इसकी परोसगारी की गई। मंदिर के अन्नक्षेत्र में प्रति दिन करीब 10 हजार श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी परोसी जाती है।

### मंगलवार को भगवान को भोग के साथ भोजनशाला में की शुरूआत





**एक भारत, अनेक परंपराएँ का समायोजन-** रस संगमम्– अर्थात् विभिन्न स्वादों, व्यंजनों एवं संस्कृतियों का संगम। एक भारत, अनेक परंपराएँ की भावना को साकार करते हुए श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति ने श्रद्धालुओं के लिए एक अभिनव पहल प्रारंभ की है। इस पहल के अंतर्गत श्री महाकालेश्वर मंदिर के निःशुल्क अन्नक्षेत्र में प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को दक्षिण भारतीय पारंपरिक प्रसादम् का वितरण प्रारंभ किया गया है।

**मंगलवार-शुक्रवार दक्षिण भारतीय व्यंजन-** मंदिर प्रबंध समिति के निर्णय के अनुसार अब प्रत्येक मंगलवार को श्रद्धालुओं को सांभर, इडली / वड़ा, स्टीम चावल, मौसमी सब्जी एवं पोंगल प्रसाद स्वरूप वितरित किया जाएगा। इसी प्रकार प्रत्येक शुक्रवार श्रद्धालुओं को पुलिहोरा, पायसम, रसम, मौसमी सब्जी एवं स्टीम चावल का प्रसाद वितरित किया जाएगा।

### एकता के भाव को सशक्त बनाने की पहल-कौशिक

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक के अनुसार रस संगमम्- एक भारत, अनेक परंपराएँ पहल केवल प्रसाद वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत की विविध पाक एवं सांस्कृतिक परंपराओं, स्वादों और भावनाओं को एक सूत्र में जोड़ने का एक सार्थक प्रयास है। इसका उद्देश्य श्रद्धालुओं को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराना, राष्ट्रीय एकात्मता एवं सांस्कृतिक समरसता की भावना को सुदृढ़ करना तथा विविधता में एकता और एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संदेश को प्रसाद के माध्यम से साकार करना है। यह पहल महाकाल की नगरी में आने वाले देशभर के श्रद्धालुओं को भारतीय संस्कृति की विविधता का आत्मीय अनुभव प्रदान करते हुए राष्ट्रीय एकता के भाव को और अधिक सशक्त बनाएगी।

कल से धार्मिक श्रावण मास की शुरूआत, सवारी मार्ग निर्माण अधूरा

# सवारी मार्ग निर्माण स्थिति देखने पहुंचे जनप्रतिनिधि

## प्रथम सवारी से पूर्व सभी निर्माण एवं आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धार्मिक श्रावण मास की शुरूआत में मात्र एक दिन शेष हैं और भगवान श्री महाकालेश्वर के प्रथम नगर भ्रमण में 5 दिन शेष हैं। परंपरागत सवारी मार्ग पर अब भी निर्माण कार्य अधूरे हाल में हैं। मंगलवार को उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा के साथ नगर निगम अध्यक्ष कलावती यादव एवं जनप्रतिनिधियों ने सवारी मार्ग के निर्माण कार्यों को देखने पहुंचे थे। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने निर्देश दिए कि प्रथम सवारी से पूर्व सभी निर्माण एवं आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएं।

3 अगस्त को भगवान श्री महाकाल की प्रथम सवारी के नगर भ्रमण को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इसी क्रम में मंगलवार



को उज्जैन उत्तर विधायक जैन निगमाध्यक्ष श्रीमती यादव, विकास प्राधिकरण अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी, नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल एवं नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने संयुक्त रूप से महाकालेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर संपूर्ण सवारी मार्ग का पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

**कार्य युद्ध स्तर पर जारी-** सिंहस्थ-28 के लिए सवारी मार्ग के साथ-साथ शहर के प्रमुख आंतरिक मार्गों का भी चौड़ीकरण किया जा रहा है। सवारी मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुगम आवागमन एवं बेहतर यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य युद्धस्तर पर दिन-रात जारी है।

### प्रथम सवारी से पूर्व कार्य पूर्ण किए जाएं

निरीक्षण के दौरान सवारी मार्ग पर चल रहे चौड़ीकरण एवं विकास कार्यों का अवलोकन करते हुए निर्देश दिए कि प्रथम सवारी से पूर्व सभी निर्माण एवं आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएं। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा सवारी से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित की जा रही हैं। जनप्रतिनिधियों ने कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए निर्माण एजेंसियों एवं अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

अवैध वसूली की शिकायत पर

# महाकाल क्षेत्र की तीनों अतिक्रमण गैंग को हटाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकाल क्षेत्र में अस्थायी अतिक्रमण हटाने के लिए लगभग एक वर्ष पहले गठित की गई तीनों अतिक्रमण रिमूवल गैंग को नगर निगम ने हटा दिया है। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर इन टीमों को महाकाल क्षेत्र से हटाकर शहर में संचालित अन्य अतिक्रमण रिमूवल गैंग में शामिल कर दिया गया है। यह कार्रवाई महाकाल क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के नाम पर कथित अवैध वसूली की शिकायतें मिलने के बाद की गई है।

सूत्रों के अनुसार, पिछले कुछ समय से नगर निगम अधिकारियों को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि महाकाल क्षेत्र में तैनात कुछ कर्मचारी गुमटी, ठेले और अस्थायी दुकानदारों से कार्रवाई का भय दिखाकर अवैध रूप से रुपए वसूल रहे हैं। शिकायतों में यह भी आरोप लगाया गया कि इस तरह लाखों रुपए की अवैध वसूली की जा रही थी। मामला निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा तक पहुंचने के बाद उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए महाकाल क्षेत्र में कार्यरत तीनों गैंग को हटाने के निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार, नगर निगम शहर में अतिक्रमण हटाने के लिए कुल छह रिमूवल गैंग संचालित करता है। प्रत्येक गैंग में लगभग 40 कर्मचारी शामिल रहते हैं, जो आवश्यक संसाधनों और वाहनों के साथ अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करते हैं। इनमें से तीन गैंग महाकाल क्षेत्र में विशेष रूप से तैनात थीं, जबकि शेष तीन गैंग शहर के अन्य क्षेत्रों में कार्रवाई कर रही थीं।

हेलमेट की अनदेखी से बढ़ रहा मौत का खतरा, अभियान थमते ही बरतने लगे लापरवाही

# पुलिस की कार्रवाई ठंडी पड़ी, फिर बिना हेलमेट दौड़ने लगे वाहन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में हेलमेट को लेकर पुलिस की सख्ती कम होते ही दोपहिया वाहन चालकों की लापरवाही फिर से सड़कों पर साफ दिखाई देने लगी है। बड़ी संख्या में बाइक सवार बिना हेलमेट के वाहन चला रहे हैं, जबकि सड़क हादसों में सबसे अधिक मौतें सिर में गंभीर चोट लगने के कारण होती हैं। लगातार हो रही दुर्घटनाओं के बावजूद वाहन चालक सबक लेने को तैयार नहीं हैं। हाल ही में आगर रोड स्थित कृषि उपज मंडी में हुई दुर्घटनाओं में बाइक सवार की मौत हो गई। लोगों



का मानना है कि यदि उसने हेलमेट पहन रखा होता तो उसकी जान बच सकती थी। इसके अलावा भी शहर में कई हादसों में हेलमेट नहीं पहनने की वजह से लोगों की जान जा चुकी है।

- **अभियान के दौरान दिखा था असर-** पूर्व पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा ने शहर में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया था। इस दौरान पुलिस ने जगह-जगह चेकिंग कर कार्रवाई की थी। कई वाहनों को जब्त किया गया था और उन्हें कोर्ट से ही छुड़ाना पड़ा था। इस सख्ती का असर यह हुआ कि लोगों में भय का माहौल बन गया था और अधिकांश दोपहिया चालक हेलमेट पहनकर ही घर से निकल रहे थे। कुछ समय तक अभियान लगातार चला, लेकिन बाद में कार्रवाई धीमी पड़ गई।
- **कार्रवाई थमते ही लौट आई पुरानी आदत-** पुलिस की सख्ती कम होते ही अब फिर से बड़ी संख्या में लोग बिना हेलमेट के वाहन चलाने लगे हैं। शहर की मुख्य सड़कों, बाजारों, बायपास और फोरलेन पर भी बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले आसानी से देखे जा सकते हैं। इसी तरह चारपहिया वाहन चालकों में भी सीट बेल्ट लगाने की आदत अब तक विकसित नहीं हो सकी है।
- **अधिकतर बाइक चालक बिना हेलमेट दौड़ा रहे वाहन-** शहर के अधिकांश क्षेत्रों में दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट के ही सफर करते नजर आते हैं। कई लोग तो पीछे बैठने वाले को भी हेलमेट नहीं पहनाते। वहीं कार चालकों में भी सीट बेल्ट लगाने को लेकर गंभीरता का अभाव दिखाई देता है।

- **हेड इंजरी बन रही मौत की सबसे बड़ी वजह-** चिकित्सकों के अनुसार सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली अधिकांश मौतें सिर में गंभीर चोट (हेड इंजरी) के कारण होती हैं। यदि दुर्घटना में सिर पर गहरी चोट लग जाए तो घायल को बचाना काफी कठिन हो जाता है। कई मामलों में अंदरूनी रक्तस्राव या ब्लॉकेज के कारण स्थिति और गंभीर हो जाती है। वहीं हेलमेट पहनने से सिर की गंभीर चोट की आशंका काफी हद तक कम हो जाती है और जान बचने की संभावना बढ़ जाती है।
- **फिर से सख्त अभियान की जरूरत-** सड़क दुर्घटनाओं और हेलमेट के प्रति लापरवाही को देखते हुए पुलिस प्रशासन को एक बार फिर बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान शुरू करना चाहिए। नियमित चेकिंग और सख्त कार्रवाई से ही लोगों में जागरूकता बढ़ेगी और सड़क हादसों में होने वाली मौतों को कम किया जा सकेगा।

बिजली विभाग के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, अघोषित कटौती और बढ़े हुए बिलों पर जताया विरोध

# रैली निकालकर किया बिजली कंपनी मुख्यालय का घेराव

## समस्याएं नहीं सुलझीं तो उग्र आंदोलन की चेतावनी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में अघोषित बिजली कटौती, बढ़े हुए बिजली बिल और बिजली विभाग की कार्यप्रणाली के विरोध में सोमवार को शहर कांग्रेस कमेटी ने बिजली कंपनी मुख्यालय का घेराव किया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में एनएसयूआई, महिला कांग्रेस और कांग्रेस कार्यकताओं ने टॉवर चौक से दोपहिया वाहन रैली निकाली। नारेबाजी करते हुए सभी कार्यकर्ता मुख्यालय पहुंचे और विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान आम नागरिकों ने भी बिजली संबंधी समस्याओं को अधिकारियों के सामने रखा।



### पार्षदों ने भी रखीं वार्डों की समस्याएं

प्रदर्शन के दौरान पार्षद सपना सांखला, प्रेमलता रामी और उषा मालवीय ने अपने-अपने वार्डों में आ रही बिजली संबंधी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया और उनके जल्द समाधान की मांग की। संगठन महासचिव अजय राठौर ने बताया कि कार्यक्रम के अंत में शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने मांगों से संबंधित ज्ञापन का वाचन किया। प्रदर्शन में राजेश राणा, देवव्रत यादव, आनंद मीणा, अभिषेक शर्मा, संचित शर्मा, रहीम लाला, दुर्गेश धवन, वरुण शर्मा, चंद्रभान सिंह चंदेल, बबलू खींची, रमेश सांखला, धीरज यादव, अनवर बाबा, हर्षवर्धन यादव, पवन यादव, दीनू बड़ोदिया, बंटी वसीम, सादिक कुरैशी, अर्पित दुबे, फिरोज पठान, अनवर नागोरी, राजेंद्र राठौर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, पार्षद, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई और कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**बारिश से पहले सुधार नहीं किए, अब जनता परेशान**

प्रदर्शन के दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने कहा कि बारिश शुरू होते ही शहर में बिजली से जुड़ी समस्याएं बढ़ गई हैं। विभाग को मानसून आने से पहले आवश्यक सुधार कार्य पूरे कर लेने चाहिए थे। उन्होंने मांग की कि शहर में अघोषित बिजली कटौती तुरंत बंद की जाए और आम उपभोक्ताओं को दिए जा रहे बढ़े हुए बिजली बिलों में राहत दी जाए।


उन्होंने यह भी कहा कि बिजली हादसों को रोकने के लिए विद्युत पोलों पर सुरक्षा के लिए प्लास्टिक शीट लगाई जाए तथा जोन कार्यालयों में शिकायतों के लिए टेलीफोन अटेंडर की जवाबदेही तय की जाए।

**झूठे प्रकरण बंद नहीं हुए तो होगा उग्र आंदोलन-** नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय ने कहा कि बिजली कंपनी आम लोगों पर झूठे प्रकरण बनाना बंद करे। यदि ऐसा नहीं हुआ तो कांग्रेस मजबूर होकर उग्र आंदोलन करेगी।

# राज्य स्तरीय महर्षि संदीपनी गुरु पर्व की तैयारियों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय महर्षि संदीपनी गुरु पर्व समारोह की तैयारियों के तहत कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने गीता भवन का निरीक्षण कर निर्माण एवं व्यवस्थाओं की प्रगति का जायजा लिया। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर यह राज्य स्तरीय समारोह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में गीता भवन, उज्जैन में आयोजित होगा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह ने अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी से कार्यों की प्रगति की जानकारी ली तथा शेष सभी कार्य 29 जुलाई से पूर्व हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिए।



सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | बुधवार 29 जुलाई, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### लक्षकार ने इंदौर विकास प्राधिकरण में पदभार ग्रहण किया

**इंदौर।** नवागत संभागायुक्त भास्कर लक्षकार ने सोमवार को इंदौर विकास प्राधिकरण में सहअध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया। इंदौर विकास प्राधिकरण कार्यालय में मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े ने भास्कर लक्षकार को पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने पदभार लेने के पश्चात अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर इंदौर विकास प्राधिकरण की वर्तमान में प्रचलित योजनाओं की प्रारंभिक जानकारी ली। इस अवसर पर इंदौर विकास प्राधिकरण के अधीक्षण यंत्री, नियोजक, सलाहकार एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। साथ ही नवागत संभागायुक्त भास्कर लक्षकार ने एनवीडीए का भी पदभार ग्रहण किया।

### मध्यप्रदेश में बनेंगे 275 नए सांदीपनि विद्यालय

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश नदियों का मायका है और खंडवा और निमाड़ क्षेत्र को मां नर्मदा का विशेष आशीर्वाद मिला हुआ है। निमाड़ के किसानों को सिंचाई के लिए मां नर्मदा का जल मिल रहा है। दो दिन बाद गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेश को नए सांदीपनि विद्यालयों की सौगात मिलेगी। प्रदेश में पहले चरण में 275 सांदीपनि विद्यालय स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 136 बनकर तैयार हो चुके हैं और 105 विद्यालयों का लोकार्पण भी हो चुका है। दूसरे चरण में हम 200 नये सांदीपनि विद्यालय बनायेंगे। इन विद्यालयों में विद्यार्थियों को संस्कारों के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदाय की जा रही है। प्रदेश में युवाओं के लिए सर्वसुविधायुक्त नए मेडिकल कॉलेज और विश्वविद्यालय खोले जा रहे हैं। भारत के युवा खेलों में भी देश का मान बढ़ा रहे हैं।

### स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार सोमवार को लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य दोनों विभागों के समन्वित प्रयासों के माध्यम से समुदाय स्तर पर बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराकर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार लाना तथा विभिन्न स्वास्थ्य एवं पोषण कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना था। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी तथा जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री रजनीश सिन्हा ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, पोषण परामर्श, निगरानी, प्रबंधन तथा कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए दोनों विभागों द्वारा संयुक्त रूप से कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### आज ग्राम बिसनखेड़ा में लगेगा राजस्व शिविर



**इंदौर।** आम नागरिकों को राजस्व संबंधी सेवाएं उनके गांव के निकट ही उपलब्ध कराने और समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में राजस्व विभाग द्वारा 29 जुलाई 2026 (बुधवार) को ग्राम बिसनखेड़ा, तहसील कनाड़िया, जिला इंदौर में विशेष राजस्व शिविर आयोजित किया जाएगा। जिला प्रशासन एवं राजस्व विभाग के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस शिविर में विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहकर मौके पर ही नागरिकों के आवेदन स्वीकार करेंगे तथा पात्र प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करेंगे। राजस्व शिविर का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को अधिकतम राजस्व सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है। शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाएगा तथा आवश्यक मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर में नामांतरण (म्यूटेशन), बंटवारा, सीमांकन, खसरा-खतौनी एवं बी-1 नक्शे की प्रतिलिपि, भू-राजस्व संबंधी जानकारी, राजस्व वसूली, शिकायतों का निराकरण, शासकीय भूमि से अतिक्रमण संबंधी कार्यवाही, आय, जाति, निवास एवं भू-स्वामी सहित विभिन्न प्रमाण पत्रों के आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त ऑनलाइन शुल्क भुगतान, डायवर्सन शुल्क भुगतान तथा एमपी भूलेख, ई-डिस्ट्रिक्ट और समग्र पोर्टल से संबंधित सेवाओं की जानकारी एवं सहायता भी नागरिकों को प्रदान की जाएगी।

## नैनो न्यूज

- **इंदौर-उज्जैन क्षेत्र में 6,200 करोड़ का सेमीकंडक्टर निवेश-** मध्य प्रदेश में औद्योगिक निवेश को बड़ी गति मिलने जा रही है। पैरास सेमीकंडक्टर्स ने इंदौर-उज्जैन क्षेत्र में डरअळ (चिप पैकेजिंग एवं टेस्टिंग) यूनिट स्थापित करने के लिए करीब 6,200 करोड़ के निवेश की योजना पर काम आगे बढ़ाया है। इससे हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर बनने की उम्मीद है।
- **भोपाल में 30 हजार व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की आशंका-** भोपाल नगर निगम द्वारा आवासीय क्षेत्रों में संचालित व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच जारी है। व्यापारिक संगठनों ने सरकार से मांग की है कि नई नीति बनने तक नोटिस और कार्रवाई पर रोक लगाई जाए, ताकि छोटे व्यापारियों को राहत मिल सके।
- **औद्योगिक निवेश आकर्षित करने पर सरकार का फोकस-** मध्य प्रदेश सरकार निवेशकों को आकर्षित करने के लिए औद्योगिक परियोजनाओं और सिंगल विंडो सिस्टम को तेजी से आगे बढ़ा रही है। आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में नए निवेश प्रस्तावों पर काम जारी है।

बारिश में डूबी सड़कें, सीवर का पानी घरों तक पहुंचा, देवास रोड पर बसी हाउसिंग बोर्ड की कालोनी

## शहर की 15 साल पुरानी हरसिद्धि विहार कॉलोनी बदहाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

देवास रोड पर बसी हाउसिंग बोर्ड की 15 साल पुरानी हरसिद्धि विहार कॉलोनी में रहवासियों का जीवन बदहाली के बीच कट रहा है। समस्या निवारण शिविर को एक महीने से ज्यादा बीत गए, लेकिन हाउसिंग बोर्ड ने न सफाई कराई, न सड़क बनाई और न ही कॉलोनी को नगर निगम को हैंडओवर किया। नतीजा यह रहा कि बारिश आते ही कॉलोनी डूब गई और रहवासियों का जीना मुहाल हो गया। अपनी समस्याओं को कई बार जिम्मेदारों को बताने के बाद रहवासी फूट-फूट कर रो रहे हैं। कॉलोनी की सड़कें पूरी तरह उखड़ चुकी हैं। बेरोकटोक चल रहे डंपरों ने जो सड़कें बची थी उन्हें भी तोड़ दिया। सबसे बड़ा खतरा - पास की मंगलसिटी और महाकाल एवेन्यू के सीवरेज का गंदा पानी है जो कि सीधे हरसिद्धि विहार में घुस रहा है।

इससे बोरवेल में भी सीवर का पानी पहुंचने का डर अब क्षेत्रवासियों के लिए मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है की15 साल पहले लाखों रुपये देकर प्लॉट लिया था। अब वही घर घाटे का सौदा लग रहा है। हाउसिंग बोर्ड टैक्स के नाम पर मोटी रकम वसूल रहा है, पर सुविधा के नाम पर जीरो। स्थिती यह है कि आज भी हम सड़क, पानी, बिजली की मूलभूत सुविधाओं से वंचित है।

### खाली मकान, जंगली जानवर और शरारती तत्वों का अड्डा

क्षेत्रवासियों ने बताया कि सफाई न होने से हालात और बिगड़ गए हैं। कॉलोनी में दर्जनों मकान खाली पड़े हैं, जो अब खंडहर में तब्दील हो चुके हैं। झाड़ियों और खाली प्लॉटों में शरारती तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। साथ ही जंगली जानवरों का खतरा भी बढ़ गया है। बारिश में सांप-बिच्छू घरों तक पहुंच रहे हैं।

### नगर निगम को हैंडओवर करो - नीतू गुप्ता



हरसिद्धि विहार विकास समिति अध्यक्ष नीतू गुप्ता का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने कहा शिविर में सारी समस्या बताई थी। हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष ओम जैन ने हैंडओवर का आश्वासन भी दिया था। एक महीने से ज्यादा हो गया, लेकिन फाइलें अब भी धूल खा रही हैं। हमें बिजली, सड़क, पानी जैसी बुनियादी सुविधा चाहिए, इसलिए कॉलोनी को तुरंत नगर निगम को हैंडओवर करो।

## दो विभाग की संयुक्त टीमें बच्चों की कर रही स्वास्थ्य जांच

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

स्टॉप डायरिया कैम्पेन के तहत स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त टीमें घर-घर जाकर पांच वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर रही हैं। अभियान का उद्देश्य बाल्यकालीन बीमारियों की समय रहते पहचान, त्वरित उपचार तथा जरूरत पड़ने पर रेफरल सुनिश्चित करना है। मुख्य चिकित्सा डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि डायरिया से होने वाली शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से इस वर्ष अभियान डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान थीम पर संचालित किया जा रहा है।

## छात्र आंदोलन का असर, अभ्यर्थियों को मिला उत्तर पुस्तिका देखने का अधिकार, इस वर्ष से होगा लागू

इंदौर स्थित मुख्यालय में कंप्यूटर स्क्रीन पर प्रति अभ्यर्थी 2 से 4 मिनट का समय दिया जाएगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग ने पिछले 5 वर्षों से उत्तर पुस्तिकाओं को दिखाने पर लगाई गई रोक को हटाने का निर्णय लिया है। विगत वर्षों और 2023 में अभ्यर्थियों द्वारा किए गए विशाल आंदोलनों में उत्तर पुस्तिकाएं दिखाए जाने की मांग सर्वप्रमुख रही थी। आयोग अब राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2019 से लेकर 2024 तक की उत्तर पुस्तिकाएं अभ्यर्थियों को दिखाएगा। यह नई व्यवस्था इसी वर्ष नवंबर माह से लागू कर दी जाएगी। छात्रों की लंबे समय से चल रही इस मांग को आखिरकार आयोग ने स्वीकार कर लिया है। नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन के छात्र नेता रणजीत किसानवंशी ने कहा कि यह निर्णय छात्रों की जीत है। छात्र लंबे समय से इसकी मांग कर रहे थे। छात्र आंदोलनों में भी यह मुद्दा हमने हमेशा प्रमुखता से उठाया है।

अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण विवाद न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण परीक्षाओं के परिणाम दो अलग भागों में घोषित किए जा रहे हैं। इसी कारण फिलहाल मुख्य भाग में शामिल 87 प्रतिशत अभ्यर्थियों को ही अपनी उत्तर पुस्तिकाएं देखने का अवसर प्राप्त होगा। वहीं दूसरी ओर प्रोविजनल भाग में रोके गए शेष 13 प्रतिशत अभ्यर्थियों को अपनी कॉपियां देखने के लिए न्यायालय के अंतिम निर्णय की प्रतीक्षा करनी होगी। इसके अतिरिक्त आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि अगस्त में प्रस्तावित राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2025 और सितंबर में आयोजित होने वाली मुख्य परीक्षा 2026 की उत्तर पुस्तिकाएं भी अभ्यर्थियों को दिखाई जाएंगी।

### कंप्यूटर स्क्रीन पर कॉपियां देखने की तय प्रक्रिया

उत्तर पुस्तिकाओं को देखने की संपूर्ण प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से संपन्न कराया जाएगा। वर्ष 2019 से 2024 तक की मुख्य परीक्षाओं में सम्मिलित अभ्यर्थी आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकेंगे। इस प्रक्रिया का शुभारंभ नवंबर माह में 2019 के अभ्यर्थियों के साथ किया जाएगा, जिसके पश्चात प्रति माह एक या दो मुख्य परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाएं दिखाई जाएंगी।

### रेसीडेंसी स्थित मुख्यालय में की जाएगी व्यवस्था

आवेदक अभ्यर्थियों को आयोग के इंदौर स्थित रेसीडेंसी मुख्यालय पर आमंत्रित किया जाएगा। वहां मुख्य हॉल में स्थापित किए गए कंप्यूटर सिस्टम्स के माध्यम से प्रत्येक घंटे 25 से 30 अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। अभ्यर्थी अपने द्वारा किए गए आवेदन के अनुसार एक से लेकर सभी 6 प्रश्न पत्रों की कॉपियां देख सकेंगे। प्रत्येक अभ्यर्थी को स्क्रीन पर उत्तर पुस्तिका का अवलोकन करने के लिए दो से चार मिनट का समय प्रदान किया जाएगा।

### आयोग ने लिया निर्णय

विगत वर्षों और 2023 में अभ्यर्थियों द्वारा किए गए विशाल आंदोलनों में उत्तर पुस्तिकाएं दिखाए जाने की मांग सर्वप्रमुख रही थी। पूर्व में आयोग 13 प्रतिशत परिणाम रोके जाने का हवाला देते हुए इस मांग को मानने के लिए तैयार नहीं था, किंतु अब कानूनी सलाह प्राप्त होने के बाद इस प्रक्रिया को आरंभ किया जा रहा है। इसके संबंध में निर्धारित शुल्क और विस्तृत दिशा-निर्देश शीघ्र ही आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दिए जाएंगे।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन की कार्रवाई

## बिना लाइसेंस संचालित हो रहा प्रतिष्ठान कराया बंद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मिलावटी एवं अमानक खाद्य पदार्थों के विरुद्ध विशेष अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आयुक्त, खाद्य सुरक्षा, मध्यप्रदेश एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, मध्यप्रदेश के निर्देशों तथा कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन, इंदौर द्वारा सोमवार को दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा बाहरी राज्यों से इंदौर आने वाले खाद्य पदार्थों की सघन जांच हेतु विशेष निरीक्षण एवं सैंपलिंग अभियान चलाया गया।

कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा 04 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर कुल 31 खाद्य नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए। इसके अतिरिक्त दो प्रतिष्ठानों से 2,165 किलोग्राम/लीटर से अधिक संदिग्ध घी, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 12.21 लाख है, विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्त होने तक नियमानुसार जब्त किया गया। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा 34-इ, ऋषि पैलेस, द्वारकापुरी के पीछे, सुदामा नगर, इंदौर स्थित मेसर्स श्री इंटरप्राइजेज का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान की प्रोपराइटर श्रीमती उर्मिला श्रीवास्तव एवं संचालक श्री जितेन्द्र श्रीवास्तव के पास खाद्य कारोबार संचालन हेतु आवश्यक वैध खाद्य लाइसेंस उपलब्ध नहीं पाया गया। बिना वैध अनुज्ञप्ति के खाद्य कारोबार संचालित किया जाना पाए जाने पर जनस्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए प्रतिष्ठान को तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया गया। निरीक्षण के दौरान परिसर में विभिन्न ब्रांड के घी का बड़े पैमाने पर भंडारण पाया गया।

प्रेम विवाह पर परिवार का विरोध, निभाई गोरनी रस्म

## बेटी की तस्वीर जलाकर सभी रिश्ते किए खत्म

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के खाचरौद में एक परिवार ने ऐसा कदम उठाया, जिसने पूरे इलाके को झकझोर दिया। अलग समाज के युवक से प्रेम विवाह करने पर नाराज परिजनों ने अपनी 18 वर्षीय जीवित बेटी का प्रतीकात्मक अंतिम संस्कार कर दिया। उन्होंने बेटी की तस्वीर जलाई, 'गोरनी' की रस्म निभाई और घोषणा कर दी कि आज से वह उनके लिए मृत समान है। घटना खाचरौद शहर की है, जहां प्रजापति समाज के लोगों की मौजूदगी में यह पूरा कार्यक्रम किया गया। परिवार के अनुसार, उनकी बेटी पेशे से मेकअप आर्टिस्ट है और उसकी उम्र करीब 18 वर्ष 2 माह है। आरोप है कि उसने अपनी पसंद से दूसरे समाज के युवक से प्रेम विवाह कर लिया।

### युवती ने माता-पिता और दोनों भाइयों को पहचानने मनाकर दिया

परिजनों का कहना है कि उन्होंने बेटी को कई बार समझाने का प्रयास किया। मामला पुलिस थाने तक भी पहुंचा, जहां परिवार ने उसे घर लौटने के लिए कहा, लेकिन युवती अपने निर्णय पर अडिग रही। परिजनों का आरोप है कि थाने में युवती ने माता-पिता और दोनों भाइयों तक को पहचानने से इनकार कर दिया। इससे आहत होकर परिवार ने यह कठोर निर्णय लिया।

### ऐसे किया प्रतीकात्मक अंतिम संस्कार




बेटी की तस्वीर को अग्नि देकर प्रतीकात्मक अंतिम संस्कार किया गया। समाज की पारंपरिक 'गोरनी' रस्म निभाकर परिवार ने उससे सभी रिश्ते समाप्त करने की घोषणा की। इस रस्म के बाद त्याग किए गए परिवार के सदस्य से परिवार के अन्य सदस्यों का कोई रिश्ता या जुड़ाव नहीं रह जाता है।

### बेदखल करने की घोषणा

पिता और दोनों भाइयों ने सार्वजनिक रूप से ऐलान किया कि आज से बेटी के साथ उनके सभी पारिवारिक और सामाजिक संबंध समाप्त हैं। इस दौरान पिता और दोनों भाई भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि बेटी का बड़े स्नेह और संघर्ष के साथ पालन-पोषण किया था, लेकिन अब उससे सभी रिश्ते खत्म कर रहे हैं।

**समाजजनों ने कहा-** समाज के लोगों ने कहा कि यह कदम उन युवतियों के लिए संदेश है, जो यह सोचती हैं कि केवल वही अपने माता-पिता का त्याग कर सकती हैं। उनका कहना था कि माता-पिता भी ऐसी स्थिति में अपनी बेटी से संबंध समाप्त करने का निर्णय ले सकते हैं। परिवार ने केंद्र और राज्य सरकार से मांग की है कि ऐसे मामलों में विवाह पंजीकरण से पहले माता-पिता को सूचना देने की व्यवस्था की जाए, ताकि उन्हें भी अपना पक्ष रखने का अवसर मिल सके।

## वर्दी की आड़ में दरिंदगी, हेड कांस्टेबल गिरफ्तार

### सीएम हेल्पलाइन जांच के बहाने महिला से बढ़ाया संपर्क

### दुष्कर्म, ब्लैकमेल और जान से मारने की धमकी देने के आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर पुलिस ने अपने ही विभाग के एक कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए चंदन नगर थाने में पदस्थ हेड कांस्टेबल अंचल तिवारी को दुष्कर्म, ब्लैकमेल और धमकाने के गंभीर आरोपों में गिरफ्तार किया है। मामले के सामने आने के बाद पुलिस महकमे में भी हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार आरोपी हेड कांस्टेबल ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायत की जांच के बहाने एक मुस्लिम महिला से संपर्क बढ़ाया। आरोप है कि उसने महिला के घर में अकेला होने का फायदा उठाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी ने कथित रूप से अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर महिला को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया।

पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसके पति और बेटी की हत्या करने की धमकी देकर कई बार उसका शारीरिक शोषण किया। लगातार प्रताड़ना से परेशान महिला ने आखिरकार हिम्मत जुटाई और इंदौर पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी जोन-4 ने तत्काल जांच के आदेश दिए। प्रारंभिक जांच में आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए जाने पर आरोपी हेड कांस्टेबल को पहले लाइन अटैच किया गया।

बलात्कार, ब्लैकमेल की शिकायत पुलिस जांच में, महिला का आरोप 10 दिन बीतने पर भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की

## महामंडलेश्वर एवं महिला ने लगाए एक दूसरे पर आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ-28 के पूर्व संतों पर आरोप प्रत्यारोप का दौर देखने को मिल रहा है। निमोर्ही अखाडा के महामंडलेश्वर एवं दादू आश्रम संचालक ज्ञानदास महाराज पर एक महिला ने बलात्कार का आरोप लगाया है। वहीं महामंडलेश्वर का कहना है कि महिला उन्हें ब्लैकमेल करते हुए 22 लाख की मांग कर रही है। महाकाल थाना पुलिस को दोनों ही पक्षों ने शिकायती आवेदन दिए हैं। थाना प्रभारी गगन बादल के अनुसार दोनों पक्षों की शिकायत और उसके साथ दिए गए तथ्यों पर जांच जारी है।

दादू आश्रम सदावल रोड से जुड़े महामंडलेश्वर ज्ञानदास महाराज के विरूद्ध बलात्कार, मारपीट, धमकी और ब्लैकमेल करने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए महिला ने पुलिस को शिकायत की है। महिला का कहना है, शिकायत किए 10 दिन से अधिक समय बीतने के बाद भी पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की। इसके बाद उसने गृह मंत्री, डीजीपी, आइजी और एसपी को शिकायत भेजकर कार्रवाई की मांग की है। महामंडलेश्वर ज्ञानदास महाराज का शिकायत में कहना है कि महिला मुझे एक साल से ब्लैकमेल कर रही है।

### खीर में नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश किया

महिला ने महाकाल थाना पुलिस को शिकायत की कि करीब डेढ़ वर्ष पहले उसकी मुलाकात दत्त अखाड़ा आश्रम में महामंडलेश्वर ज्ञानदास महाराज से हुई थी। बातचीत के दौरान महाराज ने गौशाला और सामाजिक कार्यों में सहयोग की बात कही। इसके बाद वह उनके साथ सामाजिक गतिविधियों से जुड़ गई। महिला का दावा है, इसके लिए उसे मासिक वेतन दिया जाता था। महिला ने आरोप लगाया कि वर्ष 2025 की गुरु पूर्णिमा पर वह अपने भाई के साथ आश्रम पहुंची। सुबह से रात तक आश्रम में रहने के बाद जब उसने घर लौटने की बात कही तो महाराज ने कथित रूप से उसके भाई को घर भेजने और उसे स्वयं आश्रम में रुकने को कहा। महिला का कहना है, आश्रम में मौजूद दो महिलाओं ने भी उसे वहीं रुकने के लिए कहा। इसके बाद रात में उसे खीर खिलाई गई।

### पिछले एक वर्ष से ब्लैकमेल कर रही

महामंडलेश्वर ज्ञानदास महाराज की और से भी महिला के विरूद्ध महाकाल थाना पुलिस को शिकायत करते हुए बताया गया है कि महिला ने सोश्यल मिडिया पर स्वयं दोस्ती की । उसके बाद महिला धीरे-धीरे दबाव बनाते हुए पैसा लेती रही। अब 22 लाख की मांग करते हुए बलात्कार के मामले में फंसाने की धमकी दी जा रही है। इसे लेकर महाराज ने पुलिस को सोश्यल मिडिया के साक्ष्य भी दिए हैं। संत समाज की और से सामने आ रहा है कि महाराज राजस्थान से वर्षों पूर्व आए हैं। वर्ष 2016 सिंहस्थ के दौरान इन्हें महामंडलेश्वर की पदवी अखाडा प्रमुख राजेन्द्रदास जी महाराज ने दी थी।

**दोनों शिकायतों के तथ्यों की जांच जारी-** महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल के अनुसार, मामले में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायतें दी हैं। ज्ञानदास महाराज ने महिला पर ब्लैकमेल करने के आरोप लगाए हैं, जबकि महिला ने बलात्कार, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की शिकायत की है। दोनों शिकायतों की जांच जारी है। यह बात भी सामने आई है कि ज्ञानदास महाराज ने आश्रम में रह रही एक अन्य महिला से शादी कर रखी है। इससे संबंधित दस्तावेज उन्होंने पुलिस को सौंपे हैं। संबंधित महिला आश्रम में उनके साथ रहती है।

## पीजी कॉलेज में नई शिक्षा नीति 2020 पर कार्यशाला आयोजित



**खरगोन।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में महिला सशक्तिकरण समिति,समाजशास्त्र विभाग और अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नई शिक्षा नीति एवं नवीन स्नातक पाठ्यक्रम की जानकारी के लिए विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कला संकाय प्रभारी डॉ. वंदना बर्वे ने नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत लागू नवीन स्नातक पाठ्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि नई शिक्षा प्रणाली विद्यार्थी.केंद्रित, लचीली एवं बहुविषयक है। उन्होंने क्रेडिट आधारित प्रणाली, मेजर एवं माइनर विषयों की अवधारणा को सरल ढंग से समझाया। वैल्यू एडेड कोर्सए स्किल आधारित पाठ्यक्रम, इंटर्नशिप और फील्ड प्रोजेक्ट के महत्व पर प्रकाश डाला। महिला सशक्तिकरण समिति की प्रभारी डॉ. ललिता बर्गे ने कहा कि यह नीति विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, कौशल संवर्धन और रोजगार के बेहतर अवसरों का मार्ग प्रशस्त करती है। डॉ. रंजिता पाटीदार ने नई परीक्षा प्रणाली के अंतर्गत सीसीई, आंतरिक मूल्यांकन, प्रोजेक्ट, साक्षात्कार, रेंडम टेस्ट एवं फील्ड प्रोजेक्ट की प्रक्रिया की जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. रमेश चौहान, डॉ. सीएस चौहान, प्रो. मनोज भार्वे, डॉ. तुषार जाधव, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के डॉ. गणेश पाटिल, डॉ. संगीता पाटीदार, प्रो. जगदीश पवारा एवं प्रो. सोनिका बघेल सहित महाविद्यालय का शैक्षणिक स्टॉफ उपस्थित रहा। कार्यशाला के अंत में विद्यार्थियों ने नई शिक्षा नीति से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा विस्तारपूर्वक समाधान किया।

## अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद–राष्ट्रीय बजरंग दल की मालवा प्रांत बैठक उज्जैन में संपन्न हुई

**खंडवा।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल की दो दिवसीय मालवा प्रांत बैठक का आयोजन 25-26 जुलाई 2026 को उज्जैन में प्रारंभ हुआ। बैठक में मालवा प्रांत के विभिन्न जिलों से संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। बैठक में संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों तथा ₹25 लाख घर संपर्क महाअभियान₹ की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। यह अभियान गुरु पूर्णिमा (29 जुलाई) से विजयादशमी (20 अक्टूबर 2026) तक चलाया जाएगा। अभियान के माध्यम से सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार, संगठन को मजबूत बनाने तथा अधिक से अधिक परिवारों तक पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में आगामी धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे जन्माष्टमी, गणेशोत्सव, नवरात्रि, दीपावली एवं विजयादशमी को समाज के व्यापक सहयोग से मनाने की रणनीति भी बनाई गई। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कार्यकताओं से समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचकर सेवा, संस्कार और संगठन के कार्यों को गति देने का आह्वान किया। इस अवसर पर मालवा प्रांत के सभी जिलों के पदाधिकारियों ने अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया तथा संगठन को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने की बात कही। बैठक में राष्ट्रहित, समाज सेवा और सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन पर भी विशेष जोर दिया गया।

## लायन्स क्लब व लियो क्लब खण्डवा ने निकाली निशान यात्रा



**खण्डवा।** लायन्स क्लब खण्डवा खण्डवा व लियो क्लब खण्डवा द्वारा गुरु पूर्णिमा पर्व पर 22 वे वर्ष भी दो दिवसीय भंडारे का आयोजन लायन्स क्लब खण्डवा द्वारा नियमित संचालित लायन्स प्याऊ व लायन्स भोजन सेवा केंद्र रेल्वे स्टेशन रोड़ पर किया जा रहा है।जानकारी देते हुए नारायण बाहेती ने बताया कि लायन्स क्लब खण्डवा अध्यक्ष घनश्याम वाधवा सचिव हेमलता पालीवाल कोषाध्यक्ष पवन लाड़ लियो क्लब खण्डवा अध्यक्ष अभिषु शर्मा सचिव शिवम जायसवाल कोषाध्यक्ष पवन जायसवाल के नेतृत्व में 27 जुलाई सोमवार को श्री दादाजी की निशान यात्रा लायन्स भवन जिला चिकित्सालय परिसर के सामने श्री दादाजी व निशान का विधि विधान से पूजन किया गया। निशान यात्रा लायन्स भवन से प्रारम्भ होकर बेंड बाजे व श्री दादाजी के नाम का स्मरण करते हुए श्री दादाजी धाम पहुँची व श्री दादाजी को निशान पेश कर सभी के सुख समृद्धि की प्रार्थना की।तैयारी बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार 28 व 29 जुलाई को पदाधिकारियों के साथ ही कार्यक्रम संयोजक नारायण बाहेती, राजीव शर्मा,अणिमा उबेजा, राजेन्द्र अग्रवाल, सरदार सिंह तंवर,दिनेश श्रीवंश ,शरद खण्डेलवाल,लियो सुमित परिहार के मार्गदर्शन में सब्जी पूड़ी, खिचड़ी,भजिये का वितरण किया जाएगा।इस वर्ष भी आशा उपाध्याय,योगेश मेहता,अजय लाड़, प्रिया कारले व अपूर्व उपाध्याय के नेतृत्व में सतत आर ओ वाटर सेवा जारी रहेगी। राजीव मालविय नानक बजाज,प्रतिमा अरोरा,अर्पित बाहेती, रुपाली सोलंकी के नेतृत्व में भक्तों के ठहरने के लिए लायन्स भवन व लायन्स भोजन शाला व अन्य स्थान उपलब्ध कराएगा।लायन्स सहायता व पूछताछ केंद्र के माध्यम से लोगो की सेवा की जावेगी। श्री दादाजी की निशान यात्रा में पदाधिकारी के साथ ही सुनीता परिहार, राकेश मालवीय, हेमा बाहेती,केतन वर्मा, नितिन राठौड़ ,राजन बहैल सहित बड़ी संख्या में लायन,लियो परिवार के महिला पुरुष सम्मिलित हुए। लायन्स व लियो ने सभी से प्रसादी ग्रहण व सेवा में सहयोग की अपील की।

## देवझिरी का स्वयंभू शिवलिंग बना मप्र की पहचान

**खंडवा।** जिला मुख्यालय खंडवा से 25 किलोमीटर दूर ग्राम भोजखेड़ी के स्थित भगवान भोलेनाथ का स्वयंभू शिवलिंग प्रकति की गोद में स्थित है, सोमवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के खंडवा आगमन पर देवगिरी में स्थित स्वयंभू शिवलिंग की जानकारी बताई गई। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री यादव को बताया गया कि यहां स्वयंभू शिवलिंग है जिस पर 12 महीना जलाभिषेक होता रहता है इस पर मुख्यमंत्री श्री यादव ने भी जाना की ऐसा सिद्ध स्थल कहां है।

# श्री दिगंबर जैन पार्श्वनाथ बड़ा मंदिर में सिद्ध चक्र मंडल विधान किया गया, पंचामृत अभिषेक भी किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सनावद



आषाढ़ माह की अष्टानिका की चौदस पर श्री पार्श्वनाथ बड़ा मंदिर में बड़े भक्ति भाव एवम हसोर्लास से सुनील पुष्पा जैन पावणा परिवार एवं श्रीमती विनोदिनी स्व.चांदमल जैन, श्रीमती रक्षा स्व.प्रेमचंद जैन परिवार के द्वारा सिद्ध चक्र मंडल विधान मनाया गया ।

सन्मति काका ने बताया की इस अवसर पर प्रातः श्रीजी का पंचामृत अभिषेक सामूहिक पूजन कर किया गया। एवम दोपहर मेंआचार्य श्री 108 विप्रणत सागर जी द्वारा रचित सिद्धचक्र मंडल विधान के 120 अर्घ्य समर्पित किए गए ।

प्रशांत चौधरी ने सिद्धचक्र महामंडल विधान की महिमा बताते हुवे कहा की ये आयोजन में सिद्धों की आराधना करने व सिद्ध भगवान के गुण अनुभाव का अवसर हमें प्राप्त हुआ है। सिद्ध भगवान तीनों कर्म मलों से रहित हो गए हैं। देह से रहित अनंत काल तक आनंद में विराजते हैं। उन्होंने कहा कि हम अपने दैनिक जीवन में मन से, वचन से,काय से, गलत काम करना, कराना एवं करने वाले की अनुमोदना करना, क्रोध के कारण, मान के कारण, माया के कारण, लोभ के कारण, किसी गलत कार्य को करने का विचार करना, गलत कार्य करने के साधन जुटाना एवं कार्य को प्रारंभ करना इस प्रकार से कुल 108 प्रकार के पापों का आश्रव करते रहते हैं।इसी कड़ी में रात्री में मंदिर जी सामूहिक भक्ति आरती भी की गई।

इस अवशर पर सुनील पावणा,, सुदेश जटाले,कमल केके, राहुल स्वास्तिक,महावीर जैन, सुधीर चौधरी प्रीति जटाले, अंशुमा सराफ, प्रियंका पंचोलिया, भानु बाई, ,मीना जटाले वर्षा जैन, रेणु जैन, अप्सरा जटाले,सहित अनेक समाजजन उपस्थित थे।

### अखिल भारतीय चंवर वंश महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में

## रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खरगोन



युवा समाजसेवी पुष्पेन्द्र सागोरे का जन्मदिवस मंगलवार को रक्तदान शिविर आयोजित कर सेवा भाव के साथ मनाया गया। शिविर में बड़ी संख्या में समाजसेवियों एवं युवाओं ने भाग लेकर रक्तदान किया। पुष्पेन्द्र सागोरे पिछले लगभग पाँच वर्षों से निःस्वार्थ भाव से समाज सेवा में सक्रिय हैं। वे रक्त की आवश्यकता वाले मरीजों की सहायता, थाना एवं न्यायालय संबंधी जरूरतमंद लोगों का सहयोग तथा गरीब परिवारों की माताओं, बहनों और युवाओं की हर समय मदद के लिए तत्पर रहते हैं। कम उम्र में समाज सेवा के क्षेत्र में उनकी सक्रियता और समर्पण के कारण वे जिले में एक अलग पहचान बना चुके हैं।

जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में संत रविदास समाज समिति खरगोन के अध्यक्ष रेवाराम तावड़े, उपाध्यक्ष अशोक बछाने, रविन्द्र वर्मा, पुष्पेन्द्र यादव, समाजसेवी राहुल वर्मा (रायबड़पुरा), अशोक सूरागे सहित अनेक समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाजसेविका श्रीमती माया खोड़े एवं श्रीमती मालती चन्देल ने भी सहभागिता की। रक्तदान शिविर में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, सीएमएचओ, सिविल सर्जन, ब्लड बैंक के अधिकारी तथा जिला अस्पताल के कर्मचारी एवं अधिकारी भी मौजूद रहे। सभी के सहयोग से रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।कार्यक्रम के अंत में सभी ने पुष्पेन्द्र सागोरे को जन्मदिवस की शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं निरंतर समाज सेवा के लिए मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं।₹रक्तदान महादान₹ का संदेश देते हुए उपस्थित लोगों ने अधिक से अधिक लोगों से स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की।

## हत्या के मामले में छह अभियुक्तों को आजीवन कारावास

**खंडवा।** चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश वीरेन्द्र जोशी की न्यायालय ने हत्या के प्रयास एवं हत्या के एक मामले में छह अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। न्यायालय ने अभियुक्त करण पिता कैलाश, सकाराम उर्फ साहुकार पिता जयसिंह, भुरेलाल पिता सकाराम, करू उर्फ करण पिता मदन, रमेश पिता साहुकार उर्फ सकाराम तथा देवराज उर्फ देवा पिता गेंदालाल, सभी निवासी ग्राम लालमाटी, थाना पिपलोद, को विभिन्न धाराओं में दोषी ठहराया। सभी अभियुक्तों को आजीवन कारावास एवं 2-2 हजार रुपये अर्थदंड, धारा 307/149 के तहत 5-5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1500-1500 रुपये अर्थदंड, 3-3 वर्ष का कारावास एवं 1000-1000 रुपये अर्थदंड तथा धारा 148 के तहत 6-6 माह का सश्रम कारावास से दंडित किया है।

### राजस्थान की भेड़ चट कर रही निमाड़ के पशुओं का चारा

# पशुपालकों ने की प्रवेश पर रोक की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खरगोन



राजस्थान से जिले में आने वाली लाखों भेड़ो के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग तेज हो गई है। निमाड़ के पशुपालको ने अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर को ज्ञापन सौंपकर सख्ती के साथ वर्षाकाल बाद जिले में आने वाली राजस्थानी भेड़ों के प्रवेश पर रोक की मांग की। कलेक्टर कार्यालय पहुचे पशुपालको ने ज्ञापन में बताया कि राजस्थान से भेड़ो के झुण्डों को लेकर आने वाले चरवाहे बिना किसी प्रशासनिक अनुमति के हमारे क्षेत्र की चरनोई भूमियो पर अपनी भेड़ो को चरा देते है, जिससे हमारे गोवंश एवं अन्य पशुओं को हरी घास नही मिल पाती है।

भेड़ो की संख्या इतनी अधिक होती है कि देखते ही देखते मैदानों में उगी घास को कुछ ही घंटों में साफ कर देती है। जब स्थानीय पशु पालकों द्वारा राजस्थान के चरवाहों को रोका जाता है तो वे विवाद की स्थिति बनती है। कई बार मारपीट की घटनाएं भी सामने आ चुकी है। हजारों की संख्या में आने वाली इन भेड़ों के कारण जिले के मवेशियों को चारा नही मिल पाता और पशुपालको को मजबूरन महंगा चारा खरीदना पड़ता है, जिससे आर्थिक बोझ बढ़ता है। पशुपालको ने बताया कि राजस्थान से आने वाली भेड़ो के कारण गाजरघास, चरोटा, विलायती बबूल, सफेद फूलवाला चारा सहित अन्य खरपतवार तेजी से फैल रहे है। राजस्थान की भेड इन सभी खरपतवार को खाती है और फिर अपने मल के माध्यम से इन घातक खरपतवारो के बीजों को चरनोई एवं खेती की उपजाऊ जमीन में तेजी से फैलती है।

## गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने हेतु प्रार्थना पत्र सौंपा

**खंडवा** । गौ-सम्मान अभियान के अंतर्गत सोमवार को गौ सम्मान अभियान यात्रा निकाली गई एवं कलेक्टर को मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और राष्ट्रपति के नाम प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसमें गौ माता को राष्ट्र माता का सम्मान मिले, गोचर भूमि अतिक्रमण मुक्त हो, गौवंश वध बंद करने के लिए केंद्रीय कानून बनाने सहित अनेक मांगे की गई है। गौ माता के सम्मान हेतु पूरे देश में यह यात्रा निकालकर ज्ञापन प्रस्तुत किए गए। जिला मुख्यालय खंडवा मे भी यह यात्रा गौरीकुंज सभागृह से प्रारंभ होकर महाराणा प्रताप तिराहा होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंची।

## मिर्च फसल में एकीकृत पोषक तत्व, कीट प्रबंधन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी




मिर्च फसल में एकीकृत पोषक तत्व, कीट प्रबंधन की जानकारी हेतु जिले के कृषकों को उद्यानिकी विभाग द्वारा जागरूक किया जा रहा है। इस हेतु ग्राम आमझिरी विकासखण्ड पानसेमल, ग्राम जोड़ाई विकासखण्ड राजपुर, ग्राम सेमली विकासखण्ड पाटी में मिर्च फसल में एकीकृत पोषक तत्वन, कीट प्रबंधन, जैविक/प्राकृतिक खेती एवं मार्केटिंग आदि विषय पर प्रशिक्षण दिया गया।

मिर्च में जैविक खेती के संबंध में बताया कि मिर्च फसल के बीच में बारामासी, अम्बाड़ी के पौधें लगाने से सफेद मक्खी का काफी हद तक नियंत्रण किया जा सकता है। साथ ही अन्य जैविक उत्पाद के साथ ही यांत्रिक, रासायनिक विधियों से मिर्च फसल में वायरस एवं एफिड, जैसिड, सफेद मक्खी, हरा मच्छर, माहो आदि के प्रकोप से नियंत्रण हेतु जानकारी दी गई। मिर्च की उन्नत खेती के बारे में एवं वायरस प्रतिरोधी किस्मो के रोपण, नर्सरी में सीडलींग पर वायरस की रोकथाम के उपाय आदि अपनाने की सलाह दी गई।

## बिना अनुमति 8 माह से अनुपस्थित वनरक्षक को अंतिम सूचना पत्र जारी

बुरहानपुर। बुरहानपुर वनमंडल के वनमंडलाधिकारी - सामान्य विद्याभूषण सिंह ने वनरक्षक रविराज रावत को लंबे समय से बिना अनुमति ड्यूटी से अनुपस्थित रहने के आरोप में अंतिम सूचना पत्र जारी किया है। वन विभाग के अनुसार, वनरक्षक रविराज रावत 30 नवंबर 2024 से बिना किसी पूर्व सूचना या अनुमति के लगातार ड्यूटी पर नहीं आ रहे हैं। विभाग ने इससे पहले भी पंजीकृत डाक के माध्यम से कई बार उन्हें कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश भेजे थे, लेकिन उनकी ओर से कोई जवाब नहीं मिला। वनमंडलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि सूचना पत्र जारी होने की तारीख से 7 दिन के भीतर रविराज रावत कार्यालय में उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण दें। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि तय समय में वे उपस्थित नहीं होते हैं, तो इसे शासकीय सेवा का त्याग माना जाएगा। इसके बाद मध्य प्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील नियम, 1966 के प्रावधानों के तहत उनकी सेवा समाप्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

## ऑल इज वेल हॉस्पिटल द्वारा खड़की में नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर



**बुरहानपुर।** ऑल इज वेल हॉस्पिटल द्वारा रविवार 27 जुलाई को ग्राम पंचायत खड़की में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को उनके गांव में ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना था। शिविर में ऑल इज वेल हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ. कैलाश और डॉ. अकरम खान - जनरल फिजिशियन ने मरीजों का परीक्षण कर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया। चिकित्सकों ने सभी को मौसमी विकारों से बचाव और सुरक्षित रहने के उपाय बताए। शिविर में सभी मरीजों का निःशुल्क जनरल चेकअप और ब्लड प्रेशर जांच की गई। शिविर में 47 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर के सफल आयोजन में ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा-निर्देशन के साथ ही ग्राम पंचायत खड़की के सरपंच और सचिव का विशेष सहयोग रहा। अस्पताल प्रशासन ने कहा कि भविष्य में भी ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि दूर-दराज के लोगों को भी समय पर चिकित्सा सुविधा मिल सके।

## कलेक्टर ने की स्वीकृत की आर्थिक सहायता राशि

**बड़वानी।** कलेक्टर एवं दावा निपटान आयुक्त श्रीमती जयति सिंह ने टक्कर मारकर भागना मोटरयान दुर्घटना के अंतर्गत पिपल्याडेब पुलिया के पास 06 जुलाई 2024 को घोर उपहति हुई। ग्राम लफनगांव निवासी श्री सुनिल पिता रजलिया को प्रतिकर के रूप में 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। प्रति मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय बडवानी में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 68 आवेदकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना एवं प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं का निराकरण समय सीमा में और प्रभावी ढंग करने के निर्देश दिए ताकि आम जनता को अपने शिकायत एवं समस्या का निराकरण प्राप्त हो सके। जनसुनवाई में ग्राम निहाली निवासी श्रीमति मंजूबाई पति स्व. मांगीलाल किराड़े ने आवेदन देकर बताया कि उनके पति की मृत्यु जनवरी 2026 को हो गई है। पति की मृत्यु के 7 माह पश्चात भी उन्हे विधवा पेंशन पंचायत द्वारा स्वीकृत नही की गई है। इस पर जनसुनवाई कर रही कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने आवेदन में कार्यवाही हेतु सामाजिक न्याय विभाग को निर्देशित किया। सामाजिक न्याय विभाग ने आवेदन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए जनसुनवाई के पश्चात मंजूबाई की विधवा पेंशन स्वीकृत कर दी।

## प्रधानमत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण की स्वीकृति करवाई

**बुरहानपुर।** जनसुनवाई में ग्रामीणो ने सामुहिक रूप से आवेदन देकर बताया कि जनपद पंचायत उमेदड़ा से ग्राम रातड़ियामाल तक लगभग 6 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जाना अतिआवश्यक है। उक्त सड़क जीर्ण-शीर्ष होने से ग्रामवासियो को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। सड़क खराब होने से एम्बुलेंस, पुलिस, जननी एक्सप्रेस आदि वाहन ग्राम तक नहीं पहुंच पा रहे है। ग्रामीणों को निजी संसाधनो से खराब सड़क से बीमार हुये व्यक्तियो को लाना-ले जाना पड़ता है। जिससे विलम्ब होने पर जान का खतरा भी बना रहता है। अतः ग्रामीणो की समस्या को दृष्टिगत रखते हुये प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण की स्वीकृति दिलवाई जाये । इस पर जनसुनवाई कर रही कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने उक्त आवेदन को एमपीआरआरसीए को भेजकर निराकरण करने हेतु निर्देशित किया । जनसुनवाई में ग्राम छोटा बड़दा निवासी श्री कैलाश पिता दशरथ सस्तिया ने आवेदन देकर बताया कि उनकी दो पुत्रिया आयुसी व सायरा है। उनकी पत्नी की समग्र आईडी में दो पुत्रियों का नाम जुड़ा नहीं होने से स्कूल में भर्ती नहीं कर पा रहे है। अतः कुमारी आयुसी व सायरा का नाम पत्नी श्रीमती रखाबाई की समग्र आईडी में नाम जुड़वाने के निर्देश दिये जाये ।

## इनरव्हील क्लब ने दिये पंपूरी हास्पिटल में 10 डायलाइजर

**खण्डवा।** किडनी रोग से ग्रसित मरीज के उपचार हेतु किए जाने वाले डायलिसिस में डायलाइजर जरूरी उपकरण है। क्लब अध्यक्ष सरोज जैन ने बताया कि जीवन धारा प्रोजेक्ट के तहत जरूरतमंद मरीजों के लिए क्लब द्वारा 10 डायलाइजर पम्पुरी हॉस्पिटल में प्रदान किए गए। अस्पताल की ओर से क्लब को धन्यवाद प्रेषित किया गया।

# आज गुरु पूर्णिमा पर बहेगी गुरु भक्ति की बयार, गुरु चरणों में झुकेंगे शीश

### इंद्र टेकड़ी पर 221 क्विंटल सामग्री से तैयार होगी भंडारा प्रसादी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खरगोन



आषाढ़ मास की पूर्णिमा याने गुरु वेद व्यास का जन्मदिन बुधवार को गुरू पूर्णिमा के रुप में समूचे जिले में श्रद्धाभाव के साथ मनाया जाएगा। गुरुपूर्णिमा पर सुबह से ही लोग अपने . अपने गुरू स्थानों पर पहुंच कर अपने गुरू का पूजन कर आशीर्वाद लेंगे। गुरू पूर्णिमा पर जिलेभर के मठ, मंदिरों, आश्रमों सहित गुरु गादियों पर गुरु पूजन के साथ ही प्रवचन एवं भंडारा कार्यक्रम का आयोजन होगा।

शहर सहित समूचे जिले में कसरावद रोड़ स्थित इंद्रटेकड़ी पर श्रीश्री 1008 श्री पूणानंद बाबा की तोपस्थली आस्था का केंद्र होगी। गुरु पूर्णिमा पर श्री पूणानंद बाबा की तपोस्थली इंद्रटेकड़ी आस्था का केंद्र होती है। यहां मंदिर समिति द्वारा 221 क्विंटल सामग्री से भंडारा प्रसादी तैयार कराई जाएगी।

इंद्रटेकड़ी पर गुरु भक्ति की बयार के बीच हजारों शीश गुरु चरणों में गुरु ज्ञान स्वरुप आशीर्वाद लेने के लिए झुकेंगे। श्री पूणानंद बाबा तपोस्थल पर हजारों श्रद्धालूओं के पहुंचने को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई है। भक्तों को बाबा के दर्शन आसानी से हो इसके लिए बेरिकेटिंग लगाई गई है, जिसमें महिला-पुरुष अलग-अलग खड़े होकर दर्शन कर सकेंगे। मंदिर ट्रस्ट के अनुसार यहां सुबह बाबा की प्रतिमा का आलौकिक श्रृंगार करने के बाद सुबह 10 बजे भंडारा प्रसादी का आयोजन होगा। इसके अलावा मंदिर परिसर से हलवे की महाप्रसादी का अनवरण वितरण होता रहेगा। समिति सदस्यों के अनुसार गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर दर्शन व पूजन प्रातः 5 बजे से शुरू होगा। प्रातः 8 बजे महाआरती व भंडारा प्रारंभ होगा। देर रात तक दर्शन क्रम चलता रहेगा। पांच दिवसीय गुरु पूर्णिमा के तहत आचार्य सुधीर बाबा भट्ट के सानिध्य में चल रहे रामायण यज्ञ की पूणाहुति मंगलवार शाम को हुई। श्री पूणानंद बाबा की सेवा सस्थांन के अजय भट्ट ने 221 क्विंटल सामग्री से भंडारा प्रसादी तैयार होगी। इसमें 51 डिब्बे शुद्ध घी, 27 क्विं तेल, 70 क्विंए आटा, 21 क्विं आलू सहित अन्य सामग्री से भोजन प्रसादी तैयार होगी। पेयजल के लिये 20 से अधिक टैंकर की व्यवस्था की गई।

भंडारे मे भोजन परोसने की जबाबदारी बाबा के एक हजार से अधिक ग्रामीण सेवादार अनुयाई संभालेंगे, तपोभूमि पर मौजुद तीन डोम के साथ ही 40 हजार वर्ग फिट के टेंट में एक बार में दो हजार से अधिक लोगो की बैठक सुविधा रहेगी।

## न्यूज -कॉलम

### जीआरपी का कार्यभार संभालते ही विवेचकों की मीटिंग



**उज्जैन।** जीआरपी नवागत थाना प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता ने मंगलवार को कार्यभार संभालते ही थाना स्टॉफ विवेचकों की मिटिंग आयोजित की। उन्होने पुलिस अधीक्षक रेल इंदौर यशवंतसिंह राजपूत के निर्देशों से सभी को अवगत कराया और लंबित अपराधों का तत्काल निराकरण करने की बात कहीं। नवागत थाना प्रभारी ने यात्रियों की सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर प्लेटफार्मों से लेकर ट्रेनों में नियमित पेट्रोलिंग करने, संदिग्धों की पहचान कर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश जारी किये। थाना प्रभारी गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को प्लेटफार्म नम्बर 6 से लापता हुई 23 वर्षीय युवती को थाना स्टॉफ की टीम ने दस्तयाब करने में सफलता भी प्राप्त की है। युवती 25 जुलाई को लापता हुई थी, जिसके तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर झांसी के गरौठा थाना क्षेत्र से उज्जैन लाया गया। युवती को न्यायालय के आदेश पर विधिवत विवाहित पति के सुपुर्द किया गया है।

### महाकाल दर्शन करने आये मां और बेटे को कुत्ते ने काटा

**उज्जैन।** झालावाड से महाकाल दर्शन करने कमलेश पिता पानमल अपनी मां पेपाबाई के साथ उज्जैन आया था। दोनों मंगलवार सुबह दर्शन की कतार में लगने के लिये जा रहे थे, उसी दौरान कुत्ते ने पेपाबाई के पैरों में काट लिया। कुत्ते का हमला देख पुत्र कमलेश ने बचाने का प्रयास किया तो उसके कुत्ते ने पकड लिया। दोनों मां-बेटे को कुत्ते के काटने पर जख्म हो गया। उन्होने उपचार के लिये चरक अस्पताल पहुंचाया गया। जहां दोनों को रैबिज वैक्सीन का डोज लगाया गया है। महाकाल मंदिर क्षेत्र में आवारा कुत्तों की मौजूदगी काफी समय से बनी हुई है। पूर्व में भी कई श्रद्धालुओं का कुत्ते अपना शिकार बना चुके है।

### क्राइम ब्रांच की गिरफ्त में आया 10 हजार का इनामी

**उज्जैन।** उन्हेल थाना क्षेत्र में डीजल चोरी के मामले में सालभर से फरार चले रहे 10 हजार के इनामी आरोपी को क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को उन्हेल थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया। थाना प्रभारी संतोष चौहान ने बताया कि फरार इनामी आरोपी आबिद उर्फ आलिया पिता उमर निवासी दुपाडा थाना लालघांटी जिला शाजापुर पर डीजल चोरी के मामले में धारा 303 (2) का प्रकरण दर्ज था। उसका एक साथी पूर्व में गिरफ्तार हो चुका था। सालभर बाद गिरफ्त में आये आरोपी आबिद को मंगलवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया था। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### ढांचा भवन के युवक को करौंदिया में दोस्तों ने मारे चाकू

**उज्जैन।** ढांचा भवन का रहने वाला प्रीतम पिता गजराजसिंह राजपूत सोमवार रात दोस्त ध्रुव और अंशु के साथ पार्टी करने ग्राम करौंदिया गया था। जहां तीनों ने बैठकर शराब पी। तीनों का एक दोस्त सोनू भी है, जिससे ध्रुव और अंशु का विवाद हो चुका था। प्रीतम ने दोनों से समझौता करने की बात कहीं। जिस पर उनके बीच विवाद शुरू हो गया। प्रीतम ने विवाद का विरोध किया तो दोनों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू मारने के बाद दोनों उसे घायल हालत में छोडकर भाग निकले। लोगों की सूचना पर नागझिरी थाना पुलिस करौंदिया पहुंची और घायल को उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाया। उसके बयान दर्ज कर चाकू मारने वाले दोनों दोस्तों की तलाश की जा रही है।

### ट्रक चालक की लापरवाही से हुई थी युवक की मौत

**उज्जैन।** आगर-उज्जैन मार्ग परिमाता के सामने घौंसला में 26 जुलाई को हुई सडक दुर्घटना में बाइक सवार गोपाल पिता हीरालाल ग्राम साल्याखेडी सोयत कला की मौत हो गई थी। राघवी थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। इस दौरान सामने आया कि मृतक की बाइक को ट्रक क्रमांक आरजे 11 जीबी 7596 के चालक ने टक्कर मारी थी। पुलिस ने चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया है। एक अन्य मामले में भाटपलचाना थाना क्षेत्र के ग्राम खरसौदकला में 24 जून को दुर्घटना में दिलीप पिता करणसिंह चौहान ग्राम लेकोडा उज्जैन गंभीर घायल हो गया था। जिसकी उपचार के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई थी। भाटपचलाना थाना पुलिस ने जांच के बाद अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 589-2 | 899-6 |
| मेन बाजार | 235-0 | 349-6 |
| कल्याण नाइट | 347-4 | 489-1 |
| मिलन डे | 180-9 | 127-0 |
| मिलन नाइट | 160-7 | 380-1 |
| मधुर डे | 290-1 | 170-8 |
| मधुर नाइट | 178-6 | |
| शुभांक | 1 5 | 8 |

# चैकिंग में दिया था चकमा, दबिश में पकड़ाये कंजर

## कई चोरी की वारदात में है शामिल, आज पुलिस कर सकती है खुलासा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

दिनदहाड़े सूने मकानों के ताले तोड़कर वारदात करने वाले 2 कंजर मई माह में टीआई को घेराबंदी में चकमा देकर भाग निकले थे। दोनों को लम्बी तलाश के बाद डेरो में दबिश देकर पकड़ा गया है। दोनों से 2 थाना क्षेत्रों की चोरी का सुराग मिला है। संभावना है कि आज पुलिस मामले का खुलासा कर सकती है।

24 मई को नागझिरी थाना क्षेत्र की शिवधाम कालोनी में दिनदहाड़े 2 मकानों में चोरी की वारदात हो गई थी। बदमाशों ने प्रशांतिधाम कॉलेज के प्रोफेसर अजहरूद्दीन सिद्धिकी और मजदूर रामसहारे के मकान का ताला तोड़ा था। बाइक से भाग रहे बदमाशों का सामान सैफी पेट्रोल पंप के सामने चैकिंग कर रहे थाना प्रभारी कमल निगवाल से हो गया था। उन्होने बाइक सवारों को रोकने का प्रयास किया था, लेकिन वह आभूषण का एक बेग फेंककर भाग निकले थे। जिसके बाद पता चला था कि 2 मकानों में चोरी कर भाग रहे थे। नागझिरी पुलिस ने दोनों का पता लगाने के प्रयास किये थे, उस दौरान सामने आया था कि कंजर गिरोह के बदमाश है। लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल पाया था। 2 माह बाद दोनों बदमाश पुलिस की हिरासत में आये है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। सूत्रों की माने तो बदमाशों से चिमनगंज और नागझिरी थाना क्षेत्र की चोरियों का खुलासा हुआ है। कंजर गिरोह के होने पर वाहन चोरी के संबंध में भी पूछताछ जारी है। संभावना है कि आज दोपहर में 2 थानों की संयुक्त पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में मामलों का खुलासा किया जा सकता है।

### शाजापुर-शुजालपुर डेरों पर दी थी दबिश

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार नकबजनी और वाहन चोरी के मामलों में बदमाशों का पता लगाने के लिये पुलिस की एक टीम ने रात के समय शाजापुर-शुजालपुर के रूलकी में कंजर डेरों पर दबिश मारी थी। जहां से कुछ संदिग्धों का पकड़ा गया था। पूछताछ में 2 कंजरों से शहर में दिनदहाड़े सूने मकानों में हुई चोरी का सुराग मिल गया था। सूत्रों का कहना है कि दोनों से कई चोरियों का सुराग मिला है। जिनसे चोरी का माल बरामद करने के प्रयास जारी है।

### तीन से चार थाना पुलिस की भूमिका

बताया जा रहा है कि दोनों बदमाशों को पकड़ने में 3 से 4 थाना पुलिस की भूमिका रही है। दोनों कंजर काफी शातिर है और बाइक से शहर की पॉश कालोनियों में सूने मकानों की रैकी करने के बाद ताले तोड़ते थे। पुलिस दोनों ने वारदातों में शामिल उनके साथियों का पता लगाने में लगी है। संभावना है कि दोनों अलग-अलग साथियों के साथ वारदात करने आते थे। उनके साथियों का सुराग मिलते ही उनकी गिरफ्तारी के प्रयास भी किये जायेगें।

# आधी रात को गिरफ्त में आये लाखों की लूट करने वाले 8 आरोपी

## धरपकड़ में चिंतामण थाना प्रभारी को लगी चोंट

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



बड़नगर मार्ग पर 25 जुलाई को आभूषण व्यापारी के साथ हुई लाखों की लूट में शामिल 8 बदमाशों को आधी रात पुलिस ने घेर लिया। धरपकड में चिंतामण थाना प्रभारी को चोंट लगी, वहीं 2 बदमाश भी घायल हो गये। एक को उपचार के लिये भर्ती कराया गया है।

बताया जा रहा है कि इंगोरिया में रहने वाले आभूषण का व्यापारी 25 जुलाई को बाइक से उज्जैन आ रहे थे। उसी दौरान बडनगर मार्ग नलवा के समीप बदमाशों ने उन्हे रोक लिया था और सोने-चांदी के आभूषणों के साथ 50 हजार रूपये नगद लूट लिये थे। चिंतामण थाना पुलिस ने मामला संज्ञान में आने पर लाखों की लूट करने वाले बदमाशों की तलाश शुरू की थी। मंगलवार-बुधवार रात पुलिस को बदमाशों का सुराग मिलते ही अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी गई। इस दौरान पुलिस की गिरफ्त में इंगोरिया, तराना और ताल आलोट के रहने वाले बदमाश राधेश्याम, महेश, पदम, सुभाष, प्रद्युम, धीरेन्द्र, अंकित, दीपक आ गये। धरपकड के दौरान सुभाष और प्रद्युम गिरकर घायल हो गये। थाना प्रभारी हेमराज यादव को भी मामूली चोंट लगी है। धरपकड के घायल बदमाश सुभाष और प्रद्युम को रात में चरक अस्पताल लाया गया। जहां प्रद्युम का प्राथमिक उपचार किया गया, सुभाष को उपचार के लिये अभिरक्षा में भर्ती किया गया है। मामले में थाना प्रभारी हेमराज यादव ने बताया कि फिलहाल पूछताछ जारी है और लूट का माल बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। संभावना है कि बदमाशों से कुछ ओर लूट की वारदतों का सुराग मिल सकता है।

# चार शादी कर चुकी महिला ने रात 3 बजे लगाई फांसी

## 2 पतियों की मौजूदगी में कराया गया पोस्टमार्टम

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

चार शादी कर चुकी महिला ने सोमवार-मंगलवार रात 3 बजे वर्तमान पति के घर में छत की गैलरी में दुपट्टे का फंदा बांधकर फांसी लगा ली। उसे अस्पताल लाया गया, लेकिन जान नहीं बच पाई। 2 पतियों की मौजूदगी में महिला का पोस्टमार्टम कराया गया है।

नागझिरी थाना क्षेत्र की बिहारी कालोनी में रीना नामक 46 वर्षीय महिला ने दुपट्टे का फंदा गले में डालकर फांसी लगा ली थी। पति सुनील देवड़ा और उसकी मां कृष्णाबाई ने उसे रात 3 बजे छत की गैलरी में लटका देखा तो नीचे उतारा, रीना की सांस चल रही थी। उसे चरक अस्पताल लाया गया। वेंटिलेटर नहीं होने पर आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, वहां भी भर्ती करने की जगह नहीं होने पर उसे निजी अस्पताल ले जाया जा रहा था उसी दौरान रास्ते में मौत हो गई, बॉडी चरक अस्पताल लाई गई। नागझिरी थाना पुलिस ने सूचना मिलने पर मर्ग कायम किया और पोस्टमार्टम कराने पहुंची। इस दौरान सामने आया कि मृतक महिला का सुनीन देवड़ा चौथा पति है। उससे पहले रीना नागझिरी उद्योगपुरी में रहने वाले अर्जुन नामक युवक की पत्नी थी। अर्जुन ने 7-8 साल पहले शादी की थी। उससे पहले रीना 2 शादी कर चुकी थी। उसके पहले पति के झांसी में होने का पता चला, जिससे 2 बच्चे भी है। नागझिरी थाना एएसआई द्वारिका प्रसाद ने बताया कि उज्जैन में 2 पति होने की जानकारी सामने आने पर दूसरे पति अर्जुन को बुलाया गया। दोनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिये सुनील देवड़ा को सौंपा गया। हम्माली करने वाले अर्जुन और पेंटरी करने वाले सुनील से पूछताछ में सामने आया कि रीना शाजापुर के पास ग्राम पार्वती की रहने वाली थी। उसके माता-पिता निधन हो चुका है। अर्जुन का कहना था कि उसने कुछ माह पहले रीना की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने उसे तलाश लिया था। उस दौरान वह सुनील के साथ चली गई थी। पुलिस के अनुसार फांसी लगाने का कारण सामने नहीं आया है। मामला जांच में है, अर्जुन और सुनील के बयान दर्ज किये जायेगें।



# चाकूबाजी में शामिल 12 आरोपियों की कराई गई परेड

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



शहर में चाकूबाजी के मामले सामने आने के बाद पुलिस ने अभियान शुरू कर पुराने चाकूबाजों को तलब करना शुरू कर दिया है। सोमवार-मंगलवार रात जीवाजीगंज सीएसपी ने अपने अनुभाग के 3 थानों में दर्ज चाकूबाजी करने वालों को तबल किया और उनकी परेड़ कराई। उन्हे हिदायत दी गई कि अब अपराध में लिप्त पाये गये तो राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम की कठोर कार्रवाई की जायेगी।

सीएसपी पुष्पा प्रजापति ने बताया कि चाकूबाजी करने वाले आरोपियों के खिलाफ अभियान शुरू किया गया है, ताकि घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। इसी क्रम में उनके अनुभाग के थाना क्षेत्र चिमनगंज, पंवासा और जीवाजीगंज में चाकूबाजी और धारदार हथियारों के प्रकरण में शामिल सजायाफ्ता आरोपियों को तलब किया गया था। तीनों थाना क्षेत्र के 12 आरोपियों को बुलाने के बाद उन्हे चेतावनी दी गई कि भविष्य में किसी प्रकार की चाकूबाजी, अवैध हथियार रखने,आमजन में भय और आतंक का वातावरण फैलाने के साथ कानून व्यवस्था भंग करने पर उनके विरूद्ध एनएसए में प्रकरण दर्ज किया जायेगा सभी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर उनकी परेड़ कराई। अभियान का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा को सुदृड़ करना और अपराधियों पर अंकुश लगाना है। रात में तलब किये गये आरोपियों में अनिकेत कंडारिया निवासी वृंदावनपुरा, गणेश गुजराती तिलकेश्वर कालोनी, टीपू उर्फ काला 40 क्वार्टर, प्रिंस उर्फ दीपक चौहान भैरूनाला, लोकेश उर्फ सन्नाटा सिसौदिया प्रतापनगर पंवासा, अक्षय मरमट निवासी जाल कंपाउंड जिसे चाकू के साथ रंगेहाथ पकड़ा गया था। रौनक उर्फ कान्हा गुर्जर निवासी अमृतनगर और चिमनगंज क्षेत्र के आरोपी शामिल थे।

# चोरी में परिवार की युवती की सामने आ रही भूमिका

## आरोपियों में प्रेमी शामिल, 2 दिन की रिमांड पर

**उज्जैन।** तराना तहसील के ग्राम बघेरा में हुई लाखों की चोरी में शामिल 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मंगलवार को कोर्ट में पेश कर 2 को रिमांड पर लिया गया है। चोरी में परिवार की युवती शामिल होना सामने आ रही है। आरोपियों में उसका प्रेमी भी शामिल है।

20 जुलाई को ग्राम बघेरा में रहने वाला सोलंकी परिवार मान के कार्यक्रम में शामिल होने समीप के ग्राम सुरजपुरा गया था। उस दौरान दिनदहाड़े चोरी की वारदात हो गई थी। सोलंकी परिवार के धर्मेन्द्र पिता शिवनारायण ने मामले की शिकायत दर्ज कराई थी। अज्ञात बदमाश दो जोड़ टनके ,चांदी का कंदौरा, आँवले ,एक जोड़ चांदी के बिछिया, चांदी की कड़े, सोने टॉप, चांदी की चैन और नगदी 55 हजार रूपये नगद चुराकर ले गये थे। सात दिनों की तलाश के बाद पुलिस ने एबी रोड कनासिया नाका के पास जंगल से सावन पिता गणपत मोंगिया, काना पिता गणपत निवासी सुरजपुरा, धीरज पिता प्रभुलाल चौहान निवासी तराना हाल देसाई नगर उज्जैन और उसके भाई आकाश पिता प्रभलालु चौहान हल मुकाम अशोक नगर उज्जैन को गिरफ्तार कर लिया था। चारों की निशानदेही पर 10 ग्राम सोने के आभूषण, ढाई किलो चांदी के आभूषण और चोरी में प्रयुक्त 2 बाइक करीब 10 लाख का माल बरामद किया था। चारों को मंगलवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से सावन और धीरज को पूछताछ के साथ शेष आभूषण की बरामदगी के लिये 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। थाना प्रभारी रामनारायणसिंह भदौरिया ने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि सावन सोलंकी परिवार की युवती का प्रेमी है। उसने प्रेमिका के साथ मिलकर चाचा के घर में चोरी की साजिश रची थी। युवती की भूमिका का पता लगाया जा रहा है। उसकी मिलीभगत सामने आने पर उसे भी आरोपिया बनाया जा सकता है। फरियादी धर्मेन्द्र सोलंकी डीजे का काम करते है। उनके पिता पुलिस विभाग में पदस्थ थे और एसआई के पद से सेवानिवृत्त हुये है।

# सावन माह में कई मार्गो पर प्रतिबंधित रहेगें वाहन

## 9 स्थानों पर होगी चार और दो पहिया वाहनों की पार्किंग

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



30 जुलाई से सावन माह की शुरूआत होने जा रही है। धार्मिक नगरी में प्रति सोमवार बाबा महाकाल भक्तों को दर्शन देने नगर भ्रमण पर निकलेगें। सावन माह में प्रदेश के अलग-अलग शहरों से कावड़ यात्रा भी आयेगी। श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुये यातायात पुलिस ने प्लान जारी किया है। कई मार्गो पर वाहन प्रतिबंधित रहेगें। 9 स्थानों पर वाहनों की पार्किंग व्यवस्था की गई है।

सावन माह में देशभर से हजारों श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शन करने उज्जैन पहुंचेगें। सुविधा और सुरक्षा को देखते हुये यातायात पुलिस द्वारा सावन माह के आम दिनों में श्रद्धालु अपने चार पहिया वाहन भील समाज पार्किंग, कर्कराज पार्किंग, चारधाम पार्किंग, कार्तिक मेला मैदान (भारी वाहनों, बस के लिये), हरिफाटक चौराहा मन्नत गार्डन, इम्पिरियल पार्किंग में वाहन खड़े कर सकेगें। दोपहिया वाहनों की पार्किंग हरसिद्धीपाल, क्षीर सागर मैदान, टंकी चौराहा मल्टी लेवल में रहेगी। आम दिनों में दर्शनार्थी हरिफाटक चौराहा से जंतर-मंतर लालपुल टर्निंग होकर कर्कराज, भील समाज पार्किंग में वाहन पार्क करेगें और भील समाज पार्किंग के बाद नरसिंहघाट, हरसिद्धी चौराहा होते हुऐ श्री महाकालेश्वर मंदिर के लिये जा सकेगें। कर्कराज पार्किंग एवं भील समाज पार्किंग भर जाने पर लालपुल टर्निंग से लालपुल टी होकर कार्तिक मेला ग्राउंड में पार्क कर मंदिर दर्शन के लिये जा सकेंगे।

### कालभैरव जाने के लिये यह रहेगा मार्ग

महाकाल दर्शन के बाद कालभैरव मंदिर जाने के लिये हरिफाटक चौराहा से कचरा घर जंतर मंतर चौराहा कालिदास उद्यान, रंजीत हनुमान, मोजमखेड़ी लालपुल, मुरलीपुरा, शंकराचार्य कालभैरव मंदिर तक पहुंच सकेगें।

### सोमवार को यह रहेगा सवारी मार्ग

सावन-भादौ माह में महाकाल मंदिर से निकलने वाली बाबा की सवारी का मार्ग इस प्रकार रहेगा। शाम 4 बजे महाकाल मंदिर से सवारी की शुरूआत होगी। जो कोट मोहल्ला चौराहा, गुदरी चौराहा, बक्षी बाजार, कहारवाड़ी,हरसिद्धीपाल रामानुजकोट, रामघाट, गणगौर दरवाजा, कार्तिक चौक, सत्यनारायण मंदिर, ढाबारोड,' कमरी मार्ग चौराहा, टंकी चौक, छत्रीचौक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार, गुदरी चौराहा, कोट मोहल्ला चौराहा होते हुए वापस महाकाल मंदिर पहुंचेगी।

### इन मार्गो पर वाहन लेकर ना जाये

सवारी के दौरान देवासगेट से दौलतगंज चौराहा की ओर, इंदौरगेट से दौलत गंज चौराहा की ओर,यादव धर्मशाला, बेगमबाग से महाकाल घाटी की ओर, हरसिद्धी पाल से गुदरी की ओर, दानीगेट से ढाबा रोड़, कमरी मार्ग की ओर, जूना सोमवारिया से केडी गेट की ओर वाहन लेकर ना जाये। सवारी मार्ग तक जाने वाली गलियों में किसी प्रकार के दो पहिया वाहन या अन्य वाहन खडे नहीं करें, नहीं तो क्रेन द्वारा उन वाहनों को हटाया जायेगा और जुमार्ना भी किया जायेगा।

### मंडल अभिभाषक संघ में सोलर ऊर्जा संयंत्र का लोकार्पण किया गया



**उज्जैन।** मंडल अभिभाषक संघ में सौर ऊर्जा संयंत्र के लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश माननीय श्री पी. सी. गुप्ता साहब, श्रीमती कलावती दीदी, अध्यक्ष नगर पालिका, उज्जैन एवं रवि सोलंकी जी, अध्यक्ष, विकास प्राधिकरण की गरिमामयी उपस्थिति रही। अध्यक्ष ओम जी सारवान, उपाध्यक्ष सुरेंद्र मेहता, कोषाध्यक्ष देवेंद्र शर्मा एवं समस्त अधिवक्ता साथी उपस्थित रहे।



# भौतिक सुखों को पकड़ने की कोशिश असंतोष में वृद्धि

भक्ति का सामान्य अर्थ है- पूजा या उपासना! पूजा तभी संभव है, जब दो पक्ष मौजूद हों- एक उपासक और दूसरा उपास्य। जब तक साधक और परमात्मा के बीच यह भेद बना रहता है, तब तक भक्ति की आवश्यकता भी बनी रहती है। भक्ति केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं, वह भाव है, जो मनुष्य को परम सत्य के निकट ले जाता है। भारतीय दर्शन में भक्ति की सुंदर परिभाषा दी गई है- ईश्वर के प्रति सर्वोच्च अनुराग ही भक्ति है। यहां अनुराग का अर्थ केवल आकर्षण नहीं, बल्कि किसी को अपना सर्वस्व मान लेना है। जब यह अनुराग परमात्मा के प्रति होता है, तब उसे परानुरक्ति कहा जाता है और यही सच्ची भक्ति है। इसके विपरीत, जब मन संसार की वस्तुओं, सुख-सुविधाओं और भौतिक आर्कषण में उलझा रहता है, तो वह अपरानुरक्ति कहलाती है।

इन दोनों अवस्थाओं का संबंध मन की दिशा से है। जब मन बाहर की ओर भागता है और इंद्रियों के पीछे दौड़ता है, तब अपरानुरक्ति उत्पन्न होती है। इसके विपरीत, जब वही मन भीतर की ओर मुड़ अपने स्रोत की खोज करता है, तब परानुरक्ति जागृत होती है। यही अंतर्मुखी यात्रा भक्ति का वास्तविक मार्ग है। भक्ति मनुष्य को ऐसी आंतरिक शांति और आनंद का अनुभव कराती है, जो बाहरी संसार में उपलब्ध नहीं है। यहां एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है- क्या भक्ति मनुष्य पर थोपी गई कोई भावना है या वह उसकी स्वाभाविक प्रवृत्ति है? दरअसल, इस सृष्टि की प्रत्येक वस्तु किसी न किसी आकर्षण के नियम से बंधी हुई है। ग्रह-नक्षत्र गुरुत्वाकर्षण के कारण अपनी-अपनी कक्षाओं में संतुलित रहते हैं। पृथ्वी पर प्रत्येक जीव अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए उस स्थान या वस्तु की ओर आकर्षित होता है, जहां उसे सुरक्षा और पोषण मिलने की संभावना दिखाई देती है। हर जीव उस वस्तु की ओर बढ़ता है, जिससे उसे अधिक स्थायी सुख और सुरक्षा मिलने की आशा होती है। यही आकर्षण जीवन का धर्म है।

समस्या तब उत्पन्न होती है, जब मनुष्य इस स्थायित्व की खोज सीमित वस्तुओं में करने लगता है। वह धन, पद, प्रतिष्ठा और भौतिक उपलब्धियों को अपनी सुरक्षा का आधार मान लेता है। उसे लगता है कि धन ही जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है, लेकिन अनुभव बताता है कि धन आता भी है और चला भी जाता है। मनुष्य जितना भौतिक सुखों को पकड़ने के प्रयास करता है, उतना ही असंतोष बढ़ता जाता है।

भक्ति इस असंतोष से मुक्ति का मार्ग दिखाती है। वह मानव मन को समय, स्थान और परिवर्तन से परे ले जाती है। जब मन का आकर्षण सीमित से हटकर असीम की ओर हो जाता है, तब जीवन में स्थायी आनंद का अनुभव होने लगता है। यही भक्ति का सार है।



**सम्पादकीय**

## काम में लाएं तेजी

पेपर लीक मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई शुरू होनी थी, लेकिन पहली सुनवाई से ही सरकारी वकील का नदारद रहना निंदनीय और चिंताजनक है। अदालत को यदि किसी मामले में जल्दी फैसला सुनाना है, तो हर सुनवाई में संबंधित पक्षों की मौजूदगी अनिवार्य है। किसी भी असंतोष को दूर करने के लिए व्यवस्था का मुस्तैदी से काम करना बहुत आवश्यक है। लगता है, सीबीआई की ओर से कोई वकील तय नहीं किया गया था। शायद निर्णायक अफसर अभी भी अपनी पुरानी रफ्तार से काम कर रहे हैं। क्या उन्हें अंदाजा नहीं है कि फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने की जरूरत क्यों पड़ी है? यह शर्मनाक है, एजेंसी के अभियोजन निदेशक ने इस मामले को पेश करने के लिए लोक अभियोजक ही तय नहीं किया था, तभी तो अदालत को नियुक्ति के लिए कहना पड़ा है। दरअसल, यह एक उदाहरण है कि हमारी व्यवस्था में कैसे काम होता है? जिम्मेदार एजेंसियों को बार-बार जगाने की जरूरत क्यों पड़ती है? जगाया न जाए, तो महत्वपूर्ण मुकदमे भी लंबे समय तक लटके रहते हैं। एक-एक कमी को दूर करने में कई-कई दिन बर्बाद होते हैं। अभियोजन पक्ष को सचेत रहना चाहिए कि ऐसा फिर न होने पाए।

ध्यान देने की बात है, बीते सप्ताह ही प्रधानमंत्री ने कहा है कि हमारे युवाओं के कल्याण और भविष्य से बढ़कर कुछ भी नहीं है। सरकार ने पेपर लीक में शामिल दोषियों को जल्द से जल्द कड़ी सजा दिलाने के लिए त्वरित अदालतें स्थापित करने का निर्णय लिया है। वैसे, सामान्य अदालत ही नहीं, त्वरित विशेष अदालतों की भी उत्पादकता अच्छी नहीं है। मिसाल के लिए, राज्यसभा में बताया गया है कि अप्रैल 2026 तक, 775 त्वरित विशेष अदालतों में 2,49,000 से अधिक मामले लंबित हैं। इन अदालतों में यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अर्थात पोक्सो मामलों की भी सुनवाई हो रही है। अकेले पोक्सो मामलों में 398 विशेष अदालतें सुस्त गति से सुनवाई कर रही हैं। अब सवाल है, सुनवाई में क्यों देरी होती है? यहां भी एक मिसाल देखिए, 2025 की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि राष्ट्रीय स्तर पर फोरेंसिक प्रयोगशालाओं में करीब 50 प्रतिशत वैज्ञानिक अधिकारी के पद खाली पड़े हैं। एक वजह यह भी है कि पुलिस में जमीनी स्तर पर अभी भी जांच और कानून-व्यवस्था के कार्यों को अलग-अलग नहीं बांटा गया है। एक ही पुलिसकर्मी को हर तरह के काम करने पड़ते हैं,>

**गुरु पूर्णिमा विशेष**

# श्री श्रृंगेश्वर धाम : दिव्य आध्यात्मिक चेतना का जागृत तीर्थ



अरविन्द रावल
(दैनिक अवन्तिका)

भारत केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि ऋषियों की तपस्या, संतों के त्याग और सनातन संस्कृति की आध्यात्मिक चेतना से निर्मित एक जीवंत सभ्यता है। इस भूमि का प्रत्येक तीर्थ केवल पूजा अर्चना का स्थल नहीं, बल्कि आत्मिक जागरण, लोक कल्याण और सांस्कृतिक निरंतरता का केंद्र रहा है। ऐसे अनेक पावन धाम आज भी देश के दूरस्थ अंचलों में स्थित है, जहां पहुँचते ही मन श्रद्धा से भर उठता है। मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में माही एवं मधु कन्या नदियों के संगम पर स्थित श्री श्रृंगेश्वर धाम भी ऐसी ही दिव्य आध्यात्मिक ऊर्जा का जागृत केंद्र है। विडंबना यह है कि रामायणकालीन परम्पराओं से जुड़ा यह प्राचीन तीर्थ आज भी राष्ट्रीय पहचान का वह स्थान प्राप्त नहीं कर सका, जिसका वह वास्तविक अधिकारी है। सीमित संसाधनों और दुर्गम मार्गों के बावजूद हजारों श्रद्धालु प्रतिमाह पूर्णिमा और अमावस्या पर यहां पहुंचते हैं। आस्था की यही शक्ति किसी भी तीर्थ की सबसे बड़ी पहचान होती है।



गुरु पूर्णिमा का पर्व गुरु परम्परा के प्रति कृतज्ञता और समर्पण का पर्व है। ऐसे अवसर पर महान नागा संत ब्रह्मलीन श्री 1008 काशीगिरी जी महाराज का स्मरण स्वाभाविक है, जिन्होंने अपने तप, त्याग और दूरदर्शी चिंतन से श्री श्रृंगेश्वर धाम को जन जन की आस्था का केंद्र बनाने का संकल्प लिया। जिस समय यह क्षेत्र घने जंगलों और कठिन पहाड़ियों के बीच उपेक्षित पड़ा था, उस समय काशीगिरी जी महाराज ने इसे अपनी कर्मभूमि बनाकर पत्थर पत्थर में शिवत्व का स्वरूप गढ़ा। उनके अथक पुरुषार्थ का ही परिणाम है कि आज यह धाम हजारों श्रद्धालुओं की श्रद्धा का आधार बन चुका है।

स्थानीय परम्पराओं, संतों की वाणी और जनश्रुतियों के अनुसार यह पावन भूमि रामायणकालीन महर्षि ऋष्यश्रृंग (श्रृंगी ऋषि) की तपोभूमि मानी जाती है। मान्यता है कि उनके मस्तक पर हिरण के समान एक सींग था। अनेक तीर्थों में तपस्या और स्नान करने के बाद भी जब वह समाप्त नहीं हुआ, तब भगवान शिव की प्रेरणा से उन्होंने माही मनु कन्या संगम पर कठोर तप किया। इसी पावन संगम में उनका सींग विलीन हुआ और उन्होंने यहाँ भगवान शिव के शिवलिंग की स्थापना कर आराधना प्रारम्भ की। तभी से यह स्थान श्री श्रृंगेश्वर महादेव के नाम से प्रसिद्ध हुआ। वाल्मीकि रामायण के बालकाण्ड में वर्णित है कि अयोध्या नरेश महाराजा दशरथ पुत्रकामेष्टि यज्ञ के लिए महर्षि ऋष्यश्रृंग को आमंत्रित करने स्वयं उनके आश्रम पहुंचे थे। इसी यज्ञ के फलस्वरूप भगवान श्री राम सहित चारों राजकुमारों का जन्म हुआ। इस दृष्टि से श्री श्रृंगेश्वर धाम केवल एक स्थानीय आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक इतिहास की अमूल्य धरोहर है।

लोक मान्यताओं में यह भी कहा जाता है कि महर्षि श्रृंगी के पश्चात नागा संतों ने इस क्षेत्र को अपनी साधना स्थली बनाया। लगभग दो शताब्दियों पूर्व ब्रह्मलीन श्री 1008 काशीगिरी जी महाराज ने इस दुर्गम वन क्षेत्र को अपनी कर्मभूमि बनाया। उन्होंने अपने हाथों से पत्थरों को तराशकर श्री श्रृंगेश्वर महादेव का मंदिर निर्मित कराया और इस क्षेत्र को जन आस्था के केंद्र के रूप में स्थापित करने का संकल्प लिया। समय के साथ माही परियोजना के कारण प्राचीन श्रृंगेश्वर महादेव मंदिर जलमग्न क्षेत्र में आ गया। वर्ष के अधिकांश समय यह मंदिर जल के भीतर रहता है और केवल ग्रीष्म ऋतु में दर्शन देता है। किंतु यह भी इस धाम की आध्यात्मिक महिमा का अद्भुत प्रतीक है कि जलमग्न होने के बाद भी श्रद्धालुओं की आस्था कभी कम नहीं हुई। उलटे, श्रद्धा का प्रवाह निरंतर बढ़ता ही गया। ब्रह्मलीन काशी गिरी जी महाराज की दूरदर्शिता इसी से स्पष्ट होती है कि उन्होंने वर्षों पहले ही नवीन श्रृंगेश्वर धाम की आधारशिला रख दी थी। उनका विश्वास था कि एक दिन महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर की भाँति श्रृंगेश्वर धाम भी मध्य प्रदेश की आध्यात्मिक पहचान बनेगा। आज उनके उत्तराधिकारी महंत श्री रामेश्वर गिरी जी महाराज, श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय महासचिव के रूप में, उसी संकल्प को आगे बढ़ाते हुए धाम के विकास और संरक्षण में निरंतर जुटे हुए हैं।

आज आवश्यकता केवल मंदिर निर्माण या धार्मिक आयोजनों तक सीमित नहीं है। आवश्यकता है कि श्री श्रृंगेश्वर धाम को एक समग्र आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। नियमित परिवहन सुविधा, बेहतर सड़क संपर्क, श्रद्धालुओं के लिए आवास, शोध एवं सांस्कृतिक अध्ययन केंद्र तथा धार्मिक पर्यटन की आधुनिक व्यवस्थाएँ इस क्षेत्र को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिला सकती हैं। इससे न केवल झाबुआ जिले का आर्थिक और सामाजिक विकास होगा, बल्कि आदिवासी अंचल की सांस्कृतिक विरासत को भी नया सम्मान मिलेगा। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि मध्य प्रदेश शासन उज्जैन के महाकाल लोक की तर्ज पर श्री श्रृंगेश्वर लोक की परिकल्पना को मूर्त रूप देने की दिशा में गंभीर पहल करे। यह केवल एक धार्मिक परियोजना नहीं होगी, बल्कि भारतीय संस्कृति, गुरु-परम्परा और आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण का ऐतिहासिक कार्य सिद्ध होगा। भारत की आत्मा उसके तीर्थों में बसती है और तीर्थों की आत्मा वहाँ तप करने वाले ऋषियों एवं संतों में। श्री श्रृंगेश्वर धाम उसी सनातन चेतना का जीवंत प्रतीक है। आवश्यकता केवल इतनी है कि शासन, समाज और श्रद्धालु मिलकर इस दिव्य धरोहर को वह सम्मान दें, जिसकी वह सदियों से प्रतीक्षा कर रही है। यही गुरु पूर्णिमा का सच्चा संदेश और गुरु-परम्परा के प्रति हमारी वास्तविक श्रद्धांजलि होगी।

## सृष्टि के सर्वश्रेष्ठ जीव

रात के ठीक बारह बजे थे। पूरे घर में सन्नाटा पसरा हुआ था, सिवाय रसोई के सिंक से टपकती पानी की एक-एक बूंद के। रोशनी के नाम पर सिर्फ एक मद्धम सी पीली ट्यूबलाइट जल रही थी।

इसी सन्नाटे को चीरते हुए, ओवन के पीछे की अंधेरी दरार से दो पतले, सुनहरे एंटीना बाहर निकले। हवा में चारों तरफ का जायजा लिया गया। कोई खतरा नहीं था। अगले ही पल, छह बारीक पैरों पर सवार होकर वह बाहर आया 'विक्रम'। उसकी भूरी-चमकदार पीठ पर ट्यूबलाइट की रोशनी ऐसे चमक रही थी जैसे किसी महाराजा की बख्तरबंद पोशाक हो। विक्रम कोई आम कॉकरोच नहीं था; वह इस रसोई का निर्विवाद सम्राट था। उसने सिर उठाकर देखा, कटिंग बोर्ड पर पनीर का एक नन्हा टुकड़ा छूटा हुआ था। यह आज रात का उसका शिकार था। वह धीरे-धीरे, अपनी नवाबी चाल में आगे बढ़ने लगा।

अचानक पूरे घर में बिजली का धमाका सा हुआ। रसोई की मुख्य ट्यूबलाइट झटके से जल उठी।

रसोई के दरवाजे पर खड़ा था 'राघव' हाथ में काले रंग की एक भारी-भरकम चप्पल और आंखों में भयंकर गुस्सा। राघव पिछले तीन दिनों से इस एक कॉकरोच का पीछा कर रहा था। उसकी पूरी मर्दानगी, उसकी सफाई के दावे और उसके घर का सुकून सब इस एक छोटे से जीव के सामने दांव पर लगे थे। राघव ने दांत भींचे और फुसफुसाया, आज नहीं विक्रम... आज तेरा आखिरी दिन है।

विक्रम बीच रास्ते में रुक गया। उसने अपने एंटीना 180 डिग्री पर घुमाए। सामने छह फीट का विशालकाय इंसान, हाथ में प्लास्टिक का अस्त्र लिए खड़ा था। साधारण कीड़ा होता तो डर के मारे वहीं ढेर हो जाता, लेकिन विक्रम ने अपनी चाल और धीमी कर दी। उसने अपनी दांई टांग उठाई और अपनी मूंछ पर फेरी, मानो कह रहा हो 'कोशिश करके देख ले भाई!'

**पञ्चांग राशिफल**

दिनांक - 29 जुलाई 2026 बुधवार
सूर्योदय - 06:00 सूर्यास्त 19:06
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष
राहूकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि - पूर्णिमा 20:05 उपरांत एकम
नक्षत्र - उत्तराषाढा 15:37 उपरांत श्रवण
योग - प्रीति 23:58 उपरांत आयुष्मान
करण - विष्टि
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मकर में रहेगा।
मुस्लिम मास - सावान मास 14 तारिख

**मेष-** नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य हो जाने से प्रसन्नता रहेगी। निवेश लाभदायक रहेगा।

**वृषभ-** भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। यात्रा लाभदायक रहेगी।

**मिथुन-** बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। विवाद से बचें। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है।प्रसन्नता रहेगी।

**कर्क-** व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी।

**सिंह-** प्रतिष्ठा बढ़ेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जोखिम न लें।

**कन्या-** भाइयों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। प्रसन्नता रहेगी।

**तुला-** राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। नए मित्र बनेंगे। अच्छी खबर मिलेगी।

**वृश्चिक-** कारोबार से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। कोई बड़ा कार्य करने की योजना बन सकती है।

**धनु-** कार्यसिद्धि होगी। सुख के साधनों पर व्यय होगा। प्रसन्नता रहेगी। शत्रुओं का पराभव होगा।

**मकर-** आय में निश्चितता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। लेन-देन में सावधानी रखें।काम में मन नहीं लगेगा।

**कुंभ-** किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। शोक संदेश मिल सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें।

**मीन-** किसी के उकसाने में न आएं। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी रहेगी। कार्यों में गति आएगी। विवेक का प्रयोग करें।

# सेहत के लिए वरदान से कम नहीं है करेला

करेला एक ऐसी सब्जी है, जिसे पसंद और नापसंद करने वाले लोगों की संख्या लगभग बराबर ही होती है। लेकिन इस बात को सभी मानते हैं कि पेट से लेकर दिमाग तक शरीर के हर अंग को स्वस्थ रखने में करेला काफी मददगार साबित होता है। करेला एंटीबायोटिक और एंटीवायरल गुणों से भरपूर होता है। इसमें पाए जाने वाला विटामिन- सी हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। करेले का वैज्ञानिक नाम लेटिन में मोर्डिका एवं इसको अंग्रेजी भाषा में बिटर गॉर्डगोर्द नाम से जाना जाता है। इसके पौध में तना नहीं होता है, यह एक बेल के आकार की पौध होती है।जो हरे रंग की होती है। यह स्वाद में बेहद कड़वा होता है। एक अच्छी सब्जी होने के साथ-साथ करेले में दिव्य औषधीय गुण पाए जाते हैं। यह आकार में दो प्रकार के होते हैं बड़ा एवं छोटा करेला बड़े करेले गर्मियों के मौसम में जबकि छोटे करेले बारिश के मौसम में मिलते है। दरअसल इनका स्वाद बहुत कड़वा होता है, इसलिए अधिकांश लोग इसकी सब्जी को खाना पसंद नहीं करते हैं। इसके कड़वेपन को दूर करने के लिए नमक का इस्तेमाल किया जाता है।



**करेले के औषधीय गुण**

- स्माल पॉक्स, चिकन पॉक्स तथा खसरे जैसे रोगों में करेले को उबालकर रोगी को दिया जाये तो यह बहुत लाभकारी होता है।
- शुगर के रोगियों के लिए करेला एक वरदान के रूप में माना जाता है। उन्हें करेले का सेवन अधिक मात्रा में करना चाहिए। बिना कड़वापन दूर किए करेले की सब्जी तथा इसके पत्तों या कच्चे करेले का रस पूरी गर्मियों में लगातार, सुबह-शाम नियमित रूप से लेने पर रक्त में शर्करा का स्तर काफी कम हो जाता है।

करेले के प्रयोग से त्वचा में निखर आता है और किसी भी प्रकार के फोड़े-फुंसियों से निजात मिलती है।

- मल को शरीर से बाहर निकलने में मदद करता है, इसके साथ ही यह शरीर के मूत्र मार्ग को भी साफ रख्नने में मदद करता है।
- इसमें मौजूद विटामिन- ए की अधिक मात्रा होने से यह आँखों की रोशनी को बढाता है।
- आँखों में होने वाली बीमारी रतौंधी से भी बचाता है, अगर इसके पत्तों का सेवन काली मिर्च के साथ किया जाये तो इस बीमारी से निजात मिलती है।
- इसमें अधिक मात्रा में मौजूद विटामिन- सी हमारे शरीर की नमी को बनाये रखता है।
- करेले के सेवन से कब्ज की शिकायत नहीं होती है और यदि किसी व्यक्ति को कब्ज हो तो इससे कब्ज की शिकायत दूर हो जाती है।
- इसके साथ ही करेला एसिडिटी , छाती में जलन और खट्टी डकारों की समस्या भी दूर करता है।
- यदि किसी व्यक्ति मलेरिया, पीलिया से ग्रस्त हो तो इसका सेवन बहुत लाभकारी होता है, रोगी को करेले के पत्तों या कच्चे करेले को पीसकर पानी में मिलाकर दिन में कम से कम तीन बार दिया जाये तो वह बहुत जल्दी ठीक हो सकता है ।
- यदि किसी को दर्द और गठिया रोग हो तो वो करेले की सब्जी का सेवन दिन में तीन बार करे तो जल्दी फायदा मिलता है ।

**इन्दौर मंडी भाव**

चना कांटा 6300 से 6350 विशाल 6050 से 6150 मसूर 6000 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9500 से 9900 उड़द गर्मी 8800 से 9500 ग्रेविटी क्लीन 10000 से 10200 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7200 से 8500 काबुली रशियन 5800 बिटकी 5200 से 5300 सरसों निमाड़ी 7800 से 8100 रायडा 7000 से 7100 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7700 से तुअर दाल 7400 से 7600 मूंग दाल 8800 से 8900 बेस्ट 9000 से 9100 मूंग मोगर 10900 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द दाल 10800 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द मोगर 12000 से 12300 बेस्ट 12400 से 12700 मसूर दाल 7950 से 8050 बेस्ट 8150 से 8250 रुपए प्रति क्विंटल।

**आलू, प्याज, लहसून भाव**

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

**उज्जैन भाव**

लोकवन गेहूँ- 2462-2946, काबली- 5130-8211, बड़ा- 4570-5600, मसूर- 5801-7271, सरसो- 7050-7601, सोयाबीन 3536-7381, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,41,200 रवा- 1,41,100 चांदी- टंच- 2,20,000 पाट- 2,20,000।

**उज्जैन किराना**

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

**समसामयिक**

### गुरुजी सबसे प्यारे

गुरुजी सबसे प्यारे हैं,
ज्ञान-दीप उजियारे हैं।
अच्छी बातें हमें सिखाते,
जीवन के रखवाले हैं।
अ, आ, इ, ई पढ़वाते,
गीत सुनाकर मन बहलाते।
हँसते-हँसते ज्ञान कराते,
सपनों को सच बनवाते।
सत्य, प्रेम का पाठ पढ़ाते,
सबसे मिलकर रहना सिखाते।
मेहनत करना, आगे बढ़ना,
हर मुश्किल से लड़ना सिखाते।
गुरु पूर्णिमा का शुभ दिन आया,
मन में खुशियों का दीप जलाया।
फूलों से हम करें अभिनंदन,
गुरुजी को शत-शत वंदन।
गुरु का हम सम्मान करेंगे,
उनका हर उपकार धरेंगे।
ज्ञान-पथ पर आगे बढ़कर,
भारत का हम मान बढ़ाएँगे।

### सद्गुरु चरण वंदना

तिरला धाम तपोभूमि पावन
जहाँ दिव्य आलोक विहान।
सद्गुरुदेव विराजित जिनसे,
धन्य हुआ हर जन - जहान ।।
गणपति-कृपा की मधुर सरिता
बहती जिनके शुभ आँगन में ।
भक्ति, ज्ञान, विश्वास खिले हैं,
हर श्रद्धालु के जीवन में ।।
करुणा जिनकी गंगा-सी निर्मल
वाणी वेदों का उज्जवल उद्घोष,
चरण-कमल का स्पर्श मिलते ही,
मिट जाता मन का संताप-दोष।।
दीपक बन अज्ञान हरें वे,
सत्य-सुधा का दें वरदान ।
जीवन-वन में पथ दिखलाते,
बनकर निर्मल दिव्य विहान।।
श्रद्धा का जब पुष्प चढ़ाएँ,
झुक जाए अपना अभिमान ।
सद्गुरु-कृपा से खिल उठता है,
जीवन का हर एक विधान।।
रणथंभौर गणपति की महिमा,
जिनके हृदय सदा विराजे ।
सेवा, साधन, प्रेम और पूजा,
जिनके जीवन को सहजे ।।
गुरु पूर्णिमा का शुभ उत्सव,
लेकर आया मंगल गान ।
कोटि-कोटि वंदन स्वीकारें,
गुरुवर ! मेरा यह प्रणाम।।
चरण-रज की एक कणिका भी,
जीवन कर दे धन्य महान,
आपकी कृपा बनी रहे तो ,
सफल बने मानव का प्राण।।



गोपाल कौशल
(दैनिक अवन्तिका)

**धर्म-आस्था**

# सूर्य की उपासना लाल चंदन और कनेर क्यों हैं भगवान सूर्य को सबसे प्रिय?

सनातन परंपरा में यदि किसी देवता को प्रत्यक्ष देव कहा गया है तो वे भगवान सूर्य हैं। वे प्रतिदिन उदित होकर बिना किसी भेदभाव के समस्त सृष्टि को प्रकाश, ऊर्जा और जीवन प्रदान करते हैं। ऋग्वेद से लेकर उपनिषदों, रामायण, महाभारत और पुराणों तक सूर्य की महिमा का विस्तृत वर्णन मिलता है। भारतीय संस्कृति में प्रातःकाल सूर्य को अर्घ्य देना केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक भी है। यही कारण है कि हिन्दू धर्म में सूर्योपासना को अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है।

भगवान सूर्य की आराधना के अनेक विधान बताए गए हैं। प्रातःकाल तांबे के पात्र से जल अर्पित करना, घी का दीपक जलाना, लाल वस्त्र धारण करना, मोदक, फल, घी के पुए तथा लाल चंदन अर्पित करना विशेष फलदायी माना गया है। इनमें भी कनेर के पुष्प और रक्त चंदन का महत्व सबसे अधिक बताया गया है। परंतु बहुत कम लोग जानते हैं कि इन दोनों वस्तुओं के सूर्य पूजा में विशेष स्थान के पीछे एक अत्यंत भावपूर्ण पौराणिक प्रसंग जुड़ा हुआ है।

पुराणों के अनुसार देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पुत्री संज्ञा का विवाह भगवान सूर्य के साथ हुआ था। सूर्य का दिव्य तेज इतना प्रखर था कि माता संज्ञा उनके समीप अधिक समय तक रह ही नहीं पाती थीं। धीरे-धीरे उनका शरीर उस तेज को सहन करने में असमर्थ होने लगा। अपने पति के प्रति श्रद्धा और मर्यादा बनाए रखते हुए उन्होंने एक अद्भुत उपाय किया। उन्होंने अपनी ही छाया को अपने समान रूप देकर सूर्यलोक में सेवा के लिए छोड़ दिया और स्वयं घोड़ी का रूप धारण कर कठोर तपस्या करने चली गईं।

कुछ समय तक सूर्यदेव इस रहस्य को नहीं समझ सके, क्योंकि छाया का स्वरूप संज्ञा के समान ही था। किंतु जब छाया ने अपनी संतानों के प्रति विशेष स्नेह और संज्ञा की संतानों–यमराज तथा यमुना–के प्रति भेदभाव दिखाना आरम्भ किया, तब सूर्यदेव को संदेह हुआ। सत्य का पता चलने पर वे अत्यंत व्यथित हुए और सीधे भगवान विश्वकर्मा के पास पहुँचे।

विश्वकर्मा ने विनम्रता से बताया कि आपकी पत्नी आपको छोड़कर नहीं गईं, बल्कि आपके असहनीय तेज के कारण तपस्या करने चली गई हैं। यदि आपका तेज कुछ कम हो जाए तो उनका पुनः आपके साथ रहना संभव हो सकेगा। पत्नी के प्रेम और परिवार की सुख-शांति के लिए सूर्यदेव ने बिना किसी अहंकार के अपना तेज कम कराने का निर्णय लिया। विश्वकर्मा ने अपने दिव्य उपकरणों से सूर्यदेव के तेज को तराशना आरम्भ किया। यह प्रक्रिया अत्यंत पीड़ादायक थी। प्रचंड ताप और असहनीय वेदना के कारण सूर्यदेव कई बार मूर्छित होने लगे। तब विश्वकर्मा ने उन्हें एक विशेष उपचार बताया। उन्होंने कहा कि यदि आप अपने शरीर पर रक्त चंदन का लेप करें और कनेर के पुष्पों का स्पर्श करें तो यह पीड़ा शांत हो जाएगी।

सूर्यदेव ने वैसा ही किया। रक्त चंदन की शीतलता और कनेर के पुष्पों की दिव्य सुगंध से उनकी वेदना शांत हो गई। तभी से लाल चंदन और कनेर के पुष्प भगवान सूर्य को अत्यंत प्रिय माने जाने लगे। आज भी सूर्य पूजा में इनका विशेष महत्व इसी पौराणिक प्रसंग की स्मृति में बना हुआ है। धर्मशास्त्र यह भी स्पष्ट करते हैं कि पूजा का वास्तविक आधार बाहरी सामग्री नहीं, बल्कि श्रद्धा है। यदि किसी भक्त के पास लाल चंदन या कनेर के पुष्प उपलब्ध न हों, तो भी वह निर्मल मन से केवल जल अर्पित करे तो भगवान सूर्य उसकी भक्ति स्वीकार करते हैं। सूर्यदेव कर्म, अनुशासन और सत्य के देवता हैं। वे बाहरी वैभव से अधिक निष्कपट भावना को महत्व देते हैं।

भारतीय जीवनदर्शन में सूर्य केवल एक ग्रह या खगोलीय पिंड नहीं हैं। वे समय, ऊर्जा, स्वास्थ्य, परिश्रम और सकारात्मकता के प्रतीक हैं। प्रातःकाल सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा केवल धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य से भी जुड़ी हुई है। उगते सूर्य की किरणें शरीर को ऊर्जा देती हैं, मन में उत्साह जगाती हैं और जीवन में नियमितता का संदेश देती हैं। आज के व्यस्त जीवन में यदि प्रत्येक व्यक्ति दिन की शुरूआत भगवान सूर्य को प्रणाम कर, कृतज्ञता के साथ कुछ क्षण प्रकृति के बीच बिताए, तो केवल आध्यात्मिक ही नहीं, मानसिक शांति भी प्राप्त हो सकती है। लाल चंदन और कनेर के पुष्प हमें यह भी स्मरण कराते हैं कि सबसे तेजस्वी और सामर्थ्यवान भी प्रेम, करुणा और त्याग के लिए स्वयं को बदलने का साहस रखते हैं।

**आमंत्रण**

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## रफ ड्राइविंग से ट्रक ने कार को मारी टक्कर

**शुजालपुर।** शुजालपुर-आष्टा मार्ग पर किशोनी जोड के समीप कमला रिजॉर्ट के सामने एक ट्रक और कार की टक्कर में बड़ा हादसा टल गया। दुर्घटना में कार क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि उसमें सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए। घटना दोपहर 11.43 बजे हुई, जिसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। कार चालक शुजालपुर निवासी राजेंद्र पाटीदार ने आरोप लगाया कि ट्रक चालक तेज गति और लापरवाही से वाहन चला रहा था। उन्होंने बताया कि ट्रक चालक ने न तो साइड दी और न ही सुरक्षित दूरी रखी। इसी दौरान ट्रक ने उनकी कार को टक्कर मार दी और कुछ दूरी तक घसीटता हुआ ले गया, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। उस समय कार में परिवार की दो महिलाएं भी सवार थीं।

## एनएसयूआई जिलाध्यक्ष का स्वागत

**शाजापुर।** पंडित बालकृष्ण शर्मा नवीन कॉलेज से सोमवार को एनएसयूआई के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष जय कराड़ा के स्वागत में एक विशाल बाइक रैली निकाली गई। पदभार संभालने के बाद जय कराड़ा की पहली स्वागत यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में छात्र और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

## 24 ग्राम स्मैक के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

**आगर-मालवा।** आगर मालवा की सुसनेर पुलिस ने रविवार को उज्जैन-झालावाड़ नेशनल हाईवे 552-जी पर लटूरी गुर्जर जोड़ के पास घेराबंदी कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 24 ग्राम अवैध स्मैक जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 84 हजार रुपए है। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल की जा रही बाइक और मोबाइल फोन भी जब्त किया, जिनकी कीमत लगभग 1 लाख 80 हजार रुपए बताई जा रही है। टीआई अक्षय सिंह बेस ने रविवार शाम 6 बजे बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस टीम को सूचना मिली थी, जिसके बाद लटूरी गुर्जर जोड़ के पास घेराबंदी की गई।

## देवास में बुजुर्ग महिला से मारपीट, एसपी ऑफिस पहुंचा बेटा

**देवास।** जिले के कांटाफोड़ थाना क्षेत्र के बैडगांव में एक बुजुर्ग महिला के साथ कथित मारपीट का मामला सामने आया है। महिला के बेटे ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित सुगना बाई मंसोरे के बेटे गणेश ने उप पुलिस अधीक्षक बबीता बामनिया को दिए आवेदन में बताया कि यह घटना 6 जुलाई को हुई थी। आरोप है कि जब परिवार के लोग खेत पर पहुंचे, तब कुछ रिश्तेदार महिलाओं ने सुगना बाई के साथ मारपीट की। गणेश के अनुसार, विवाद जमीन को लेकर है। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित जमीन पर उनका कब्जा है, लेकिन कुछ लोगों ने कुछ माह पहले फर्जी तरीके से जमीन अपने नाम करवा ली है। इसी जमीन विवाद के चलते मारपीट की घटना हुई। उप पुलिस अधीक्षक बबीता बामनिया ने बताया कि उन्हें आवेदन प्राप्त हो गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर तथ्यों के आधार पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## बड़ौद क्षेत्र के मेडिकल स्टोरों पर औचक जांच



**बडौद।** कलेक्टर एवं खाद्य एवं औषधि प्रशासन भोपाल के निर्देश पर सोमवार को बड़ौद तहसील के सूदवास और मडकोटा स्थित मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान कई मेडिकल स्टोर बिना पंजीकृत फार्मासिस्ट के संचालित पाए गए, जबकि कुछ दुकानें बंद मिलीं। औषधि निरीक्षक रोशनी धुर्वे ने बताया कि निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं के आधार पर संबंधित मेडिकल स्टोर संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण का उद्देश्य मेडिकल स्टोरों पर औषधियों के वैधानिक एवं सुरक्षित वितरण को सुनिश्चित करना तथा नियमों का पालन कराना है।

### आवारा मवेशियों पर चला नगर पालिका का डंडा, दो दिन में 70 पशु पकड़े

# मुख्यमंत्री की घोषणा के दो साल बाद भी नहीं बनी गौशाला, डेढ़ करोड़ की डीपीआर मंजूरी का इंतजार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

शहर में आवारा मवेशियों के कारण लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं, लोगों की जान जोखिम में पड़ने और मीडिया में मामला प्रमुखता से उठने के बाद नगर पालिका ने रविवार से विशेष अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत रविवार और सोमवार को शहर के विभिन्न हिस्सों से 70 आवारा मवेशियों को पकड़कर ग्रामीण क्षेत्र की दो गौशालाओं में भेजा गया।

हालांकि नगर पालिका के पास न तो स्वयं की गौशाला है और न ही पर्याप्त संसाधन, जिससे अभियान संचालन में परेशानियां सामने आ रही हैं। नगर पालिका के प्रभारी प्रहलाद मालवीय ने बताया कि रविवार को मंडी क्षेत्र के प्रमुख मार्ग, राम मंदिर क्षेत्र, बड़े हनुमान मंदिर, पंजाबी मोहल्ला सहित अन्य स्थानों से 42 आवारा मवेशियों को पकड़कर शाजापुर नगर पालिका से बुलाए गए वाहन के माध्यम से सिलोदा गांव स्थित गौशाला भेजा गया। सोमवार को सिटी क्षेत्र से 28 मवेशियों को पकड़कर इमलीखेड़ा गांव की गौशाला में पहुंचाया गया।




### शहर में 500 से अधिक आवारा मवेशी

नगर पालिका के अनुमान के अनुसार शहर में 500 से अधिक आवारा मवेशी सड़कों और कॉलोनियों में विचरण कर रहे हैं। फि लहाल अभियान मुख्य मार्गों तक सीमित है, जबकि ब्रजनगर, नई बस्तियों और अन्य कॉलोनियों में भी बड़ी संख्या में मवेशी घूम रहे हैं। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि अभियान को पूरे शहर में चलाया जाए। ग्रामीण क्षेत्र की गौशालाओं में सांडों को रखने में भी दिक्कत आ रही है। गौशाला संचालकों का कहना है कि सांड हिंसक और भारी-भरकम होने के कारण अन्य पशुओं और गौशाला की व्यवस्थाओं को प्रभावित करते हैं। ऐसे में अधिकांश गौशालाएं सांडों को रखने से बचती हैं।

### शहर में नहीं है गौशाला

नगर पालिका के पास आवारा मवेशियों को रखने के लिए स्वयं की गौशाला नहीं है। मवेशियों को पकड? और परिवहन के लिए भी नगर पालिका के पास पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं हैं। इस कारण शाजापुर नगर पालिका से वाहन मंगवाकर अभियान चलाया जा रहा है। अभियान शुरू करने से पहले नगर पालिका ने क्षेत्र की पांच गौशालाओं को पत्र लिखकर आवारा मवेशियों को रखने की अनुमति मांगी थी, लेकिन केवल दो गौशालाओं ने ही अनुमति दी।

वर्ष 2024 में शुजालपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नगर पालिका की मांग पर गौशाला निर्माण की घोषणा की थी। इसके बाद पचोर रोड स्थित दुध शीत केन्द्र के समीप लगभग पांच से छह बीघा भूमि आवंटित कर दी गई। नगर पालिका ने करीब डेढ़ करोड़ रुपए की डीपीआर तैयार कर एक वर्ष पहले शासन को भेज दी, लेकिन अब तक राशि स्वीकृत नहीं हुई है। नगर पालिका के अनुसार गौशाला निर्माण का प्रस्ताव पुनः नगरीय निकायों के लिए संचालित द्वारका नगरी योजना के तहत लंबित है।

### जल्द खरीदा जाएगा विशेष वाहन

नगरपालिका सीएमओ ओम त्रयंबकेश्वर मिश्रा ने बताया कि शाजापुर से मवेशियों को पकड़ने एवं परिवहन के लिए विशेष वाहन केवल दो दिनों के लिए उपलब्ध कराया गया था। अभियान को आगे भी जारी रखने के लिए इस वाहन को पुनः बुलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसी स्थिति से निपटने के लिए शुजालपुर नगर पालिका भी अपना स्वयं का विशेष वाहन खरीदेगी। इसके लिए वाहन क्रय की प्रक्रिया शुरू की जाएगी, ताकि आवश्यकता पड? पर शहर में आवारा मवेशियों को तत्काल पकड़कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा सके और किसी अन्य निकाय पर निर्भर नहीं रहना पड़े।

## उधारी के पैसे मांगना पड़ा भारी,युवक पर चाकू से जानलेवा हमला, हालत गंभीर होने पर इंदौर रेफर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

पैसों के लेन-देन को लेकर होने वाले विवाद अक्सर खूनी रूप ले लेते हैं। ऐसा ही एक सनसनीखेज मामला शाजापुर के कोतवाली थाना क्षेत्र से सामने आया है। यहां उधारी के आठ हजार रुपए वापस मांगना एक युवक को इतना भारी पड़ा कि कर्जदार ने उसे बातचीत के बहाने बुलाकर उस पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया।

पीठ में चाकू लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में इंदौर रेफर किया गया है। यह वारदात रात करीब 10 बजे कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पिंजारवाड़ी इलाके में हुई। घायल युवक की पहचान किला रोड क्षेत्र के लखेरवाड़ी निवासी मुदस्सिर पिता शकील के रूप में हुई है। मुदस्सिर ने बताया कि उसने करीब पांच महीने पहले अयान नामक युवक को 8 हजार रुपए उधार दिए थे। वह पिछले कुछ समय से अयान से अपने पैसे वापस मांग रहा था। पैसे लौटाने में आनाकानी करने पर दो दिन पहले भी दोनों के बीच तीखी बहस हुई थी।



### साजिश के तहत बुलाया और कर दिया हमला

घायल मुदस्सिर के अनुसार, रविवार रात अयान ने उसे बातचीत कर मामला सुलझाने के बहाने पिंजारवाड़ी बुलाया था। मुदस्सिर जब वहां पहुंचा, तो बातचीत के दौरान विवाद फिर से बढ़ गया। आरोप है कि इसी दौरान अयान और उसके साथी सोनू ने मिलकर मुदस्सिर पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। जिला अस्पताल में वरिष्ठ डॉक्टरों की निगरानी में प्राथमिक इलाज करने के बाद, उसकी गंभीर और नाजुक हालत को देखते हुए उसे तुरंत इंदौर के लिए रेफर कर दिया गया।

### बेटियां एशियन जंप रोप चैंपियनशिप में

## चीन में भारत का करेंगी प्रतिनिधित्व, रवाना होने से पहले एसपी ने किया उत्साहवर्धन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास की तीन जंप रोप खिलाड़ी श्रुतिका जसोना, आस्था परमार और तनिष्का राव चीन में होने वाली एशियन जंप रोप चैंपियनशिप-2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह प्रतियोगिता 30 जुलाई से 5 अगस्त तक चीन के झेजियांग प्रांत के शांग्यू (शाओशिंग) में आयोजित होगी। चीन रवाना होने से पहले तीनों खिलाड़ियों ने पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद से मुलाकात की।

इस मुलाकात के दौरान, एसपी गेहलोद ने तीनों खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश, प्रदेश और जिले का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने कहा कि देवास की बेटियां अपनी प्रतिभा और मेहनत से राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले की पहचान बना रही हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि तीनों खिलाड़ी एशियन चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर भारत के लिए गौरव के क्षण लेकर लौटेंगी।

## डॉ. शेर सिंह मीना ने आगर कलेक्टर का पदभार संभाला

**आगर-मालवा।** आगर-मालवा के नवागत कलेक्टर डा. शेर सिंह मीना ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। स्थानांतरित कलेक्टर प्रीति यादव ने उन्हें कार्यभार सौंपा। इस अवसर पर एडीएम डा. शालिनी श्रीवास्तव, जिला पंचायत सीईओ बीएस सोलंकी, एसडीएम मिलिंद ढोके, जिला कोषालय अधिकारी मनीष सोलंकी सहित अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। प्रीति यादव ने नवागत कलेक्टर का जिला अधिकारियों से परिचय कराया।

### बरवाई खेड़ा टोल पर वसूली को लेकर विरोध प्रदर्शन

## स्थानीय निजी वाहनों से दो दिन तक टोल नहीं लिया जाएगा, कंपनी बैठक करेगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खातेगांव

इंदौर-बैतूल नेशनल हाईवे-47 के बरवाई खेड़ा टोल प्लाजा पर स्थानीय निजी वाहनों से टोल वसूली को लेकर सोमवार रात फिर विवाद हो गया। प्रदर्शन और जाम की स्थिति बनने के बाद प्रशासन, टोल प्रबंधन और प्रदर्शनकारियों के बीच सहमति बनी कि अगले दो दिनों तक स्थानीय गैर-व्यावसायिक वाहनों से टोल नहीं लिया जाएगा। इस दौरान प्रशासन, एनएचएआई, टोल कंपनी और जनप्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक में स्थायी समाधान तलाशा जाएगा।

करीब 10 महीने तक स्थानीय गैर-व्यावसायिक वाहनों को मिली टोल छूट शनिवार को समाप्त हो गई। इसके बाद एनएचएआई की संशोधित अधिसूचना के अनुसार स्थानीय वाहनों से टोल वसूली दोबारा शुरू की गई। नई व्यवस्था लागू होते ही वाहन चालकों और टोल कर्मचारियों के बीच विवाद शुरू हो गया। विरोध बढ़ने पर स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया, जिसके बाद सोमवार तक वसूली अस्थायी रूप से रोक दी गई थी।

सोमवार को टोल प्रबंधन ने दोबारा टोल वसूली शुरू की। दिनभर छिटपुट विवाद होते रहे, लेकिन शाम को आसपास के गांवों और खातेगांव के बड़ी संख्या में लोग टोल प्लाजा पहुंच गए। प्रदर्शन के चलते टोल प्लाजा के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात प्रभावित हुआ।

### अधिकारियों के हस्तक्षेप से बनी सहमति

सूचना मिलने पर कन्नौद एसडीओपी आदित्य तिवारी और खातेगांव तहसीलदार जितेंद्र सिंह तोमर मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों और टोल प्रबंधन से चर्चा कर मामला शांत कराया। तहसीलदार ने बताया कि अगले दो दिनों तक स्थानीय गैर-व्यावसायिक वाहनों से टोल नहीं लिया जाएगा। इस दौरान एसडीएम, एनएचएआई, टोल कंपनी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की बैठक कर आगे की व्यवस्था तय की जाएगी।



### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार रेखा कछावा पति श्री घनश्याम कछावा निवासी 130/1 जयसिंहपुरा, उज्जैन ने जयनारायण शर्मा पिता श्री कैलाशचन्द्र शर्मा निवासी ग्राम चिंतामण जवासिया तहसील व जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भूखण्ड क्रमांक 10 जो भूमि सर्वे क्रमांक 142/3 (वर्तमान सर्वे नंबर 142/3/1/1/1) का भाग, स्थित ग्राम चिंतामण जवासिया, तहसील व जिला उज्जैन, क्षेत्रफल 69.64 वर्गमीटर को दलाल रामेश्वर पिता शिवसिंह चौहान निवासी ग्राम चिंतामण जवासिया तहसील व जिला उज्जैन के माध्यम से क्रय करने की लिखित सौदा चिट्ठी की होकर बयाना राशि अदा कर दी है तथा शीघ्र ही शेष राशि अदा कर रजिस्ट्री बयनामा संपादित कराया जाना है यदि उक्त भूखण्ड या उसके किसी भाग पर किसी भी बैंक, संस्था, अथवा निकाय का कोई ऋण भार हो या अन्य किसी प्रकार से लेख आदि किया हुआ हो तो वे इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में अपनी लेखी आपत्ति मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें अन्यथा बाद व्यतित होने अवधि मेरे पक्षकार शेष राशि अदा कर रजिस्ट्री बयनामा अपने हित में संपादित करा लेवेगें तत्पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी तथा समस्त लेख मेरे पक्षकार के मुकाबले प्रभावहीन एवं शून्य माने जावेगे।

इति दिनांक- 28/07/2026 उज्जैन

**कैलाशचन्द्र बंसल एडवोकेट**
**कार्यालय-146, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग मालीपुरा, उज्जैन**
**मो. 98260-50947**



### विधायक ने सुनी छात्रों की समस्या

## छात्रों ने बाउंड्रीवॉल की मांग उठाई, स्टूडेंट्स को 200 पौधे बांटे गए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया

अकोदिया के ग्राम मोरटा केवड़ी स्थित शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल में विधायक घनश्याम चंद्रवंशी ने विद्यार्थियों से चर्चा की। इस दौरान छात्रों ने स्कूल में बाउंड्रीवॉल नहीं होने की समस्या बताई। विधायक ने जल्द समाधान का भरोसा दिलाया।

विधायक ने कक्षाओं में पहुंचकर छात्र-छात्राओं से पढ़ाई, विद्यालय की सुविधाओं और उनकी आवश्यकताओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बच्चों का बेहतर भविष्य समाज और देश की सबसे बड़ी पूंजी है तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना सभी की जिम्मेदारी है। विधायक ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत छात्राओं को 200 पौधे वितरित किए। उन्होंने विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया और विद्यार्थियों को पौधों की देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित रखने का संकल्प दिलाया।

विद्यार्थियों ने बताया कि स्कूल परिसर में बाउंड्रीवॉल नहीं होने से शाम के समय असामाजिक तत्व यहां पहुंच जाते हैं, जिससे सुरक्षा और शैक्षणिक माहौल प्रभावित होता है। उन्होंने शीघ्र बाउंड्रीवॉल निर्माण की मांग की। विधायक ने कहा कि बाउंड्रीवॉल निर्माण का प्रस्ताव शिक्षा विभाग को भेजा जाएगा।



In The Court Of VII Civil Judge Class-I, District Court, Ujjain Presiding Officer:

**श्री राघवेन्द्र पटेल**

**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियन**
**सक्सेशन प्रकरण क्रमांक**

(MJC SUC/0000019/2026)

**दलवीर सिंह------- आवेदक**

**Vs**

**बैंक ऑफ इंडिया-----अनावेदक**

Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 26/08/2026**

**प्रेषिती**

(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण (2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दलवीर सिंह पिता स्व. बच्चनसिंह, आयु 62 वर्ष, व्यवसाय-कुछ नहीं, निवासी-688 शंकरपुर उण्डासा मक्सी रोड उज्जैन म प्र की ओर से इस न्यायालय के समक्ष एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम के अधीन प्रस्तुत किया है जिसमें आवेदक के पिता स्व. बच्चनसिंह पिता - तेजासिंह एवं माता स्व. श्रीमती महिन्दर कौर पति स्व. बच्चन सिंह का पुत्र है आवेदक ही इनका एकमात्र विधिक वारिसान एवं उत्तराधिकारी है उसके पिता स्व. बच्चनसिंह का दिनांक 22/03/2010 को एवं माता स्व. श्रीमती महिन्दर कौर का दिनांक 27/04/2025 को देहान्त हो चुका है। आवेदक के पिता स्व. बच्चनसिंह एवं माता स्व. श्रीमती महिन्दर कौर का अनावेदक क्रमांक 1 बैंक ऑफ इंडिया शाखा सेठीनगर उज्जैन में एक खाता नं.910845100001771 में है जिनके द्वारा एक एफ डी जिसका क्रमांक 7801956 राशि रुपये 80982/- रुपये दिनांक 15/02/2006 को की गई थी जिसकी परिपक्वता दिनांक 15/02/2009 को हो गई थी। आवेदक ने मृतकगण स्व. बच्चनसिंह पिता तेजासिंह एवं स्व. श्रीमती महिन्दर कौर पति स्व. बच्चन सिंह, निवासी- 688 शंकरपुर उण्डासा मक्सी रोड उज्जैन म प्र की अनावेदक क्रं. 1 की बैंक में जमा उक्त एफ डी रुपये 80982/- राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 26 अगस्त 2026 को नियत है। युद्धि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने वृधी प्रमाण पुत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 26 अगस्त 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रक्ररण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 25 जुलाई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(राघवेन्द्र पटेल)**
**सप्तम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

### जाहिर सूचना


सर्वसाधारण जन को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकारगण विनोद राठौर पिता श्री बालाराम जी एवं श्रीमती कृष्णा राठौर पति विनोद राठौर, निवासी- 11, मंगलनगर, मकोडियाआम नाका, उज्जैन के निवासी है। मेरे पक्षकारगण के पुत्र दुर्गेश राठौर जिसका विवाह एकता राठौर से हिन्दू रिति अनुसार संपादित हुआ था उक्त विवाह के कुछ वर्ष पश्चात मेरे पक्षकारगण के पुत्र दुर्गेश व उसकी पत्नी एकता राठौर के मध्य विवाद उत्पन्न हो गये तथा अत्याधिक वैचारिक मतभेद उत्पन्न हो जाने से व अपनी पत्नी के प्रताडनाकारक व्यवहार से मेरे पक्षकारगण के पुत्र दुर्गेश ने स्वयं को जान से खत्म करने की कोशिश कि थी तथा विगत 02 वर्ष से दुर्गेश अपनी पत्नी के प्रताडनाकारण व्यवहार से त्रस्त होकर बिना किसी को सूचित करे स्वयं घर छोडकर कही चला गया है जिसकी आज दिनांक तक कोई खोज खबर नही है मेरे पक्षकारगण के द्वारा पुत्र दुर्गेश को तलाश किये जाने का व्यक्तिगत स्तर पर अथक प्रयास किये गये किंतु निरंतर असफलता हासिल हुई। वर्तमान में मेरे पक्षकारगण का दुर्गेश व उसकी पत्नी से किसी भी प्रकार से कोई संपर्क, सबंध, व्यवहार नही है। कोर्ट, तहसील, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का कोई नोटिस, सूचना पत्र, वांरट इत्यादि मेरे पक्षकारगण के पते पर निर्वाहित नही किया जावे मेरे पक्षकारगण का अपने पुत्र से किसी प्रकार का प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से कोई संबंध नही है। यदि दुर्गेश के नाम से कोई सूचना पत्र, वारंट इत्यादि मेरे पक्षकार के पते पर प्रेषित किया जाता है तो उसकी जिम्मेदारी प्रेषक की होगी तथा उक्त सूचना पत्र, वारंट मेरे पक्षकारगण पर बंधनकारक नहीं होकर शून्यवत प्रभावहीन माने जावेगा। दिनांक 29.07.2026

**विवेक शर्मा एडव्होकेट**
**कार्यालय अंकपात मार्ग, लक्ष्मी पेट्रोल पंप के सामने, उज्जैन**
**मोबा.- 6263274949**



## मिसेज इंडिया प्रतियोगिता में फोटोजेनिक और स्टाइल आइकन का खिताब भी जीता

**शुजालपुर।** देश की प्रतिष्ठित मिसेज इंडिया प्रतियोगिता में शुजालपुर की बेटी एवं बहू सलोनी नारंग धाकड़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाया है। सलोनी ने प्रतियोगिता में टॉप 8 फ इनलिस्ट में स्थान बनाने के साथ ही तीन प्रतिष्ठित सब टाइटल अपने नाम किए। सलोनी को मिसेज टॉप मॉडल, मिसेज फ ोटोजेनिक और मिसेज स्टाइल आइकन के खिताब से सम्मानित किया गया। देशभर से आई प्रतिभागियों के बीच उन्होंने आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और मंच पर प्रभावशाली प्रस्तुति से निर्णायकों और दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। हालांकि मुख्य खिताब किसी अन्य प्रतिभागी के नाम रहा, लेकिन सलोनी की उपलब्धि को प्रतियोगिता की उल्लेखनीय सफ लताओं में माना जा रहा है। एक बेटी, बहू, पत्नी और मां की भूमिका निभाते हुए उन्होंने यह संदेश दिया कि दृढ़ संकल्प और मेहनत से हर सपना साकार किया जा सकता है। सलोनी की सफ लता पर शुजालपुर में खुशी का माहौल है। परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उनकी उपलब्धि क्षेत्र की युवतियों और महिलाओं के लिए प्रेरणा बनकर उभरी है।



## विश्वास के बिना नहीं मिलती शिव कृपा शिवपुराण कथा का हुआ विश्राम



**शुजालपुर।** आष्टा रोड स्थित गार्डन में आयोजित विराट शिवपुराण कथा का सोमवार को विश्राम हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त किया। कथा के अंतिम दिन मानस मर्मज्ञ पंडित श्याम मानवत ने कहा कि इस संसार का बीज ब्रह्मा, विस्तार भगवान विष्णु और सार भगवान शिव हैं। उन्होंने कहा कि संसार में सब कुछ नश्वर और असार है, केवल शिव ही सार तत्व हैं। इसी भाव को व्यक्त करते हुए उन्होंने संसार सारं भुजगेन्द्र हार मंत्र का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि धातुओं में सर्वाधिक घनत्व पारद मरकरी का माना जाता है, इसलिए पारद शिवलिंग की पूजा का विशेष महत्व है। जो व्यक्ति जीवन के अंतिम सत्य और सार तक पहुंचना चाहता है, उसे शिव की आराधना करनी चाहिए। कथा के दौरान पंडित मानवत ने शिव और सती प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि राजा दक्ष बुद्धि के प्रतीक हैं और उनकी पुत्री सती तर्क का स्वरूप हैं। वहीं भगवान शिव विश्वास के प्रतीक हैं। तर्क और विश्वास साथ-साथ नहीं चल सकते, इसलिए सती और शिव के बीच मतभेद दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वास के साथ केवल श्रद्धा ही रह सकती है। इसी कारण सती को पुनर्जन्म लेकर पार्वती के रूप में श्रद्धा बनना पड़ा, तब जाकर वे शिव की अभिन्न अर्धांगिनी बन सकीं। कथावाचक पंडित मनोज ने कहा कि भगवान शिव निर्वाण और मोक्ष के देवता हैं।

### ग्राम इकाइयों से मजबूत होगा संगठन

## 5 प्रांत और 26 विधानसभा क्षेत्रों तक विस्तार, मीणा समाज प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हुई



**शुजालपुर।** मीणा समाज शक्ति संगठन की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में संगठन को गांव से राष्ट्रीय स्तर तक मजबूत बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में संगठन का विस्तार पांच प्रांतों और 26 विधानसभा क्षेत्रों तक करने तथा ग्राम स्तर से इकाइयों के गठन के माध्यम से संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने का निर्णय लिया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि संगठन अब नीचे से ऊपर मॉडल पर कार्य करेगा। इसके तहत सबसे पहले गांव स्तर पर संगठन की इकाइयां गठित की जाएंगी, जिससे समाज की समस्याएं और सुझाव सीधे शीर्ष नेतृत्व तक पहुंच सकें। साथ ही युवाओं को रोजगार और उद्योग से जोड़ने, प्रतिभाओं को सम्मानित करने तथा समाज की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए गोत्र वाटिका स्थापित करने का भी निर्णय लिया गया। जिला स्तर पर सत्यम मीणा राजगढ़, रवि मीणा विदिशा, मलखान मीणा रायसेन,विवेक मीणा खंडवा, पंकज मीणा इंदौर, मनोज मीणा सीहोर एवं रामबाबू मीणा शाजापुर को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में पांचों प्रांतों में कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने, जिला स्तर पर प्रतिभा सम्मान समारोह एवं कार्यकारिणी विस्तार, युवाओं के लिए रोजगार एवं उद्योग प्रकोष्ठ को सक्रिय करने तथा समाज की परंपराओं के संरक्षण के लिए गोत्र वाटिका विकसित करने का निर्णय लिया गया।



### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार रोहा हाउसिंग फायनेन्स प्राइवेट लिमिटेड कार्यालय 301, तृतीय मंजिल पाटीदार टॉवर फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड क्रमांक 25 जो भूमि सर्वे क्रमांक 117/2 स्थित संगम नगर ग्राम नीमनवासा तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुलक्षेत्रफल 55.66 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व मे - भूखण्ड क्रमांक 22, पश्चिम मे - कॉलोनी का रोड़, उत्तर मे - भूखण्ड क्रमांक 24, दक्षिण मे - भूखण्ड क्रमांक 26 स्थित है। उक्त सम्पत्ति कृष्णा खण्डेलवाल पिता प्रमोदशंकर खण्डेलवाल ने इसके पूर्वस्वामी वर्षा बंसल पुत्री कैलाशचंद्र बसंल से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक MP432022022A11301272 दिनांक 28/12/2022 के माध्यम से क्रय कि। कृष्णा खण्डेलवाल का स्वर्गवास दिनांक 20/09/2023 को हो जाने के पश्चात उक्त संपत्ति पर गौरव खण्डेलवाल पिता प्रमोदशंकर खण्डेलवाल ने अपना नामांतरण उज्जैन नगर पालिक निगम उज्जैन में प्रकरण क्रमांक 2371/2025/7PT दिनांक 17/12/2025 को अपना नाम दर्ज करवाया। तथा गौरव खण्डेलवाल ने उक्त संपत्ति को विक्रय करने का अनुबंध अश्विन पॉल पिता अजय पॉल से किया हैं। तथा अश्विन पॉल ने उक्त सपंत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु रोहा हाउसिंग फायनेन्स प्रा.लि. उज्जैन में आवेदन किया हैं, तथा मेरे पक्षकार रोहा हाउसिंग फायनेन्स प्रा.लि. उज्जैन का उक्त संपत्ति पर बंधक ऋण प्रस्तावित है। अतः सूचित किया जाता हैं कि उक्त संपत्ति में अन्य किसी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त संपत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर रोहा हाउसिंग फायनेन्स प्रा. लि. उज्जैन द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त संपत्ति पर प्रथम ऋण भार रोहा हाउसिंग फायनेन्स प्रा.लि. उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**

## पुलिस और किसान आमने सामने, सीएम हाउस घेरने पहुंचे

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में मूंग की 100 प्रतिशत सरकारी खरीदी और खाद वितरण व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर भोपाल पहुंचे। मुख्यमंत्री आवास घेरने जा रहे किसानों को रोकने के लिए वीर सावरकर सेतु के पहले भारी पुलिस बल तैनात किया गया। यहां पुलिस और किसान आमने-सामने आ गए हैं। किसान नेताओं का कहना है कि वे सीएम हाउस के सामने डेरा डालेंगे और मांगें पूरी होने तक वापस नहीं लौटेंगे। इससे पहले 11 मील बायपास पर पुलिस और किसानों के बीच बैरिकेडिंग को लेकर धक्का-मुक्की हुई थी। किसान बैरिकेड हटाकर आगे बढ़ गए थे। किसानों के कूच को देखते हुए होशंगाबाद रोड पर सुरक्षा बढ़ाई गई है। ट्रैफिक डायवर्जन के कारण कटारा हिल्स रोड पर करीब 3 किलोमीटर लंबा जाम लग गया है। आंदोलनकारी सात दिन का राशन-पानी साथ लेकर आए हैं।

## मध्यप्रदेश में 8 आईएएस अफसरों के तबादले

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार ने 8 आईएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। सबसे बड़ा बदलाव 2016 बैच की अधिकारी मिशा सिंह की पोस्टिंग को लेकर किया गया है। दो दिन पहले जारी तबादला सूची में उन्हें शहडोल कलेक्टर बनाया गया था लेकिन अब संशोधित आदेश में उनकी पोस्टिंग अपर आयुक्त, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, भोपाल कर दी गई है। मिशा सिंह प्रेग्नेंट हैं, इसी वजह से उन्होंने भोपाल या इंदौर में पदस्थापना का अनुरोध किया था। इसके साथ ही पार्थ जायसवाल को छतरपुर से शहडोल कलेक्टर, मृणाल मीणा को बालाघाट से छतरपुर कलेक्टर और कुमार सत्यम को बालाघाट का कलेक्टर बनाया गया है।

## ट्विशा केस-दोनों आरोपियों की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**भोपाल।** ट्विशा केस में मंगलवार को सीबीआई कोर्ट में दोनों आरोपियों गिरिबाला सिंह और समर्थ सिंह की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई। ट्विशा पक्ष के अधिवक्ता शुभांग दीक्षित ने बताया कि सुनवाई के बाद अदालत ने दोनों आरोपियों की न्यायिक हिरासत (ज्यूडिशियल रिमांड) 11 अगस्त तक बढ़ा दी। सुनवाई के दौरान ट्विशा के पिता और भाई भी अदालत में मौजूद रहे और पूरी कार्यवाही देखी। शुभांग दीक्षित के अनुसार, पेशी के दौरान आरोपियों की ओर से कहा गया कि सीबीआई का यह दावा सही नहीं है कि उन्होंने वॉइस सैंपल देने में सहयोग नहीं किया। बचाव पक्ष ने अदालत में यह भी कहा कि वॉइस सैंपल लेने के दौरान जांच एजेंसी के अधिकारियों का व्यवहार उचित नहीं था और इस संबंध में अपनी आपत्ति दर्ज कराई।

## 2025 के बाद से जिला जज रिटायर नहीं

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश की जिला एवं अधीनस्थ अदालतों में लंबित मामलों का बोझ लगातार बढ़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि 31 अक्टूबर 2025 के बाद से प्रदेश में एक भी जिला या अधीनस्थ न्यायाधीश सेवानिवृत्त नहीं हुआ, क्योंकि न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति आयु 60 से बढ़ाकर 61 वर्ष करने के प्रस्ताव पर मंथन चल रहा है। इस कारण जिन 26 न्यायाधीशों को अब तक रिटायर हो जाना था, वे फिलहाल न्यायिक कार्य कर रहे हैं। इसके बावजूद अदालतों में लंबित मामलों का पहाड़ कम होने के बजाय और ऊंचा हो गया है। 26 अगस्त 2025 और 26 जुलाई 2026 के बीच के आंकड़े बताते हैं कि प्रदेश के अधिकांश प्रमुख जिलों में सिविल और आपराधिक दोनों श्रेणियों के लंबित मामलों में वृद्धि दर्ज की गई।

## कॉकरोच जनता पार्टी चीफ दीपके की धमकी

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने मंगलवार को कहा, अगर छात्रों के खिलाफ कार्रवाई नहीं रुकी तो, वे बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। दीपके ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर एक पोस्ट में यह बात कही है। कॉकरोच जनता पार्टी ने हाल ही में दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन किया था। इसकी मांगों में शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग प्रमुख थी। 36 दिन बाद शिक्षा मंत्री पद से धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा। इसके बाद धरना प्रदर्शन खत्म किया गया।

## ट्रम्प से मुलाकात करने अमेरिका पहुंचे जेलेंस्की

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प व्हाइट हाउस में आज यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे। माना जा रहा है कि इन दोनों बैठकों में यूरोप और पश्चिम एशिया के मौजूदा हालात पर अहम फैसले हो सकते हैं।

## राठौर समाज शुजालपुर को मिला नया अध्यक्ष

**शुजालपुर।** राठौर समाज शुजालपुर की बैठक स्थानीय राम मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में समाज के विभिन्न पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे। चर्चा के बाद सर्वसम्मति से निर्मल राठौर को राठौर समाज शुजालपुर का नया अध्यक्ष चुना गया। समाज के पूर्व अध्यक्ष कमलेश राठौर ने बैठक में निर्मल राठौर के अध्यक्ष चुने जाने की औपचारिक घोषणा की। इस अवसर पर उपस्थित समाजजनों ने उनका पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया तथा नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

## मंदिर के बाहर चोरों का दुस्साहसः श्रद्धालुओं की आवाजाही के बीच बाइक चोरी

**शुजालपुर।** मंडी क्षेत्र में बाइक चोरों का गिरोह बेखौफ नजर आ रहा है। सोमवार शाम मंडी स्थित श्रीराम मंदिर के सामने श्रद्धालुओं की आवाजाही के बीच बदमाशों ने बाइक चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। पूरी घटना करीब 2.45 मिनट तक सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। वहीं उसी रात स्वप्न सिटी कॉलोनी से भी एक अन्य बाइक चोरी हो गई। एक ही रात में दो बाइक चोरी होने से पुलिस की गश्त और जांच की रफ्तार पर सवाल उठने लगे हैं। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार शाम करीब 7.30 बजे इमलीखेड़ा निवासी तेजस्व परमार अपनी हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक से श्रीराम मंदिर दर्शन करने पहुंचे। बाइक मंदिर के बाहर खड़ी कर वे अंदर चले गए। इसी दौरान मंदिर के ओटले के पास बैठे दो संदिग्ध युवकों की गतिविधियां शुरू हो गईं। फुटेज में दिखाई देता है कि एक युवक पहले कई बार मंदिर के मुख्य द्वार की ओर देखकर यह सुनिश्चित करता है कि बाइक मालिक अंदर ही है। इसके बाद वह जेब से कथित मास्टर की निकालकर बाइक का लॉक खोलने का प्रयास करता है। इस बीच श्रद्धालुओं और राहगीरों की आवाजाही लगातार बनी रहती है, जिससे आरोपी कुछ देर तक सामान्य व्यक्ति की तरह इधर-उधर टहलता और मौके का इंतजार करता है। मौका मिलते ही वह मंदिर के बाहर भगवान को नमन करने का आभास देता है।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी 1. गेना बाई पति श्री रूपसिंह जी, उम्र 61 वर्ष, निवासी 16, लसुड़िया मोरी, तहसील व जिला इंदौर म.प्र. 2. विकास सिंह पंवार पिता श्री पवनसिंह जी पंवार, उम्र 21 वर्ष, निवासी- 16, लसुड़िया मोरी, तहसील व जिला इंदौर म.प्र. से उनके अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य कि कृषि भूमि सर्वे नम्बर 142 रकबा 1.350 हेक्टर, सर्वे नम्बर 156/1 रकबा 1.340 हेक्टर, सर्वे नम्बर 145/1 रकबा 0.330 हेक्टर, सर्वे नम्बर 135/2 रकबा 0.500 हेक्टर, सर्वे नम्बर 127/1/2 रकबा 0.380 हेक्टर, सर्वे नम्बर 129/2 रकबा 0.530 हेक्टर, सर्वे नम्बर 143/1 रकबा 0.760 हेक्टर, सर्वे नम्बर 144/2 रकबा 0.360 हेक्टर, कुल किता 08 कुल रकबा 5.550 हेक्टर भूमि, ग्राम-दुकराल तहसील माकडौन जिला उज्जैन में स्थित है, उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि में से टोकन राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब केवल अनुबंध पत्र व विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्र व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशून्य रहेगी। सो सूचित हो।

इति: दिनांक-28/07/2026

**पीयूष पण्ड्या, एडवोकेट**
**ऑफिस-डी-12 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन,**
**मो. 94248 78460**

### The Court Of VII Civil Judge Class-1. District Court, Ujjain

**Presiding Officer:- श्री राघवेन्द्र पटेल**

**( आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक ) (UNCIV/0000118/2026)**

**गजानंद भट्ट.......... आवेदक**
**विरूद्ध**
**भू अर्जन अधिकारी ...... अनावेदक**

**Process 10-2026**
**पेशी दिनांक 27/08/2026**

**प्रेषिति-( 1 ) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण**
**( 2 ) आम जनता**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गजानंद भट्ट पिता श्री गट्टूलाल, आयु-70 वर्ष, व्यवसाय व्यापार, निवासी-गली नं.2 गोला मण्डी उज्जैन की ओर से इस न्यायालय के समक्ष एक आवेदन पर अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अधीन प्रस्तुत किया है जिसमें उसकी पत्नि सूर्यकांता भटट की मृत्यु दिनांक 16/05/2022 को हो चुकी है मृतिका सूर्यकांता के विधिक वारिसान उसके पति आवेदक तथा इनके तीन पुत्र मिथुन भटट, अभिषेक भटट, विजय भटट है। मृतिका सूर्यकांता भटट के नाम से शाजापुर में भूमि को शासन के द्वारा भू-अर्जन के माध्यम से अधिग्रहित किया था मुआवजा राशि माननीय उच्च न्यायालय एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय के अधिनिर्णय अनुसार प्रवर्तन प्रकरण क्रमांक 19/2022 में शासन/निर्णित ऋणि द्वारा डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा राशि रुपये 5475824/- में से स्व. बद्रीप्रसाद के हिस्से में आई राशि 2737812/- रुपये में से सूर्यकांता भट्ट के हिस्से में आई राशि 1/7 भाग का 391116/- रुपये है। उक्त राशि को आवेदक को दिये जाने में उनके उक्त तीनों पुत्रों को कोई आपत्ति नहीं है और उनकी ओर से पूर्ण सहमति है। आवेदक पता ने मृतिका सूर्यकांता भटट पत्नि गजानंद भटट, निवासी-गली नं.2 गोला मण्डी उज्जैन की उक्त 1/7 भाग का रुपये 391116/- राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 27 अगस्त 2026 को नियत है। संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनाक 27 अगस्त 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने। यह आज तारीख 22 जुलाई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**कृपया ध्यान दें-** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**न्यायालय की मुद्रा**

**न्यायाधीश**
**राघवेन्द्र पटेल**
**सप्तम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ**
**खण्ड उज्जैन म.प्र.**


**वेस्टर्न रेलवे ने विभिन्न विशेष ट्रेनों के यात्रा मार्गों का विस्तार किया।**

| ट्रेन नं. | से | को | दौड़ का दिन | विस्तारित अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 09085 | मुंबई सेंट्रल | इंदौर | सोमवार से शुक्रवार | 31.07.2026 से 28.08.2026 तक |
| 09086 | इंदौर | मुंबई सेंट्रल | मंगलवार, शनिवार | 01.08.2026 से 29.08.2026 तक |
| 09079 | मुंबई सेंट्रल | इंदौर | रविवार, मंगलवार | 02.08.2026 से 30.08.2026 तक |
| 09080 | इंदौर | मुंबई सेंट्रल | सोमवार, बुधवार | 03.08.2026 से 31.08.2026 तक |

रेल के ठहरावों, समय-सीमाओं और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं।

उपरोक्त ट्रेनों की विस्तारित यात्राओं के लिए बुकिंग 29.07.2026 से सभी पीआरएस काउंटरों और IRCTC वेबसाइट पर शुरू हो जाएगी। ये ट्रेनें विशेष किराए पर विशेष ट्रेन के रूप में चलेंगी।

पश्चिमी रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें और हमें फॉलो करें
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

सभी आरक्षित टिकटों के लिए कृपया मूल पहचान पत्र साथ रखें।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी मरयम बाई पति छोटे खान, उम्र 63 वर्ष, निवासी ग्राम ढाबला हर्दू घट्टिया उज्जैन (म.प्र.) से उनके अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य कि सर्वे नम्बर 136/1 रकबा 0.500 हेक्टर, सर्वे नम्बर 143/2 रकबा 0.280 हेक्टर, कुल किता 02 कुल रकबा 0.780 हेक्टर भूमि, ग्राम दुकराल तहसील माकडौन जिला उज्जैन में स्थित है, उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि में से टोकन राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब केवल अनुबंध पत्र व विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्र व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशून्य रहेगी। सो सूचित हो।

इति: दिनांक-28/07/2026

**पीयूष पण्ड्या, एडवोकेट**
**ऑफिस-डी-12 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन**
**मो. 94248 78460**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी दरबारसिंह पिता श्री प्रहलादसिंह जी, उम्र 43 वर्ष, निवासी ग्राम धनखेड़ी तहसील सांवेर जिला इंदौर (म.प्र.) से उनके अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य कि कृषि भूमि सर्वे नम्बर 230 रकबा 0.580 हेक्टर, सर्वे नम्बर 247/1 रकबा 0.550 हेक्टर, सर्वे नम्बर 247/2 रकबा 0.130 हेक्टर, सर्वे नम्बर 247/4 रकबा 0.200 हेक्टर, सर्वे नम्बर 248 रकबा 1.730 हेक्टर मे से रकबा 1.300 हेक्टर पश्चिम दिशा वाली भूमि, सर्वे नम्बर 249 रकबा 0.530 हेक्टर, सर्वे नम्बर 250/1 रकबा 0.270 हेक्टर, सर्वे नम्बर 227/1/2 रकबा 0.300 हेक्टर, सर्वे नम्बर 227/2 रकबा 0.130 हेक्टर, सर्वे नम्बर 231 रकबा 0. 630 हेक्टर, सर्वे नम्बर 229 रकबा 0.430 हेक्टर, कुल रकबा 5.050 हेक्टर भूमि, ग्राम- कालुखेड़ी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित है, उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि में से टोकन राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब केवल अनुबंध पत्र व विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्र व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशून्य रहेगी। सो सूचित हो। इति: दिनांक-28 / 07 / 2026

**पीयूष पण्ड्या, एडवोकेट**
**ऑफिस-डी-12 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन**
**मो. 94248 78460**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी श्रीमती जमीला बी पति स्व. कासम खां शाहजहां खां पिता स्व. कासम खां ए अकरम खा पिता स्व. कासम खां, अरफ़ खां पिता स्व. कासम खां ए आरिफखा पिता स्व. कासम खां, शरीफ खा पिता स्व. कासम खां, अख्तर बी पिता स्व. कासम खां ए फिरोज बी पिता स्व. कासम खां, गुलफसा पिता स्व. कासम खां पति फारुक खा, सह निवासी ग्राम करनावद तहसील उन्हेल जिला उज्जैन मध्य प्रदेश के कुल 9 सहखातेदार के स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 338 रकबा 0.500 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 339 रकबा 0.820 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 352/3 रकबा 0.380 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 353/1 रकबा 0.230 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 354 रकबा 0.420 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 355 रकबा 0.460 हेक्टेयर ए कुल खाते 6 एवं कुल क्षेत्रफल 2.810 हेक्टेयर भूमि ग्राम करनावद तह. उन्हेल जिला उज्जैन में स्थित है को मय तल लगायत हवाई हक सहित मेरे पक्षकार ने सौदा कर विधिवत रूप से सौदा चिट्ठी का निष्पादन कर टोकन राशि अदा कर दी है तथा जाहिर सूचना पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं आने की दशा में बयाना राशि अदा कर दस्तावेज अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया जाएगा उसके पश्चात अनुबंध पत्र में उल्लेखित शर्त अनुसार शेष राशि अदाकर विक्रय पत्र रजिस्ट्री का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में या उसके द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में किया जाएगा। यदि उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का सरकारी, साहूकारी या बैंक या किसी भी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार बकाया हो या किसी का उक्त संपत्ति में कोई हक, हित, हिस्सा या अधिकार निहित हो तो ऐसे संबंधित व्यक्ति, विभाग इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में प्रमाण सहित लिखित में मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय 11 बजे से 5 बजे तक उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत रूप से विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। इति दिनांक 29.07.2026

**शुभम सोलंकी एडव्होकेट**
**कार्यालय-बृजेश मार्केट उन्हेल जिला उज्जैन मध्यप्रदेश**
**मो. 8269772456**

### जाहिर सूचना

यह सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार (क्लाइंट) नीचे वर्णित संपत्ति को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (IDFC FIRST BANK Ltd), आगर मालवा शाखा में बंधक (Mortgage) रख रहे हैं। उक्त संपत्ति के वर्तमान स्वामी श्री सीताराम गुर्जर, पिता- श्री अमर सिंह, निवासी- ग्राम कृपापालपुर, तहसील व जिला आगर-मालवा (म.प्र.) हैं।

संपत्ति का विवरण: ग्राम कृपापालपुर, ग्राम पंचायत घणीखेड़ी, तहसील व जिला आगर-मालवा स्थित भूमि खसरा क्रमांक 45/4 पर बना एक मकान, कुल क्षेत्रफल- 4305 वर्ग फीट (0.04 हेक्टेयर)। चतुर्सीमा (सीमाएं): पूर्व: रास्ता (रोड), पश्चिम: शासकीय भूमि, उत्तर: श्री माखन सिंह / अमर सिंह का मकान, दक्षिण: शासकीय भूमि, उक्त संपत्ति श्री सीताराम गुर्जर, पिता- श्री अमर सिंह की पैतृक संपत्ति है, जो उन्हें अपने परिवार के सदस्यों के बीच हुए बंटवारा आदेश क्रमांक- 0043/A-27/2025-26, दिनांक- 21/08/2025 के माध्यम से प्राप्त हुई है। इस सूचना/प्रकाशन के माध्यम से यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग को उक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो, अथवा इस संपत्ति पर कोई ऋण (Loan), प्रभार (Encumbrance), कर (Tax) या रखरखाव शुल्क बकाया हो, अथवा किसी का कोई अधिकार, स्वत्व या हित हो, या विक्रेता के अन्य विधिक वारिसों (Legal Heirs) को कोई आपत्ति हो, तो ऐसा व्यक्ति, संस्था, विभाग या बैंक इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण/दस्तावेज़ों के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त समयावधि समाप्त होने के पश्चात किसी की भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

दिनांक-28.07.2026. उज्जैन,

प्रेषक
कमलेश बामनिया (एडव्होकेट)
ऑफिस पता - 210, प्रथम मंजिल कलवानी टावर
फ्रीगंज उज्जैन (म.प्र.)
मो.नं. – 6260038664, 9575990464

## कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की त्रिवेणी विहार योजना में स्थित भूखण्ड क्रमांक ए-40/12 श्रेणी एच.आय.जी. श्रीमती फातेमा अली पति श्री अकबर अली, निवासी-501, हसनजी टॉवर, कामदारपुरा, गौतमपुरा, उज्जैन (म.प्र.) के नाम पर दिनांक 11.08.2016 को लीज आधार पर आवासीय उद्देश्य हेतु आवंटित किया गया है। आवंटी श्रीमती फातेमा अली पति श्री अकबर अली, निवासी-501, हसनजी टॉवर, कामदारपुरा, गौतमपुरा, उज्जैन (म.प्र.) के द्वारा उक्त सम्पत्ति के विक्रय/अंतरण हेतु वांछित दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति का अंतरण श्रीमती आरती शास्त्री पति श्री कुलदीप शास्त्री, निवासी-03, गीता कॉलोनी, नगरकोट मंदिर, फाजलपुरा, उज्जैन (म.प्र.) के नाम पर किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। अतः आवंटी द्वारा यदि अन्य किसी भी व्यक्ति / बैंक/ वित्तीय संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति का सौदा किया गया हो या रहन / गिरवी/ मार्टगेज रखी गई हो अथवा उक्त संपत्ति विक्रय/अंतरण में किसी अन्य को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन तिथि के 07 दिवस में मय ठोस प्रमाण (प्रमाणित दस्तावेज) के लिखित रूप में सम्पदा शाखा में नियत अवधि के पूर्व प्रस्तुत कर आवेदन पत्र की पावती प्राप्त करें अन्यथा निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राधिकरण द्वारा विक्रय / अंतरण अनुमति दिये जाने की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक सम्पदा अधिकारी**
**उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी श्रीमती गीताबाई पति श्री नंदा, निवासी-ग्राम रानाबड तहसील व जिला उज्जैन (म. प्र.) के मालिकी स्वामित्व कि कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-44/1/1 (स) रकबा 0.6100 हेक्टर ग्राम गोन्दिया, प. ह. नं.-00019 तहसील व जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण रकबा मेसे उत्तर दिशा की रकबा 0.2000 हेक्टर को क्रय करने सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामी से कर आंशिक राशि अदाकर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। उपरोक्त कृषि भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 05 (पांच) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हों।

इति दिनांक-28.07.2026

**राजकुमार प्रजापत**
**एडवोकेट कार्यालय- ए -1 भरतपुरी काम्पलेक्स,**
**देवास रोड उज्जैन**
**मो. 94259-46659**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं कन्हैयालाल खांडेगर पिता श्री रामचंद्र जी खांडेगर, आयु 65 वर्ष, व्यवसाय व्यापार, निवासी 250, गौतम मार्ग, नयापुरा, हाल मुकाम गंगानगर, उज्जैन का होकर निम्नलिखित जाहिर सूचना का प्रकाशन कि मैं उज्जैन के ही प्रतिष्ठित नागरिक होकर उज्जैन शहर में निवास करता हूं तथा सीनियर सिटिजन हूं। मेरे बेटे ललित खांडेगर और उसकी पत्नी श्रीमती सीमाखांडेगर जो कि मेरे बहु बेटे हैं, उक्त दोनों के द्वारा मुझे अब इस वृद्धावस्था में बहुत परेशान किया जा रहा है, ना तो दोनों मेरा ध्यान रखते हैं और अक्सर मुझसे लड़ाई झगड़ा करते हैं। मैंने दोनों को काफी समझाने की कोशिश की हैं, परन्तु वे नहींमानते हैं उनके उपरोक्त व्यवहार व आचरण को देखते हुए अपनी समस्त चल-अचल मेरे बेटे ललित खांडेगर और उसकी पत्नी श्रीमती सीमा खांडेगर को बेदखलकरता हूँ। मुझे व मेरी पत्नी को पुत्रवधु सीमा के द्वारा अक्सर गालीगलोच कर झूठे फंसाने की धमकी दी जाती हैं और मुझे मेरे पुश्तैनी मकान से 250, गौतम पुरा, उज्जैन से पूर्व में ही निकाल दिया हैं, जिसके चलते वर्तमान में मैं पत्नीसहित गंगानगर , उज्जैन स्थित मकान में निवासरत हूं। अब मैं मेरे पुत्र व पुत्रवधु से प्रकार का कोई संबंध नहीं रखना चाहता हूं, उक्त कारण उक्त विज्ञप्ति प्रकाशित की जा रही हैं। मुझे ज्ञात हुआ है कि 2 दिवस पूर्व मेरे पुश्तैनी मकान पर ताला लगाकर चलित व पुत्रवधु सीमा कहीं चले गये हैं और मुझे आए दिन उनके द्वारा धमकी दी जाकर परेशान किया जा रहा हैं। सभी रिश्तेदारों को सूचित किया जाता हैं कि मेरा पुत्र ललित व पुत्रवधु सीमा से कोई संबंध सरोकार नहीं हैं, भविष्य में उनकी कए जाने वाले प्रत्येक कृत्यके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगें। सूचित हो।

इति दिनांक-28.07.2026

**कन्हैयालाल खांडेगर पिता श्री रामचन्द्र जी खांडेगर,**
**उम्र 65 वर्ष, व्यापार व्यवसाय**
**निवासी 250, गौतम मार्ग, नयापुरा, उज्जैन हाल मुकाम गंगानगर मों.9827243305**

It is hereby informed to the public that my client is mortgaging the below mentioned property in IDFC FIRST BANK Ltd, Agar Malwa Branch. The said property is currentlyowned by the property owner 1. Mr. Seetaram Gurjar S/o Mr. Amar Singh residents of Village Kripalpur, Tehsil and Dist. Agar-MalwaM.P.

The property is located at "A House on a Land Survey No. 45/4 Situated at Village Kripalpur , Gram Panchayat Ghanikhedi Tehsil and Dist. Agar-Malwa Total Area- 4305 Sq. Ft., having a total area of 0.04Hectare.

Boundaries (Chatur Seema):
East: Road
West: Government land
North: House of Mr. Makhan Singh/ Amar Singh
South: Government land

Said Propertyisparental Property ofMr. Seetaram Gurjar S/o Mr. Amar Singh. Hereceived this property wide from the partition order – 0043/A-27/2025-26, Dated – 21/08/2025, executed between his family members.

Through this publication, if any person, institution, bank, or department has any objection regarding this property, or if there are any outstanding loans, encumbrances, taxes, or maintenance dues on the property, or if anyone holds any right, title, or interest, or if any other legal heirs of the sellers have any objection, such person, institution, department, or bank must submit their objection along with written proof before me within 7 days from the date of this notice publication so that it can be resolved.

Otherwise, upon the expiry of the period, no objection from anyone shall be entertained.

Dated: 28/07/2026, Place: Ujjain

Sincerely,
Advocate : Kamlesh Bamniya
Office: 210, Frist Floor, kalvani Tower, Freegunj Ujjain (M.P.)
Mo.No. 6260038664, 9575990464

न्यूज कॉलम



## रविदास महाराज की 650वीं जयंती पर चलेगा समरसता संकल्प अभियान

### भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

**रतलाम।** संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 29 जुलाई से 20 फरवरी तक 'समरसता संकल्प अभियान' चलेगा । इसमे कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे। अभियान' के तहत मंगलवार को स्टेशन रोड स्थित उजाला पैलेस में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें अभियान की रूपरेखा और तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री उपाध्याय ने सभी मंडल अध्यक्षों से संत रविदास जी के समरसता और समानता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। उन्होंने अभियान को गति देने के लिए मंडल स्तर पर गठित टोलियो को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान अभियान की जिला टोली के संयोजक जिला महामंत्री जयवंत कोठारी, सह संयोजक प्रहलाद राठौर, प्रताप सिंह एव रमेश मालवीय मंचासीन रहे। कार्यशाला में अभियान की सफलता, आगामी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन और संगठनात्मक तैयारियों को लेकर विस्तृत रणनीति बनाई गई। इस अवसर पर पार्टी के जिला पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री तथा मंडल अभियान समिति के सदस्य उपस्थित रहे। जिला स्तरीय कार्यशाला में कार्यक्रम प्रभारी जयवंत कोठारी ने बताया कि 29 जुलाई को संत रविदास चौक में शाम 7 बजे दीपोत्सव होगा । इसमें 650 दीपक जलाए जाएँगे । उन्होंने सभी इस अवसर पर उपस्थित रहने का आव्हान किया है ।

## श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर में पादुका पूजन महोत्सव आज

**मंदसौर।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर ट्रस्ट द्वारा बुधवार, 29 जुलाई को श्री बालाजी महाराज के पादुका पूजन महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 6.30 बजे से 8.30 बजे तक श्री बालाजी महाराज के पूजन एवं हवन के साथ होगी। इसके पश्चात प्रातः 8.30 बजे से दोप. 12.30 बजे तक श्रद्धालु विद्वान आचार्यों के मार्गदर्शन में भगवान की पावन पादुकाओं का पूजन कर सकेंगे। ट्रस्ट के अनुसार, गुरु पूर्णिमा पर आयोजित होने वाला यह महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और गुरु परंपरा के प्रति समर्पण का विशेष पर्व है। इस अवसर पर गुरु दक्षिणा के रूप में धनराशि के स्थान पर प्रत्येक श्रद्धालु से प्रतिदिन एक हनुमान चालीसा का पाठ करने का संकल्प श्री बालाजी महाराज को समर्पित कराया जाएगा। श्री बालाजी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष धीरेंद्र त्रिवेदी, कार्यकारी अध्यक्ष जयप्रकाश सोमानी, उपाध्यक्ष दिलीप जोशी, सचिव धन्नालाल भगत, कोषाध्यक्ष गोपाल गोयल, ट्रस्टी ओमप्रकाश व्यास, अशोक गुप्ता, महेश कटलाना तथा आचार्य रामेश्वर शर्मा एवं भूपेंद्र शर्मा ने सभी श्रद्धालुओं से इस धार्मिक आयोजन में उपस्थित होकर बालाजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करने का आग्रह किया है।



## श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक महिला प्रकोष्ठ का खेल उत्सव संपन्न



**मंदसौर।** श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक महिला प्रकोष्ठ, मंदसौर द्वारा आयोजित खेल उत्सव में रंग-बिरंगे लहरिया परिधानों में उपस्थित महिलाओं ने विभिन्न मनोरंजक खेलों के साथ-साथ सावन तंबोला का आनंद लिया। शुरूआत में सबसे पहले आने वाली बहनों का स्वागत चहेती सुराणा, सरोज चपरोत, नीलीमा सकलेचा एवं रीना चपरोत ने किया। इसके पश्चात भगवान महावीर स्वामी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर आयुषी पोरवाल द्वारा प्रस्तुत मंगलाचरण से आयोजन का औपचारिक शुभारंभ हुआ। महिला प्रधान सुनीता खाबिया ने अध्यक्षीय उद्बोधन दिया, जिसके बाद कोषाध्यक्ष पुष्पलता चंडालिया एवं सुनीता खाबिया द्वारा बीओडी के पदाधिकारियों और सदस्यों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित महिला प्रधान रश्मि जैतावत का बहुमान भी किया गया। गेम मैनेजमेंट का दायित्व सह कोषाध्यक्ष नेहा बाफना, महामंत्री टीना हिंगड़ एवं मंत्री हिना दावड़ा ने संभाला। नीमा जैन और रंजीता संघवी द्वारा खिलाए गए सावन तंबोला के लाभार्थी हेमा हिंगड़ रहे। मूर्तिपूजक संघ के अध्यक्ष विजय सुराणा ने निवृत्तमान महिला प्रधान सुनीता खाबिया के कार्यकाल को अनुकरणीय और मिसाल कायम करने वाला बताया। कार्यक्रम का संचालन पूजा दुग्गड़ एवं शीतल कर्नावट ने किया तथा अंत में टीना हिंगड़ ने आभार माना।

## निनोरा धाम पर आज गुरु पूर्णिमा उत्सव

**पिपलियामंडी।** कनघट्टी सड़क मार्ग पर खोखरा निनोरा के मध्य स्थित गुरुपीठ पर राष्ट्रीय संत गुरुदेव डॉ पं.मिथिलेश जी नागर के पावन सानिध्य में भव्य गुरु पूर्णिमा महोत्सव आज 29 जुलाई 2026 बुधवार को मनाया जाएगा । जिसमें भारतवर्ष के विभिन्न राज्यों से हजारों श्रद्धालु गुरुगादी का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे । प्रातःकाल से अभिषेक,प्रवचन रहेंगे दोपहर 12 बजे से महाप्रसाद भंडारे का आयोजन रखा गया है । आप सभी अधिक से अधिक संख्या में पधारकर पुण्य लाभ अर्जित करें ।

### रतलाम में वन विभाग की जमीन को लेकर हुआ विवाद

# युवक की चाकू मारकर हत्या, पिता-भाई घायल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ रतलाम



रतलाम के बाजना थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह वन भूमि के विवाद में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। विवाद के दौरान एक युवक के गले पर चाकू से हमला कर दिया गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हमले में उसके पिता और बड़ा भाई भी घायल हो गए।

घटना केलकच्छ चौकी के कागलीखोरा गांव की है। मृतक की पहचान लक्ष्मण (18) पुत्र बादरिया के रूप में हुई है। मंगलवार सुबह करीब 8:30 बजे लक्ष्मण अपने पिता बादरिया और बड़े भाई नारायण (20) के साथ गांव की पहाड़ी पर वन भूमि की हकाई करने गया था। इसी दौरान गांव के 6 से 7 लोग वहां पहुंच गए। दोनों पक्षों के बीच बातचीत के दौरान विवाद हो गया।

गांव काफी अंदर होने और मोबाइल नेटवर्क नहीं होने के कारण पुलिस को घटना की सूचना करीब 10:30 बजे डायल-112 के जरिए मिली। सूचना मिलते ही बाजना थाना प्रभारी रविंद्र दंडोतिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। रतलाम से एफएसएल अधिकारी डॉ. अतुल मित्तल भी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने परिजनों से घटनाक्रम की जानकारी लेकर पंचनामा तैयार किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए बाजना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। दोपहर में शव का पोस्टमार्टम किया गया।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों पक्षों के बीच गांव की पहाड़ी पर स्थित वन विभाग की जमीन पर कब्जे को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ नामजद हत्या का मामला दर्ज किया है। कुछ आरोपियों को हिरासत में भी लिया गया है। घटनास्थल पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार भी पहुंचे।

एएसपी विवेक कुमार ने बताया कि डायल-112 पर हत्या की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मामले के सभी तथ्यों को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

**इन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज**

बाजना थाना प्रभारी रविंद्र दंडोतिया ने बताया कि मृतक की उम्र से संबंधित दस्तावेजों की जांच की जा रही है। परिजन उसकी उम्र 17 से 18 वर्ष बता रहे हैं। फिलहाल आरोपी रमेश पिता रावजी, पंकेश पिता जीवा, विकास पिता दारजी, राजीव पिता दारजी, माइकल पिता मोहन और मोहन पिता वेस्ता के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। सभी आरोपी एक ही परिवार के हैं।

### गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आप सामायिक का लक्ष्य जरूर रखे

# धर्म-त्याग-तपस्या करना है वो आज ही करें कल किसने देखा- महासती प्रफुल्ला श्री मसा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ रतलाम

अगर हर कोई यह सोच लेगा की एक मैं स्थानक नहीं जाऊंगा तो क्या फर्क पड़ जायेगा, बाकी सब तो जा ही रहे है, अगर सब यही सोच लेंगे तो क्या होगा जरा सोचो, अगर किटी पार्टी में न जाओ तो पेनेल्टी लगती है वैसे ही पेनल्टी यहाँ पर भी है, यहाँ की पेनल्टी बड़ी सीधी सीधी है, पाप में वृद्धि और पुण्य में कमी। उक्त विचार नीमचोक जैन स्थानक पर चातुर्मास हेतु विराजित महासाध्वी श्री प्रफुल्ला श्रीजी महाराज ने व्यक्त किए।

आपने कहा की चातुर्मास में त्रिशलानंदन की दुकान खुली है, यहाँ पर बिलकुल सच्चा माल मिलेगा, चातुर्मास काल में जीवो की उत्पत्ति बहुत ज्यादा होती है, इसलिए भगवान ने फरमाया है की संत सति एक जगह पर रुक कर धर्म आराधना करे और जिनवाणी का प्रचार प्रसार करे, अक्सर लोग कहते है की अगले चातुर्मास में धर्म आराधना तप तपस्या करेंगे अरे कल किसने देखा है, आज सभी इन्द्रिया स्वस्थ है, कल पता नहीं क्या होगा, अतः जो भी धर्म त्याग तपस्या करना है वो आज ही कर लो, आज हमारे सामने ऋषभ देव नहीं है महावीर नहीं है केवल उनकी बताई हुई जिनवाणी है, यही हमारा सहारा है।

संत सती घुमक्कड़ होते है, चातुर्मास के अलावा वे लगातार पैदल भ्रमण करते है, हम इस वर्ष लगभग 2000 किमी का विहार करके आये है तो आपका भी कर्तव्य बनता है की आप इस चातुर्मास में खूब धर्म आराधना करे और हमारा इतनी दूर आना सार्थक करे। सामायिक की कमाई प्रतिक्रमण की पूंजी जो न करे वो मुंजी, जब हम आपको बोलते है की बच्चों को सामायिक प्रतिक्रमण सिखाओ तो आपका जवाब होता है की मसा स्कूल की पढाई का बोझ बहुत ज्यादा है, ये नही कर पायेगा, फिर हम कहते है की आप सिख लो तो जवाब आता है की इस उम्र में अब याद नहीं रहता है, क्यों आपको दस साल पहले किसी ने पत्रिका में नाम नही लिखा था वो आज भी याद है, किसी को एक कटोरी बेसन दे दिया तो वो कटोरी लेना नही भूलते हो, ऑटो रिक्शा में यदि 4 लोगो के साथ बैठ गए तो ये यद् रहता है की पिछली बार किराया मेने दिया था, इस बार दूसरा देगा, ये सब बाते याद रहती है और सामायिक प्रतिक्रमण याद नहीं रहता, मतलब आपको जो बातें भूलने योग्य है वो याद रहती है और जो याद रहने योग्य है वो भूल जाते हो।

## कोबरा सांप के डसने से किशोर की हालत गंभीर, झाड़-फूंक के चक्कर में हुई इलाज में देरी

**मंदसौर।** जिले के सीतामऊ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लदुना में सोमवार रात कोबरा सांप के डसने से 15 वर्षीय किशोर प्रदीप सेन की हालत गंभीर हो गई। घटना के समय ग्राम राजनगर निवासी प्रदीप एक चाय की दुकान पर भट्ठी जलाने के लिए लकड़ियों का गट्ठा उठा रहा था, तभी उसमें छिपे कोबरा ने उसके हाथ पर डस लिया। शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्र हुए, लेकिन उसे तुरंत अस्पताल ले जाने के बजाय गांव के तेजा बाउजी मंदिर ले गए, जिससे समय पर इलाज मिलने में काफी देरी हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही सर्पमित्र रवि पाटीदार मौके पर पहुंचे और उन्होंने कोबरा को सुरक्षित पकड़ने के बाद परिजनों को तुरंत अस्पताल जाने की सलाह दी। इसके बाद किशोर को पहले सीतामऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहाँ से जिला अस्पताल मंदसौर रेफर कर दिया गया, जहाँ उसकी स्थिति नाजुक बताइ जा रही है। बताया गया है कि सर्पमित्र रवि पाटीदार पकड़े गए कोबरा को सुरक्षित डिब्बे में रखकर जिला अस्पताल भी पहुंचे ताकि डॉक्टरों को सांप की सही प्रजाति की जानकारी मिल सके।

## कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने श्री पशुपतिनाथ लोक की प्रतिकृति का अनावरण किया

**मन्दसौर।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित में श्री पशुपतिनाथ लोक की प्रतिकृति का अनावरण किया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन, डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्रीति, एसडीम श्री पाटीदार जिला अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती गर्ग द्वारा कलेक्ट्रेट



परिसर में विस्तारित गार्डन का भी शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने पारिजात के पौधे का रोपण भी किया।

## जिला पंचायत सीईओ ने जनसुनवाई में सुनी आमजन की समस्याएं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नीमच

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अमन वैष्णव ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, नीमच में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को नियमानुसार एवं शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में पालराखेड़ा निवासी श्रीमती अनिता ने खेत तक आने-जाने का रास्ता अवरुद्ध किए जाने तथा मारपीट करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। सोनियाना के श्री राजमल ने खेत में डाली गई पत्थर एवं अन्य सामग्री हटवाने तथा क्षतिपूर्ति दिलाने का आवेदन प्रस्तुत किया। घसुण्डी बामनी के श्री घनश्याम मेघवाल ने खेत तक पहुंच मार्ग खुलवाने, खेड़ी की श्रीमती बसंतीबाई ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का लाभ दिलाने तथा नीमच के श्री मोहम्मद रफीक ने कृषि भूमि का अवैध विक्रय करने वाले भू-माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की।

## महाविद्यालय में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**पिपलिया मंडी।** पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय, पिपलिया मंडी के प्रवेश प्रभारी प्रो. राधेश्याम कटारा ने जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। उन्होंने सभी पात्र विद्यार्थियों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपनी ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर महाविद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित करें। साथ ही जिन विद्यार्थियों ने अभी तक उच्च शिक्षा में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीयन नहीं कराया है, वे शीघ्र पंजीयन करवाकर प्रवेश प्रक्रिया में भाग लें।

# पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने नेपाल के लिए पहली सीधी कंटेनर मालगाड़ी भेज इतिहास रचा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मालीगांव

भारत-नेपाल रेल कनेक्टिविटी में एक ऐतिहासिक उपलब्धि के तहत, कैनोला खेप के40 वैगनों वालेवाणिज्यिक कंटेनर मालगाड़ी ने हाल ही में कोलकाता बंदरगाह से नेपाल के विराटनगर कस्टम्स यार्ड तक अपनीपहली सीधी यात्रा सफलतापूर्वक पूरी की। यह ऐतिहासिक परिवहन संशोधित भारत-नेपाल रेल पारगमन प्रोटोकॉल केकार्यान्वयन का प्रतीक है और सीमा पार माल परिवहन के क्षेत्र में एक नए अध्याय की शुरूआत की है।

संशोधित पारगमन व्यवस्था के तहत ट्रेन का परिचालन सुचारू रूप से हुआ, जिससे सीमा पर माल का ट्रांसशिपमेंट किए बिना कोलकाता बंदरगाह से बिराटनगर तक थोक माल की सीधी रेल आवाजाही संभव हो सकी। इससे पारगमन समय, लॉजिस्टिक्स लागत और माल की हैंडलिंग में उल्लेखनीय कमी आने के साथ-साथ दोनों पड़ोसी देशों के बीच व्यापारिक दक्षता में भी सुधार हुआ।

यह उपलब्धि जोगबनी (भारत) और बिराटनगर (नेपाल) के बीच ब्रॉडगेज रेल लिंक पर आधारित है, जिसका उद्घाटन जून,2023 में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के तत्कालीन प्रधानमंत्री द्वारा किया गया था। नवंबर 2025 में संशोधित लेटर ऑफ एक्सचेंज (एलओई) पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद, नेपाल के लिए सीधी वाणिज्यिक रेल परिवहन अब वास्तविकता बन गयी है।

यह माइलस्टोन अंतरराष्ट्रीय रेल कनेक्टिविटी को मजबूत करने और निर्बाध सीमा-पार व्यापार को सुगम बनाने में पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करती है। इस पहल से द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा मिलने, लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार होने तथा आधुनिक रेल अवसंरचना के माध्यम से क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ाने की भारत की प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद है।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि को आगे बढ़ाते हुए, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) सीमा-पार रेल संपर्क को और अधिक मजबूत करने, माल ढुलाई लॉजिस्टिक्स को बेहतर बनाने तथा कुशल, विश्वसनीय और ग्राहक-केंद्रित रेल सेवाओं के माध्यम से भारत और नेपाल के बीच बढ़ते व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी को सहयोग देने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा।

### शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में

# करियर काउंसलिंग एवं व्यावसायिक शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मन्दसौर

शा. उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंदसौर में प्राचार्य के. सी. सोलंकी के मार्गदर्शन में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग एवं व्यावसायिक शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, छात्रवृत्तियों और रोजगारोन्मुखी अवसरों की जानकारी देकर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए उचित दिशा-निर्देश प्रदान करना था।

प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में आयोजित इस सत्र में अनिल जैन ने सीयूईटी की उपयोगिता, प्रवेश प्रक्रिया और परीक्षा की तैयारी पर विस्तृत



जानकारी दी, वहीं अंतिम नाहर ने क्लेट एवं विधि क्षेत्र की संभावनाओं से अवगत कराया। बी. एल. जोशी ने विभिन्न शासकीय छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को समय पर आवेदन करने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात कक्षीय सत्रों में ममता मोदी ने नीट के माध्यम से मेडिकल क्षेत्र, नीरज पंवार ने जेईई व इंजीनियरिंग तथा महेन्द्र सांवलिया ने आईटीआई, पॉलिटेक्निक व कौशल विकास के अवसरों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय करियर काउंसलिंग प्रभारी श्रीमती सुरभि शर्मा द्वारा किया गया, जिन्होंने नेशनल स्कॉलरशिप प्रोग्राम के बारे में भी विस्तार से बताया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य के. सी. सोलंकी ने कहा कि वर्तमान समय में सही करियर का चयन और समय पर उचित मार्गदर्शन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी रुचि व क्षमता के अनुसार लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने का आह्वान किया। विद्यार्थियों ने भी अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

## विद्युत कटौती से मचा हाहाकार कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी

मल्हारगढ़। तहसील क्षेत्र में लोड सेटिंग के नाम से भी 3-3 घन्टे तक अघोषित विद्युत कटौती से हाहाकार मचा हुवा है।सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव अनिल शर्मा के पास कनघट्टी के अजय नागरिया,खात्याखेड़ी के नरेश सैनी, लसूड़िया कदमाला के नागेश्वर चौहान, काचरिया चन्द्रावत के दिनेश गुप्ता सहित कई अन्य लोगो के भी फोन आये की बारिश का मौसम है जहरीले जीव जंतुओं का खतरा बना रहता है ऐसे में अघोषित विधुत कटौती ने जीना हराम कर दिया है।जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा मन्दसौर मंडलम एवं वार्ड कमेटियों के भौतिक सत्यापन के लिए मन्दसौर ही थे।रात्रि 9,30 बजे पिपलीया मंडी आते समय वह अधीक्षण यंत्री विधुत वितरण कार्यालय रुके व मोबाइल पर अधीक्षण यंत्री योगेश अटनेरे से चर्चा कर तत्काल अघोषित विधुत कटौती बंद करने की बात कही शर्मा ने यह भी चेतावनी दी कि यदि कटौती बंद नही की तो कांग्रेसजन उपभोक्ताओं के साथ बड़ा आंदोलन करेगी जिसकी समस्त जवाबदेही कम्पनी की रहेगी।

## कलेक्ट्रेट में शिकायतों के कागज गले में लटका कर केरोसिन से आत्मदाह के लिये पंहुचा ग्रामीण

**नीमच।** जिला कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को जन सुनवाई के दौरान उस समय हड़कंप मच गया, जब एक शिकायतकर्ता अपनी समस्या का समाधान नहीं होने से नाराज होकर बोतल मे घासलेट लेकर पहुंच गया। पीड़ित व्यक्ति ने अधिकारियों के सामने खुद पर घासलेट उड़ेलकर आत्मदाह का प्रयास किया। लेकिन मौके पर मौजूद अधिकारियों और सुरक्षा कर्मी व कर्मचारियों ने समय रहते उसे रोक लिया ओर बड़ा हादसा टल गया। पीड़ित चांदमल पिता नंदलाल चरण का आरोप है कि वह लंबे समय से गांव मे अतिक्रमण के खिलाफ अपनी शिकायत को लेकर सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाता रहा। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। घटना के बाद अधिकारियों ने शिकायतकर्ता को समझाइश देकर शांत कराया और मामले की निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## शिल्पा मंडलोई डॉक्टरेट की उपाधि अलंकृत



**मंदसौर।** उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शोध कार्य पूर्ण करने पर शिल्पा अंशुल मंडलोई को मंदसौर यूनिवर्सिटी द्वारा डॉक्टरेट (पीएचडी) की उपाधि से अलंकृत किया गया है। शिल्पा मंडलोई ने अपना शोध कार्य स्टडी ऑफ इंपैक्ट ऑफ इमोशनल इंटेलिजेंस एंड सेल्फ अवेयरनेस ऑन दी एकेडमिक अचीवमेंट्स ऑफ हाइयर सेकेंडरी स्कूल स्टूडेंट्स विषय पर सफलतापूर्वक संपन्न किया है। वे घनश्याम सिंह और चित्रा मंडलोई की पुत्रवधू हैं। अपने इस महत्वपूर्ण अनुसंधान हेतु शिल्पा मंडलोई ने 20 से अधिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के साक्षात्कार लिए एवं प्रामाणिक तथ्यों का संकलन कर अपना शोध पत्र तैयार किया।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रीना कोठारी पति प्रियेश कुमारजी कोठारी जाति पोरवाल निवासी मोहल्ला सदर बाजार विक्रमगढ़ तहसील आलोट जिला रतलाम म.प्र. ने लोन हेतु बैंक आफ इण्डिया शाखा आलोट मे आवेदन किया है।

लोन की गांरटी हेतु श्रीमती रीना कोठारी पति प्रियेश कुमारजी कोठारी जाति पोरवाल निवासी मोहल्ला सदर बाजार विकमगढ़ तहसील आलोट जिला रतलाम के स्वामीत्व का प्लाट, सर्वे न. 840/4/2/1 पेकी, रकबा 0.037174 हेक्टर व प्लाट, सर्वे नं. 840/4/2/1, रकबा 0.0584 हेक्टर होकर जो नगर परीषद आलोट की सिमा के अन्दर मोहल्ला बरखेडाकला रोड (जो की विक्रमगढ़ रेल्वे फाटक से सोसायटी के मध्य में रोड सें अन्दर की साईड) कस्बा विक्रमगढ में प्लाट सबै न 840/4/2/2 पेकी, एरीया 250 वर्गफीट होकर जो कस्बा विक्रमगढ़ तहसील आलोट जिला रतलाम म.प्र. में स्थित है। जिसको बंधक रख कर लोन स्वीकृत किया जाना है।

सम्पत्ति पुर्व में सर्वे न. 840, 841. 842 रकबा 1.801 हेक्टर भुमी श्री शंकरसिंह पिता रतनसिंह, रूपकुवंर बेवा रतनसिंह जाति राजपुत के नाम राजस्व रेकार्ड में सन 1991-92 से 1999-2000 तक दर्ज थी।

इसके पश्चात सर्वे न. 840, 841, 842 रकबा 1.787 हेक्टर भुमी श्री शंकरसिंह पिता रतनसिंह, रूपकुवंर बेवा रतनसिंह जाति राजपुत के नाम राजस्व रेकार्ड में सन 2001-02 से 2005-2006 तक दर्ज थी।

इसके पश्चात उक्त भुमी सर्वे न. 840 मीन-4, 841, 842 रकबा 1.787 हेक्टर भुमी त्रुटीवश श्री गोपालचन्द्र के नाम राजस्व रेकार्ड में सन 2005-06 से 2013-2014 तक दर्ज थी।

इसके पश्चात उक्त भुमी सर्वे न. 840, 841 रकबा 0.823 हेक्टर भुमी श्री शंकरसिंह पिता रतनसिंह, रूपकुवंर बेवा रतनसिंह जाति राजपुत के नाम राजस्व रेकार्ड में सन 2014-15 से 2018-2019 तक दर्ज थी।

इसके पश्चात उक्त भुमी सर्वे न. 840, 841 रकबा 0.812 हेक्टर भुमी श्री शंकरसिंह पिता रतनसिंह, रूपकुवंर बेवा रतनसिंह जाति राजबुत के नाम राजस्व रेकार्ड में सन 2019-2020 से 2025-2026 तक दर्ज थी।

इसके पश्चात शंकरसिंह पिता रतनसिंह सोलंकी जाति राजपुत हैं प्लाट, सर्वे न. 840/4/2. एरीया 4000 वर्गफीट को केता श्री धर्मेन्द्रसिंह पिता बनेसिंह परीहार जाति राजपुत को विक्रय किया। जिसका विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 319542024ए 1686185 दिनांक 03-06-2024 है।

इसके पश्चात श्री धर्मेन्द्रसिंह पिता बनेसिंह परीहार जाति राजपुत नें प्लाट, सर्वे न. 840/4/2/1 पेकी, रकबा 0.037174 हेक्टर को केता श्रीमती रीना कोठारी पति प्रियेश कुमारजी कोठारी जाति पोरवाल को विक्रय किया। जिसका विक्रय पत्र कमांक एमपी 16 आईजीआर 18222025ए 101104805 दिनांक 03-12-2025 है।

इसके पश्चात उक्त सम्पत्ति में सें शंकरसिंह पिता रतनसिंह सोलंकी जाति राजपुत में प्लाट, सर्वे न. 840/4/2/2 पेकी, एरीया 250 वर्गफीट को केता श्रीमति रीना कोठारी पति प्रियेश कुमारजी कोठारी जाति पोरवाल को विक्रय किया। जिसका विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 16 आईजीआर 18222026ए 100118337 दिनांक 30-01-2026 है।

इसके पश्चात उक्त सम्पत्ति में सें शंकरसिंह पिता रतनसिंह सोलंकी जाति राजपुत नें प्लाट, सर्वे न. 840/4/2/1, रकबा 0.0584 हेक्टर को क्रेता श्रीमती रीना कोठारी पति प्रियेश कुमारजी कोठारी जाति पोरवाल को विक्रय किया। जिसका विक्रय पत्र क्रमाक एमपी 16 आईजीआर 18222026 ए 100453231 दिनांक 15-04-2026 है।

अत सर्वसाधारण को सुचीत किया जाता है की यदि किसी भी व्यक्ति आदि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति होतो मेरे कार्यालय में इस सुचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय प्रमाण के उपस्थित हो अन्यथा गुजरे मियाद किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। दिनांक 28-07-2026

**महेन्द्र कुमार चौधरी एडवोकेट**
**मुख्य डाक घर के पास आलोट**
**मो. 9893430565**

### जोश व उमंग के साथ कुलाचलों और विजयार्ध पर्वत पर पूजा

**सुसनेर।** समीप ग्राम मोड़ी में पहली बार हो रहे सर्वतो भद्र महामंडल विधान की महा पूजा में आज आनंद उत्साह और उमंग के साथ विजयार्ध पर्वत पर स्थित मंदिरों में अरिहंत भगवान की पूजा सभी इंद्र इंद्राणियों एवं श्रावकों ने की। गंधर्व हरीश जैन एंड पार्टी के द्वारा पूजा कराई गई जिसमें भक्तों ने भक्ति के आनंद में डुबकियां लगाई । अभिषेक और शांति धारा करने का सौभाग्य श्रावक श्रेष्ठी रमेश चंद, चतुर्भुज, प्रमोद जैन परिवार ने एवं महाआरती का सौभाग्य दिलीप जैन बाबूलाल जैन परिवार ने प्राप्त किया ।

### श्मशान की भूमि से अतिक्रमण हटाने तहसीलदार को ज्ञापन

**सुसनेर।** सरकारी भूमि और बालाजी मंदिर मार्ग पर अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। सोमवार दोपहर ढाई बजे श्यामपुरा गांव के ग्रामीण सरपंच दानुसिंह के साथ डग रोड स्थित तहसील कार्यालय पहुंचे। यहाँ उन्होंने तहसीलदार भंवर सिंह चौहान को एक ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि कालवा बालाजी रोड, पीएम श्री स्कूल, गोशाला और श्मशान की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा हो चुका है। सड़क पर अतिक्रमण के कारण कालवा बालाजी मंदिर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### चंद्रेश शर्मा सुसनेर मंडल प्रभारी नियुक्त

**बडौद।** भाजपा के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के



निर्देशानुसार भाजपा जिला आगर मालवा के जिला अध्यक्ष ओम मालवीय ने बडौद क्षेत्र के वरिष्ठ नेता चंद्रेश शर्मा को भाजपा सुसनेर मंडल का प्रभारी नियुक्त किया है।

### गुराड़ी की भूमि पर श्यामपुरा के लोगों ने चलाया ट्रैक्टर

**सुसनेर।** ग्राम गुराड़ी के ग्रामीण डग रोड स्थित तहसील कार्यालय पहुंचे। यहाँ उन्होंने तहसीलदार भंवर सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपकर गांव की शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की। ग्रामीणों के अनुसार, सर्वे नंबर 146 और 147 की शासकीय जमीन गुराड़ी और श्यामपुरा के कांकड़ पर स्थित है। आरोप है कि श्यामपुरा के कुछ लोग इस जमीन पर जबरन कब्जा कर रहे हैं और ट्रैक्टर से हकाई भी कर चुके हैं। गांवों के बीच विवाद न बढ़े, इसलिए ग्रामीणों ने जल्द से जल्द भूमि का सीमांकन करवाकर अवैध कब्जा हटाने की मांग की है।

### मालगाड़ी की चपेट में आने से अज्ञात की मौत

**मक्सी।** मक्सी रेलवे क्षेत्र छोटी फाटक अंडर ब्रिज के ऊपर एक अज्ञात व्यक्ति की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना की सूचना स्टेशन मास्टर द्वारा मेमो के माध्यम से जीआरपी चौकी को दी गई, जिसके बाद जी.आर.पी. पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की। जीआरपी चौकी मक्सी के प्रधान आरक्षक 17 प्रताप सिंह देवड़ा ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष के बीच प्रतीत हो रही है। फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो सकी है।

### आदिवासी समाज का जनआंदोलन, कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिला मुख्यालय पर आज आदिवासी समाज पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में सर्व आदिवासी भील भिलाला समाज द्वारा जनआंदोलन किया गया, इस अवसर पर समाज के लोग भगवान बिरसा मुंडा चौराहे पर एकत्रित होकर सभी समाजजन कलेक्ट्रेड कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन सौपा बिरसा मुंडा चौराहे से एक विशाल रैली शुरू हुई जो मुख्य मार्ग से होते हुए कलेक्ट्रेड कार्यालय पर पहुंची इसमें सभी समाजजन व युवा शक्ति उपस्थित रही।

स्वच्छ सर्वेक्षण-2026 की तैयारियों को लेकर

# डे-केयर सेंटर पर आयोजित समीक्षा बैठक में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर दिया जोर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नागदा

आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण-2026 को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका परिषद नागदा ने शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से डे-केयर सेंटर पर समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती संतोष ओ.पी. गेहलोत के निर्देशानुसार आयोजित हुई, जिसमें स्वच्छता व्यवस्था की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



बैठक में सभापति श्रीमती बबीता रघुवंशी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सतीश मटसेनिया, इंजीनियर प्रवीण मुजाल्दे, स्वच्छता निरीक्षक कन्हैयालाल चौहान, वाहन शाखा प्रभारी कैलाश मरमट सहित वाहन चालक एवं हेल्पर उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान अधिकारियों ने शहर में नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण सफाई सुनिश्चित करने, समयबद्ध कार्य निष्पादन तथा सभी कर्मचारियों द्वारा जिम्मेदारी और अनुशासन के साथ कार्य करने पर बल दिया। साथ ही सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान एवं 4 बिन हर दिन थीम को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए गए।

नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती संतोष ओ.पी. गेहलोत ने बताया कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग सांसद प्रतिनिधि ओ.पी. गेहलोत, नगर पालिका उपाध्यक्ष सुभाषचंद शर्मा, सभापति भावना सुभाष रावल, गौरव यादव, रामकुँवर विजयसिंह सिसोदिया, देवकुंवर पटेल, प्रकाश जैन, कौशल्या रघुनाथ सिंह ठाकुर तथा समस्त नगर परिषद सदस्यों द्वारा प्रतिदिन की जा रही है।

उन्होंने नागरिकों से स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि जनसहयोग से ही नागदा को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ शहर बनाया जा सकता है।

#### दुकानदारों एवं नागरिकों को किया जा रहा जागरूक

नगर पालिका की सहयोगी संस्था द्वारा दुकानदारों एवं नागरिकों को सूखा कचरा, गीला कचरा, जैव अपशिष्ट तथा घरेलू हानिकारक कचरे का पृथक-पृथक संग्रह एवं निस्तारण करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नहीं फैलाने तथा स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई किए जाने की जानकारी भी दी गई।

एक करोड़ से अधिक के विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

## जनसेवा ही हमारा संकल्प, विकास ही हमारी प्राथमिकता- विधायक पंड्या

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

विकास योजना अन्तर्गत तहसील के ग्राम पंचायत गुणावद में विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या के आतिथ्य में रविवार को एक करोड़ 32 लाख 15 हजार की लागत के सामुदायिक भवन, बाउण्ड्रीवाल, सीसी रोड़, चेक डेम, स्टाप डेम, एवं नाली निमार्ण सहित अनेक विकास कार्यो का भूमि पूजन एवं लोकार्पण हुआ।

इस अवसर पर विधायक पण्ड्या ने कहा कि हमार संकल्प है विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक विकास की किरण पहुंचे और जनसेवा का यह अभियान निरन्त आगे बढ़ता रहे। जनसेवा ही हमारा संकल्प, विकास ही हमारी प्राथमिकता। ये कार्य ग्रामीण क्षेत्र



में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ करने के साथ साथ विकास की गति को नई दिशा प्रदान करेगे। जनता का स्नेह एवं आशीर्वाद से ही सेवा कार्यो की सबसे बड़ी प्रेरणा है। भूमि पूजन एवं लोकार्पण के साथ ग्राम गुणावद में पौधा रोपण कर एक पेड़ मां के नाम हरियाली का संदेश दिया ।

भूमि पूजन एवं लोकार्पण के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अंतरसिंह देवड़ा, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि उमरावसिंह राठौर, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अजबसिंह देवड़ा, श्यामुबाई-मांगीलाल मोहरी सदस्य जिला पंचायत, मंडल अध्यक्ष महेश हारोड़, गजेन्द्रसिंह राजावत, एवं अधिकारी कर्मचारी समस्त पंचायतो के पंचगण, सचिव, सहायक सचिव व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## पेंशनर्स को महंगाई राहत में वृद्धि के लिए अब दूसरे राज्य की सहमति की जरूरत नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तराना

मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के पेंशनर्स के हित में दोनों राज्य सरकारों ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब पेंशनरों को देय महंगाई राहत में वृद्धि के लिए दूसरे राज्य की सहमति प्राप्त करना अनिवार्य नहीं होगा। दोनों राज्य अपने-अपने पेंशनरों के लिए महंगाई राहत में वृद्धि के संबंध में सीधे कार्यकारी आदेश जारी कर सकेंगे।मध्यप्रदेश शासन के वित्त विभाग तथा छत्तीसगढ़ शासन के वित्त विभाग द्वारा जारी संयुक्त आदेश के अनुसार महंगाई राहत में वृद्धि के लिए दूसरे राज्य की सहमति प्राप्त करने की वर्तमान प्रक्रिया को समाप्त कर दिया गया है। इससे पेंशनर्स को महंगाई राहत में वृद्धि का लाभ मिलने की प्रक्रिया सरल और शीघ्र होने की उम्मीद है।आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि किसी राज्य द्वारा महंगाई राहत में वृद्धि किए जाने से पड़ने वाले वित्तीय भार के संबंध में संबंधित राज्य सरकार को सूचना हेतु पत्र प्रेषित किया जाएगा। साथ ही, कोई भी राज्य केंद्र सरकार द्वारा घोषित महंगाई राहत की दर से अधिक दर पर महंगाई राहत घोषित नहीं करेगा।तहसील अध्यक्ष पुरुषोत्तम चांडक ने बताया कि इस महत्वपूर्ण निर्णय से पेंशनर्स संगठनों में हर्ष की लहर है। प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील तराना के सुधीर कुमार जोशी, विनोद कुमार जोशी, रामचंद्र चावड़ा, भानुप्रताप सोनी, सुरेश जैन सहित अनेक पदाधिकारियों और सदस्यों ने निर्णय का स्वागत करते हुए हर्ष व्यक्त किया है। पेंशनर्स संगठन ने इसे पेंशनर्स के हित में एक महत्वपूर्ण और सकारात्मक कदम बताया है।



### श्री राजेंद्रसूरी ज्ञान मंदिर भूमिपूजन 20 अगस्त को

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर रोड

ग्राम बपैया में जैन समाज के श्री राजेंद्र सूरी ज्ञान मंदिर के निर्माण हेतु भूमि पूजन का मुहूर्त मंदसौर नगर में चातुर्मास व्यतीत करने वाले प.पू मुनिराज प्रत्यक्ष रत्न विजय जी एवं पवित्र रत्न विजय जी म सा ने सकल जैन श्री संघ बपैया के जैन श्री संघ अध्यक्ष प्रकाश चंद बरडिया एवं समाज जनों की उपस्थिति में श्री राजेंद्र सुरि ज्ञान मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन 20 अगस्त गुरुवार श्रवण सुदी अष्टमी का शुभ मुहूर्त प्रदान किया।शुभ मुहूर्त को लेकर श्री संघ में प्रसन्नता का माहौल है जानकारी मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी।

### चरनोई भूमि पर कब्जा, सौपा ज्ञापन

**सुसनेर।** ग्राम पंचायत पालड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम अरन्या का खेड़ा में गांव की शासकीय चरनोई भूमि पर दबंगों ने कब्जा कर लिया है। अतिक्रमण से मुक्त कराने हेतु ग्रामीण आज सोमवार की दोपहर साढे 3 बजे डग रोड पर तहसील कार्यालय पहुंचे। यहा उन्होंने तहसीलदार भंवर सिंह चौहान को ज्ञापन सौपा है और गांव के सर्वे नम्बर 94, 85, 54, 60, 61, 62, 59, 84, 87, 88, 86, 176 से अतिक्रमण हटाने की मांग की है। उक्त अतिक्रमण के कारण गांव में विवाद की स्थिति भी निर्मित हो रही है।

## अधिवक्ता मिश्रा की प्रभावी पैरवी, चर्चित दहेज मृत्यु प्रकरण में दुबे दंपति दोषमुक्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नागदा

चंबल नदी के नयन डैम में नवविवाहिता नीतू उर्फ सौम्या का शव मिलने से जुड़े चर्चित दहेज मृत्यु प्रकरण में अपर सत्र न्यायालय, नागदा ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए आरोपी अशोक दुबे एवं रीता दुबे को सभी आरोपों से दोषमुक्त कर दिया। मामले में आरोपी पक्ष की ओर से अधिवक्ता मुकेश मिश्रा ने पैरवी की।

अभियोजन के अनुसार विवाह के लगभग डेढ़ माह बाद नवविवाहिता की डूबने से मृत्यु हुई थी, जिसके बाद दहेज मृत्यु एवं प्रताड़ना से संबंधित मामला दर्ज किया गया था।

सुनवाई के दौरान न्यायालय में कुल 11 गवाहों के बयान दर्ज किए गए। हालांकि, अभियोजन पक्ष दहेज की मांग एवं प्रताड़ना के आरोपों को पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर सिद्ध नहीं कर सका। मृतका के परिजनों के बयान भी आरोपों की पुष्टि नहीं कर सके। इसके बाद न्यायालय ने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर दहेज मांग और क्रूरता के आरोप सिद्ध नहीं माने। अपर सत्र न्यायालय ने आरोपी अशोक दुबे एवं रीता दुबे को भारतीय न्याय संहिता तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 एवं 4 के तहत लगाए गए सभी आरोपों से दोषमुक्त कर दिया।

## विशाल वाहन रैली के साथ मनाया राजा दक्ष प्रजापति का जन्मोत्सव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नागदा

प्रजापति समाज के आराध्य देव राजा दक्ष प्रजापति का जन्मोत्सव नागदा नगर में रविवार को श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। प्रजापति 84 संघ समाज के नेतृत्व में निकाली गई विशाल वाहन रैली एवं आकर्षक झांकियां कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ अंबे माता मंदिर चौराहे से हुआ, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होकर किल्कीपुरा चंबल मार्ग पर संपन्न हुआ। रैली में घोड़े, बग्घी तथा राजा दक्ष प्रजापति महाराज की भव्य झांकी ने श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान आकर्षित किया। पूरे मार्ग पर जयघोषों के बीच विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों ने रैली का स्वागत किया।

नगर के गणमान्य नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी आयोजन में सहभागिता निभाई।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर राधेश्याम प्रजापत, चुन्नीलाल प्रजापत, मनोहर मोरवाल, पप्पू शंकर प्रजापत, रमेश बालाजी, शंकरलाल प्रजापत, अजय प्रजापत, नीलेश प्रजापत, अनिल प्रजापत, सूरज प्रजापत, लखन प्रजापत, अनूप प्रजापत, जितेंद्र प्रजापत, बाबूलाल प्रजापत, मनोज प्रजापत, मुकेश प्रजापत, गणेश प्रजापत, राहुल प्रजापत सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत राजगढ़ पुलिस की बड़ी सफलता

## साइबर धोखाधड़ी प्रकरण में 6 आरोपी गिरफ्तार

अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा -राजगढ़



राजगढ़ पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी के मामले में संलिप्त 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर पीड़िता से धोखाधड़ी कर आहरित 1 लाख 50 हजार रु की संपूर्ण राशि जप्त की। उक्त कार्रवाई खिलचीपुर पुलिस एवं जिला साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा की गई। फरियादिया सरिता पति विनय हुरकुटे 47 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक-14, उत्कृष्ट विद्यालय के सामने खिलचीपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके भारतीय स्टेट बैंक शाखा खिलचीपुर में संचालित सैलरी खाते से धोखाधड़ीपूर्वक 1,50,000 रु की राशि ऑनलाइन अंतरित कर ली। विवेचना के दौरान ज्ञात हुआ कि प्रकरण का मुख्य आरोपी पुष्कर पिता विपिन टाकले निवासी स्कीम नं. 51 थाना एरोड्रम जिला इंदौर फरियादिया का रिश्तेदार है। पारिवारिक संबंध होने के कारण उसे फरियादिया के मोबाइल फोन एवं पासवर्ड ज्ञात था । आरोपी पुष्कर ने इसी जानकारी का दुरुपयोग करते हुए फरियादिया के यौनो एप्लीकेशन में विवेक राठौर के नाम से बेनिफिशियरी जोड़कर उसके बैंक खाते में 1,50,000 रु की राशि अंतरित कर दी। धोखाधड़ी की राशि प्राप्त करने के उद्देश्य से आरोपी पुष्कर टाकले ने अपने साथी आरोपी राहुल पिता श्याम वैष्णव को बैंक खाता उपलब्ध कराने के लिए कहा।

## झारड़ा कालेज तक सड़क निर्माण की मांग को लेकर छात्र अधिकार यात्रा निकाली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

झारड़ा महाविद्यालय तक पहुंच सड़क निर्माण की मांग को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्रसंघ महिदपुर (एनएसयूआई) द्वारा क्षेत्रीय विधायक दिनेश जैन बोस के मार्गदर्शन में एनएसयूआई जिला अध्यक्ष हिमांशु शुक्ल की उपस्थिति में एनएसयूआई प्रदेश महासचिव जुगल पांचाल के नेतृत्व में छात्र अधिकार पैदल यात्रा झारड़ा महाविद्यालय से महिदपुर ँकड कार्यालय निकाली गई।



झारड़ा महाविद्यालय से यात्रा प्रारंभ होकर पाड़लिया, बैजनाथ, काजीखेड़ी कटन, भीमाखेड़ा, सिविल लाइन होकर तहसील कार्यालय पहुंची। जहां एसडीएम अजय हिंगे को ज्ञापन दिया।

यात्रा में क्षेत्रीय विधायक दिनेश जैन बोस, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष हिमांशु शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष विकास मेहता, झारड़ा एनएसयूआई के सागर शर्मा, युवा कांग्रेस झारड़ा ब्लॉक अध्यक्ष शिवराज सिंह परमार,, एनएसयूआई अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर, दिनेश पंवार, बबलू ठाकुर, आदित्य शर्मा, शिवराज सिंगदेवला, आदित्य शर्मा (पेटलावद), गोविंद सिंह, गोविंद परमार, झारड़ा सेवादल अध्यक्ष संजय ठाकुर, मुमताज अली, साबिर हुसैन, ब्लॉक कांग्रेस झारड़ा अध्यक्ष कमलसिंह चैहान, हेमंत जोशी, लक्ष्मीनारायण पहाड़िया, ईश्वर सिंह चैहान, सोहनसिंह चौहान, अरुण बुरड़, महिदपुर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश बगाना, सगीर बेग, जितेन्द्र मंडोरा, मुजाहिद नागोरी, महेन्द्रसिंह परिहार, ईश्वर शर्मा, राहुल मालवीय, सोनू जाट, राहुल सोलंकी, इकबाल नागोरी, धनसिंह बापू, विजय रावल, लाला सुमन, पार्षदगण रईस कुरेशी, जाकिर मंसूरी, बाबा नागोरी, जितेन्द्र फरेले, दिनेश बघेल आत्माराम परमार, अकरम अहिंगर, शकील पाकीजा, अय्यूब भाई ने भाग लिया।



### एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत जवाहर नवोदय विद्यालय में 100 पौधों का रोपण

**सुसनेर।** पर्यावरण संरक्षण और हरित भारत के संकल्प को मजबूत बनाने के उद्देश्य से पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, आगर मालवा में भारत सरकार के एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत सोमवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में 100 से अधिक छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पौधे लगाए। इस अवसर पर सभी ने पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता के संवर्धन तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण के निर्माण का संकल्प लिया। विद्यार्थियों ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का दायित्व भी निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों द्वारा पौधों की सुरक्षा, नियमित सिंचाई और संरक्षण का सामूहिक संकल्प लेने के साथ हुआ। विद्यालय परिवार ने भविष्य में भी ऐसे जनजागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी कार्यक्रम लगातार आयोजित करने की बात कही।

### एसडीएम की पहल से 14 दिन में गंभीर कुपोषित बच्चे की सेहत में उल्लेखनीय सुधार




**नागदा।** अनुविभागीय अधिकारी सुश्री नेहा साहू द्वारा गोद लिए गए एक गंभीर कुपोषित बच्चे के स्वास्थ्य में पोषण पुनर्वास केंद्र में 14 दिनों के उपचार के दौरान उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। सोमवार को बच्चे को बेहतर स्वास्थ्य स्थिति के साथ एनआरसी से डिस्चार्ज किया गया। जानकारी के अनुसार, बच्चे को 14 जुलाई 2026 को एनआरसी में भर्ती कराया गया था। उस समय उसका वजन 7.395 किलोग्राम, बांह का घेरा 11 सेंटीमीटर तथा एसडी स्कोर -4 से कम था, जो गंभीर कुपोषण की स्थिति दर्शाता है। एसडीएम नेहा साहू ने बच्चे की नियमित मॉनिटरिंग के साथ आवश्यक पोषण सामग्री उपलब्ध कराई। चिकित्सकों, डाइटिशियन एवं एनआरसी स्टाफ की देखरेख में उपचार के बाद बच्चे का वजन बढ़कर 7.800 किलोग्राम हो गया तथा एमयूएसी 11.6 सेंटीमीटर दर्ज किया गया। उपचार के अंतिम चरण में डेली वेट गेन 10.6 ग्राम प्रति किलोग्राम प्रतिदिन रहा, जिसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मानकों के अनुसार संतोषजनक माना गया है।

### पांच लाख रुपए की स्वीकृति के बावजूद महूडीपूरा श्मशान की हालत नहीं सुधरी



**जगोटी ।** विकास कार्यों के लिए जारी राशि का दुरूपयोग किस ढंग से होता है इसका जीता जागता उदाहरण समीपस्थ ग्राम पंचायत महूडीपूरा के श्मशान स्थल को देखकर लगाया जा सकता है। ग्रामीणों की मांग पर विधायक दिनेश जैन बोस ने पांच लाख रुपए की स्वीकृति दी थी व जनवरी में भूमिपूजन के साथ ही राशि भी जारी हो गई थी, कुछ दिन काम चला, मगर श्मशान की हालत नहीं सुधरी। ग्रामीण मांगुसिंह दरबार, मुकेश शर्मा, सौदान सिंह बामनिया का कहना है कि श्मशान पर मुश्किल से एक डेढ़ लाख रुपए का खर्च किया गया है श्मशान के रास्ते पर घुटने तक कीचड़ होने से अंतिम यात्रा में जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दिनों गांव के नागरिकों ने इस संबंध में विधायक दिनेश जैन बोस को अवगत कराते हुए दोषी व जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है।

### श्री गोपाल मंदिर में श्रंगार दर्शन के साथ हुआ विष्णु सहस्त्र नाम पाठ



**महिदपुर।** नगर में हृदय स्थल पर विराजित श्री गोपाल मन्दिर में देवशयनी एकादशी पर्व पारम्परिक रुप से उत्साह पूर्वक मनाया गया। पुष्कर कुमार प्रेमकुमार भगवती प्रसाद परिहार परिवार द्वारा विष्णु सहस्त्र नाम का पाठ आयोजित किया गया। प्रातःकाल आचार्य द्वारा मंत्रोच्चार के साथ भगवान का अभिषेक पूजन करवाया गया। इसके पश्चात भगवान का अंगवस्त्रो से नयनाभिराम पोशाक से दिव्य श्रृंगार किया। तुलसी माता का पूजन कर चुनर ओढ़ाई। दोपहर में अभिजीत , आयुष , आदित्य , अनुजय परिहार द्वारा मन्दिर परिसर को फूलो , विद्युत उपकरणों से मन्दिर परिसर को सजाया गया। रात्री में श्री विष्णु सहस्त्र नाम मण्डल के द्वारा भगवान का अभिषेक पूजन कर श्री विष्णु सहस्त्र नाम का पाठ किया गया। महाआरती कर प्रसादी वितरीत कर उपस्थित श्रद्धालुजन को फलाहार करवाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में माता बहनो सहित श्रद्धालुजन उपस्थित हुए। उपरोक्त जानकारी स्वस्तिक चैधरी ने दी।

# जिन लोगों की त्वचा अति संवेदनशील है, उनके लिए गुलाब जल बेहतर है



मुंहासों की समस्या को दूर करने के लिए गुलाब जल का इस्तेमाल करना बहुत ही फायदेमंद होता है. यह त्वचा को साफ करने के साथ ही अपने एंटी-बैक्टीरियल गुण से संक्रमण भी दूर करता है. ये त्वचा पर मौजूद धूल और दूसरी अशुद्धियों को साफ करने का काम करता है. इसके अलावा, अगर आप नियमित रूप से गुलाब जल का इस्तेमाल करते हैं तो इससे त्वचा में कसावट आती है.


यह त्वचा के प्राकृतिक पीएच स्तर को बनाए रखने में मददगार होता है और मुंहासों के बनने के लिए उत्तरदायी बैक्टीरिया को पनपने से रोकता है. हालांकि यह बेहद धीमी गति से अपना असर दिखाता है, इसलिए अगर आप मुंहासों की समस्या के लिए गुलाब जल का इस्तेमाल कर रहें हैं तो आपको पर्याप्त धैर्य रखने की जरूरत होगी. जिन लोगों की त्वचा अति संवेदनशील है, उनके लिए गुलाब जल के इस्तेमाल से बेहतर कुछ भी नहीं. गुलाब जल को आप रुई में भिगोकर भी चेहरे पर लगा सकते हैं लेकिन आप चाहें तो गुलाब जल को इन तरीकों से भी इस्तेमाल में ला सकते हैं

## नैनो न्यूज

- कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी– भारत ने अब तक 10 पदक जीत लिए हैं, जिनमें 2 स्वर्ण, 5 रजत और 3 कांस्य शामिल हैं। भारतीय खिलाड़ी एथलेटिक्स, वेटलिफ्टिंग और बॉक्सिंग में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।
- **आज कई भारतीय खिलाड़ी पदक की दौड़ में–** मंगलवार को भारत की ओर से गुलवीर सिंह 10,000 मीटर दौड़ में चुनौती पेश करेंगे। इसके अलावा बॉक्सिंग, वेटलिफ्टिंग और स्विमिंग में भी भारतीय खिलाड़ी मैदान में उतरेंगे।
- शर्मिला धनखड़ ने रचा इतिहास– पैरा शॉट पुट स्पर्धा में शर्मिला धनखड़ ने स्वर्ण पदक जीतकर भारत को ऐतिहासिक सफलता दिलाई। यह उपलब्धि भारतीय पैरा एथलेटिक्स के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।
- **सरवेश कुशारे ने जीता रजत पदक–** हाई जंप स्पर्धा में सरवेश कुशारे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए सिल्वर मेडल अपने नाम किया।
- क्रिकेटः श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टीम घोषित– श्रीलंका के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। युवा खिलाड़ी सारांश जैन को पहली बार टीम में जगह मिली है।

# गर्ल्स का परफैक्ट ब्यूटी पार्टनरः स्ट्रैटनिंग ब्रश

### इस्तेमाल में आसान पारंपरिक स्ट्रैटनर की तुलना में स्ट्रैटनिंग ब्रश इस्तेमाल में आसान होते हैं और बालों को प्राकृतिक वौल्यूम भी देते हैं।



कालेज, औफिस या दोस्तों के साथ आउटिंग हो तो हर मौके पर लड़कियां चाहती हैं कि उन के बाल मिनटों में सलीकेदार और स्टाइलिश दिखें। यही वजह है कि स्ट्रैटनिंग ब्रश तेजी से उन का पसंदीदा हेयर टूल बनता जा रहा है। इस्तेमाल में आसान पारंपरिक स्ट्रैटनर की तुलना में स्ट्रैटनिंग ब्रश इस्तेमाल में आसान होते हैं और बालों को प्राकृतिक वौल्यूम भी देते हैं। कुछ ही मिनटों में फ्रिज कम हो जाता है और बाल मुलायम व चमकदार दिखने लगते हैं। यही कारण है कि व्यस्त दिनचर्या वाली युवतियों के लिए यह एक बेहतरीन विकल्प है।

### बाजार में हैं कई औप्शन

सही तापमान पर और हीट प्रोटैक्टेंट के साथ इस्तेमाल करने पर स्ट्रैटनिंग ब्रश न केवल समय बचाते हैं, बल्कि हर दिन खूबसूरती और आत्मविश्वास भी देते हैं। स्ट्रैटनिंग ब्रश बालों को एकसाथ सुलझाते और सीधा करते हैं, जिस से समय और मेहनत दोनों की बचत होती है। इन से बालों में प्राकृतिक वौल्यूम बना रहता है, इसलिए लुक अधिक नैचुरल दिखता है।

# चेहरे पर ब्लीच लगाने से पहले फॉलो करें ये टिप्स

### अगर ब्लीचिंग क्रीम लगाने की आदि हैं तो आपको इसे लगाने से पहले कुछ बातों का ख्याल रखना होगा.





आपको पार्टी में जाना है और चेहरे पर दाग ही दाग नजर आ रहे हैं, तो चेहरे को बेदाग और गोरा करने के लिये ब्लीचिंग एक सस्ता और जल्दी उपाय है. मगर आपको समझना होगा कि ब्लीचिंग क्रीम में काफी सारे कैमिकल्स होते हैं, जो चेहरे को नुकसान पहुंचाते हैं.

अगर ब्लीचिंग क्रीम लगाने की आदि हैं तो आपको इसे लगाने से पहले कुछ बातों का ख्याल रखना होगा. साथ ही इसे लगाने के बाद त्वचा की किस तरह से देखभाल करनी चाहिये, ये भी पता होना जरुरी है. आइये जानते हैं कुछ ऐसी ही बातें-

1. बार बार चेहरे पर ब्लीच करने से बचना चाहिये. महीने में एक बार ब्लीच करना सही होता है.
2. ब्लीचिंग क्रीम को ठंडी और सूखी जगह पर रखना चाहिये.
3. ब्लीच लगाने से पहले, उस जगह को हल्के साबुन और पानी से धो कर पोछ लें
4. ब्लीच लगाने के बाद हल्की खुजली होती है लेकिन यह कभी दर्द भरा काम नहीं होता.
5. त्वचा पर तेज और जलन हो, तो इसका मतलब है कि यह आपके चहरे पर अच्छी तरह से काम कर रही है.
6. कभी भी गरम पानी से नहाने के बाद ब्लीच ना करें क्योंकि उस दौरान त्वचा संवेदनशील रहती है.

ब्लीचिंग के बाद त्वचा को सांस लेने के लिये 6-8 घंटो के लिये वैसे ही छोड़ दें और उस पर कुछ ना लगाएं.
रात में ब्लीचिंग करें तो ज्यादा अच्छा है. ब्लीचिंग के बाद सूरज की किरणों से 24 घंटों के लिये दूर रहें.
हमेशा जरुरत अनुसार ब्लीचिंग क्रीम ही मिलाएं और उसमें कुछ भी ज्यादा या कम ना मिलाएं. ब्लीच करने से तुरंत पहले ही ब्लीचिंग क्रीम बनाएं.
पैकेट पर दिये गए समय से ज्यादा ब्लीचिंग क्रीम को चेहरे पर ना रखें. 15 मिनट काफी रहते हैं.
ब्लीच को आंखों के पास, आईब्रो पर, नाक के अंदर ना लगाएं. कटी, छिली या जली जगह पर इसे ना लगाएं. शेविंग या आईब्रो बनवाने के बाद कुछ दिनों तक ब्लीचिंग ना करें.

# Sport

### हाई जंप में सिल्वर जीतने वाले सर्वेश कुशारे पहले भारतीय

# भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स में दूसरा गोल्ड, शर्मिला ने शॉट पुट में मेडल जीता

एजेंसी ▶▶ ग्लासगो



भारत की शर्मिला धनकड़ ने सोमवार को कॉमनवेल्थ गेम्स में महिलाओं के पैरा शॉट पुट ऋ57 इवेंट में गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने 9.81 मीटर का सीजन बेस्ट थ्रो कर यह उपलब्धि हासिल की। इसी इवेंट में भारत की शिल्पा के. शायला ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। यह मौजूदा खेलों में भारत का दूसरा गोल्ड मेडल है। शर्मिला से पहले रविवार को वेटलिफ्टिंग में मीरा बाई चानू ने 48 किलोग्राम में गोल्ड जीता था।

F57 कैटेगरी में उन पैरा एथलीट्स को शामिल किया जाता है, जिनके निचले अंग प्रभावित होते हैं या जिनकी मांसपेशियों की ताकत कम होती है।

भारत के मेडल टैली में कुल 10 मेडल हो गए हैं और टीम आठवें स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया 26 गोल्ड सहित 59 मेडल के साथ पहले स्थान पर है। अन्य इवेंट्स में हाई जंप में सर्वेश कुशारे और वेटलिफ्टिंग के 79 किलोग्राम वर्ग में अजय बाबू ने सिल्वर मेडल जीता। वहीं, बिंदियारानी देवी ने 58 किलोग्राम वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया, जबकि ज्ञानेश्वरी यादव ने 53 किलोग्राम वर्ग में सिल्वर मेडल जीता। शर्मिला धनखड़ हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के चित्रौली गांव की रहने वाली हैं। 2 साल की उम्र में पोलियो की शिकार हो गई थीं, जिससे उनका एक पैर प्रभावित हो गया। पिता छोटे किसान थे और मां दृष्टिबाधित हैं। बेहतर इलाज नहीं हो सका। आर्थिक तंगी के बीच कम उम्र में उनकी शादी कर दी गई। शर्मिला के लिए पैरा एथलेटिक्स का सफर आसान नहीं था। 34 साल की उम्र में उन्होंने कोच टेकचंद और देवेंद्र के मार्गदर्शन में F57 कैटेगरी के सीटेड शॉट पुट इवेंट की ट्रेनिंग शुरू की।

## भारत के असिस्टेंट कोच रयान टेन डोशेट ने इस्तीफा दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के असिस्टेंट कोच रयान टेन डोशेट ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने इंग्लैंड दौरे के दौरान ही बीसीसीआई को अपने फैसले की जानकारी दे दी थी। अब टेन डोशेट आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कोचिंग स्टाफ से दोबारा जुड़ेंगे।

इंग्लैंड सीरीज में भारतीय टीम टी-20 और वनडे सीरीज हार गई थी। इससे पहले टीम को आयरलैंड ने पहली बार 2-0 से हराया था। नीदरलैंड के पूर्व कप्तान टेन डोशेट 2024 टी-20 वर्ल्ड कप के बाद गौतम गंभीर के हेड कोच बनने पर सपोर्ट स्टाफ में शामिल हुए थे। गंभीर ने ही उन्हें असिस्टेंट कोच चुना था। टीम में वह बल्लेबाजी और फील्डिंग, दोनों विभागों में जिम्मेदारी निभा रहे थे। टेन डोशेट के कार्यकाल में भारत ने 2025 एशिया कप और 2026 टी-20 वर्ल्ड कप जीता। हालांकि टेस्ट क्रिकेट में टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। भारत ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी हार गया, जबकि घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड (3-0) और साउथ अफ्रीका (2-0) से टेस्ट सीरीज गंवाई। टेन डोशेट का केकेआर से लंबा जुड़ाव रहा है। खिलाड़ी के तौर पर उन्होंने 2012 और 2014 में टीम को आईपीएल खिताब जिताने में योगदान दिया। इसके बाद 2022 में वह फ्रेंचाइजी के फील्डिंग कोच बने और 2024 तक कोचिंग स्टाफ का हिस्सा रहे। अब वह एक बार फिर केकेआर में वापसी करेंगे, जहां उनकी जोड़ी अभिषेक नायर के साथ फिर बनेगी। गौतम गंभीर जुलाई 2024 में हेड कोच बने थे। उनका कार्यकाल लगभग साढ़े 3 साल लंबा चलने वाला है।

## जेनेवा में होगा वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप का फाइनल

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप का फाइनल मैच स्विट्जरलैंड के जेनेवा में होगा। 25 नवंबर से होने वाले इस मैच में उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश को चुनौती देंगे। खास बात यह है कि मैच शुरू होने के समय दोनों फाइनलिस्ट की उम्र 20 साल होगी, जो इसे इतिहास का सबसे युवा वर्ल्ड चैंपियनशिप मैच बनाता है। फिडे वर्ल्ड चैंपियनशिप साइकिल का सबसे बड़ा आयोजन है। इसमें मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन और वह चैलेंजर आमने-सामने होते हैं। चैलेंजर प्लेयर कैंडिडेट जीतने के बाद वर्ल्ड चैंपियन को टाइटल की चुनौती देने का अधिकार हासिल करता है।

## कॉमनवेल्थ गेम्स में विशाल टीके 400 मीटर सेमीफाइनल में पहुंचे

**ग्लासगो।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के पांचवें दिन भारतीय खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स और स्विमिंग में अच्छी शुरूआत की। एथलेटिक्स में विशाल टीके पुरुष 400 मीटर के सेमीफाइनल में पहुंच गए, जबकि श्रीहरि नटराज ने पुरुष 100 मीटर बैकस्ट्रोक के सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया। राजेश रमेश 400 मीटर हीट्स से बाहर हो गए और साजन प्रकाश 50 मीटर बटरफ्लाई हीट्स में 28वें स्थान पर रहकर सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सके। पैरा स्विमिंग में कार्तिक बुडीगिना और अली इमाम ने पुरुष 50 मीटर फ्रीस्टाइल र13 के फाइनल में जगह बना ली। दोनों हीट्स में छठे और आठवें सबसे तेज तैराक रहे।

# श्रीलंका टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान, सारांश जैन को मौका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



बीसीसीआई ने श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है। ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा की टीम में वापसी हुई है। सारांश जैन टीम में नया चेहरा हैं। शुभमन गिल कप्तान और केएल राहुल उपकप्तान होंगे।

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और साई सुदर्शन को टीम में रखा गया है लेकिन उनका खेलना या ना खेलना फिटनेस पर निर्भर करेगा। नीतीश कुमार रेड्डी अनफिट होने के कारण टीम में नहीं चुने गए हैं। वाशिंगटन सुंदर हैमस्ट्रिंग के चलते पहले टेस्ट से बाहर हो गए हैं। दो मैचों की टेस्ट सीरीज 15 अगस्त से गॉल में शुरू होगी। मध्य प्रदेश के स्पिन ऑलराउंडर सारांश जैन को पहली बार भारतीय टेस्ट टीम में जगह मिली है। उन्होंने हाल ही में श्रीलंका दौरे पर इंडिया-ए के लिए दूसरे चार दिवसीय मैच में नाबाद 70 रन बनाने के अलावा 6 विकेट भी लिए थे।

ऑफ स्पिनर सारांश ने अब तक 54 फर्स्ट क्लास मैचों में 31.75 की औसत से 2,223 रन बनाए हैं। उन्होंने 188 फर्स्ट क्लास विकेट भी लिए हैं। भारतीय बल्लेबाजी क्रम में ज्यादा बदलाव नहीं किया गया है। केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल पारी की शुरूआत करेंगे। कप्तान शुभमन गिल नंबर-4 पर बल्लेबाजी करेंगे। साई सुदर्शन के साथ देवदत्त पडिक्कल भी टीम का हिस्सा हैं।

**प्रवेश प्रारंभ**
**आवश्यकता है:-** शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
**योग्यता :-** ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
**आफिस समय**
10 से 01 बजे तक
**आवेदनः** 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बरः-2557390

**तुरंत आवश्यकता है**
1 ग्राम ज्वेलरी व आर्टिफिशियल ज्वेलरी की मार्केटिंग के लिए युवक-युवतियों की आवश्यकता है। वेतनमान 15000 से शुरु। ड्यूटी 8 घंटे। कार्य क्षेत्र सिर्फ उज्जैन शहर के लिए।
नोटः इच्छुक व्यक्ति एजेंसी लेने हेतु संपर्क करें।
बाबा डायरेक्ट मार्केटिंग कंपनी मालीपुरा, उज्जैन
मोबाइल- 9981248359

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोनः 7869850570
9827832632

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता–** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन–** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### मां की साड़ी में आग लगने से झुलसी बच्ची ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया

**इंदौर।** इंदौर जिले की देपालपुर तहसील के ग्राम कुनगारा में सोमवार की सुबह आग से झुलसने से बच्ची की मौत हो गई। रसोई में खाना बनाते समय मां की साड़ी में आग लगने से उसकी दो वर्षीय बेटी भी चपेट में आ गई थी। गंभीर रूप से झुलसी बच्ची ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि उसकी मां का उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार, काजल खाना बना रही थी, तभी उसकी साड़ी में आग लग गई। काजल मूक-बधिर है, इसलिए वह मदद के लिए चिल्ला नहीं सकी। उसने खेत पर काम कर रहे परिजन को वीडियो कॉल कर हादसे की जानकारी दी। इसके बाद परिजन ने उसके मायके पक्ष को सूचना दी, लेकिन तब तक उसकी दो वर्षीय बेटी सृष्टि, पुत्री अनिल चौहान, भी आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस चुकी थी। दोनों को तत्काल गंभीर अवस्था में इंदौर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान सृष्टि ने दम तोड़ दिया। काजल का निजी अस्पताल में उपचार जारी है। राजेंद्र नगर पुलिस ने शून्य पर मर्ग कायम कर मामला देपालपुर पुलिस को सौंप दिया है।

### बिना पर्चे के गर्भपात की दवा बेचने पर कार्तिक मेडिकल सील, 6 मेडिकल स्टोरों को नोटिस

**इंदौर।** इंदौर में बिना डॉक्टर के पर्चे के गर्भपात में उपयोग होने वाली दवा बेचने पर औषधि विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एमवाय हॉस्पिटल के सामने स्थित कार्तिक केमिस्ट को सील कर दिया। यह कार्रवाई नियंत्रक मनोज पुष्प के आदेश तथा कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) के निर्देश में की गई। 27 जुलाई को औषधि निरीक्षकों की टीम ने थाना संयोगितागंज पुलिस के साथ संयुक्त छापामार कार्रवाई की। जांच के दौरान मेडिकल स्टोर पर गर्भपात में उपयोग होने वाली कॉन्ट्रा किट दवा का बिना चिकित्सकीय पर्चे के अवैध विक्रय किया जाना पाया गया। इसके बाद विभाग ने देर रात तक कार्रवाई करते हुए मेडिकल स्टोर को सील कर दिया। मामले में संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत आगे की कार्रवाई जारी है। औषधि विभाग के अनुसार जिले में मेडिकल स्टोर्स के खिलाफ लगातार सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। अब तक 13 मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया जा चुका है, जिनमें से 6 पर विभिन्न अनियमितताएं मिलने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

### ऑटो हटाने के विवाद में स्कार्पियो सवारों का हमला युवक से मारपीट कर घर और ऑटो में की तोड़फोड़

**इंदौर।** आजाद नगर थाना क्षेत्र में स्कार्पियो सवार चार युवकों ने एक युवक के साथ मारपीट कर उसके ऑटो और घर में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, विराट नगर निवासी आकाश प्रजापति ने शिकायत दर्ज कराई है कि घटना के समय वह अपने ससुराल में मौजूद था। घर के बाहर उसके भाई का ऑटो खड़ा था। इसी दौरान स्कार्पियो में सवार अतुल पटेल, रितिक यादव, शनि पटेल और अशोक पटेल निवासी अभिषेक नगर वहां पहुंचे। आरोपियों ने लगातार हॉर्न बजाते हुए गाली-गलौज की और ऑटो हटाने को कहा। विरोध करने पर चारों ने आकाश के साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर आकाश के सास-ससुर और अन्य परिजन बाहर आए तो आरोपियों ने पथराव कर दिया। पथराव में ऑटो रिक्शा और घर के कांच टूट गए। बीच-बचाव करने पहुंचे रोहित कैथवास पर भी आरोपियों ने बेसबॉल के डंडे से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मारपीट, तोड़फोड़ और अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बीच सड़क पर बॉयफ्रेंड ने युवती को पीटा, बाल पकड़कर जमीन पर गिराया

**इंदौर।** इंदौर के राऊ में रहने वाली एक युवती ने अपने बॉयफ्रेंड के खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट का मामला दर्ज कराया है। युवती के मुताबिक, आरोपी उस पर दोबारा बात करने का दबाव बना रहा था। पुलिस के अनुसार, पीड़िता एक निजी कंपनी में नौकरी करती है। उसने बताया कि वह शुभम चौहान को पिछले चार साल से जानती है। दोनों के बीच अच्छी दोस्ती थी, लेकिन शुभम की कुछ हरकतों के चलते उसने करीब एक माह पहले उससे बात करना बंद कर दिया। सोमवार को वह अपनी कंपनी जा रही थी। तभी रास्ते में शुभम बाइक लेकर पहुंचा और उसे रोककर पूछा कि वह उससे बात क्यों नहीं करती। जब युवती आगे बढ़ने लगी तो आरोपी ने उसका हाथ पकड़ लिया और अपशब्द कहे। इसके बाद उसके बाल पकड़कर उसे जमीन पर गिरा दिया। आरोपी ने उसके पेट में जोर से लात मारी और जबरन बाइक पर बैठाने की कोशिश करने लगा। इस दौरान आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद शुभम युवती को धमकी देकर वहां से भाग गया।

### वकील से 1.40 लाख की ऑनलाइन ठगी फर्जी ट्रैवल पैकेज के नाम पर लगाया चूना

**इंदौर।** एक वकील को ऑनलाइन ट्रैवल पैकेज के नाम पर 1.40 लाख रुपए की ठगी का शिकार बनाया गया। आरोपियों ने पहले अखबार में विज्ञापन के जरिए संपर्क कराया, फिर व्हाट्सएप पर यात्रा का पैकेज भेजकर एडवांस राशि जमा करवा ली। टिकट नहीं मिलने और रकम वापस नहीं करने पर पीड़ित ने एमजी रोड थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एमजी रोड थाना पुलिस के अनुसार, वकील राकेश लाड ने शिकायत दर्ज कराई कि करीब 15 दिन पहले उनके घर आने वाले सुबह के अखबार में 'स्वास्तिक टूर' के नाम से यात्रा पैकेज का एक पम्पलेट मिला था। इसमें दिए गए नंबर पर संपर्क करने पर प्रवीण घोडके नामक व्यक्ति ने व्हाट्सएप के माध्यम से दक्षिण भारत यात्रा का पैकेज भेजा। राकेश लाड ने वाराणसी, अयोध्या, रामेश्वरम सहित अन्य धार्मिक स्थलों की यात्रा का अलग प्लान मांगा। 16 जुलाई को उन्हें चार लोगों के लिए 2.34 लाख रुपए का टूर पैकेज भेजा गया और कुल राशि का 60 प्रतिशत एडवांस जमा करने के लिए कहा गया।

### कट्टा लहराने वाला आदतन अपराधी गिरफ्तार, इस पर पहले से 15 केस दर्ज

**झाबुआ।** झाबुआ पुलिस ने सोशल मीडिया पर अवैध कट्टा लहराकर उसका प्रदर्शन करने वाले एक शातिर बदमाश को मंगलवार को पकड़ा। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपी पर पहले से ही 15 आपराधिक मामले दर्ज हैं। 27 जुलाई 2026 को सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट हुआ था, जिसमें एक युवक हाथ में अवैध देशी कट्टा लहराता दिख रहा था। पुलिस ने आरोपी को राणापुर रोड से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान परबल उर्फ प्रबल उर्फ अश्विन मैड़ा (24 वर्ष), निवासी ग्राम बागनेरा (हाल निवासी आमली फलिया/किशनपुरी, झाबुआ) के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली में आर्म्स एक्ट की धारा 25 और 27 के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी एक आदतन अपराधी है, जिस पर कोतवाली थाने में गंभीर धाराओं के तहत 15 केस दर्ज हैं। झाबुआ पुलिस अब सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन करने वाले अन्य असामाजिक तत्वों पर भी निगरानी रख रही है।

## नैनो न्यूज

- हाईकोर्ट ने इंदौर में जीएसटी ट्रिब्यूनल नहीं होने पर केंद्र और राज्य सरकार से जवाब मांगा है। व्यापारिक संगठनों का कहना है कि ट्रिब्यूनल बनने से इंदौर और मालवा-निमाड़ के हजारों कारोबारियों को कर संबंधी मामलों में बड़ी राहत मिलेगी।
- इंदौर से अबूधाबी की सीधी उड़ान शुरू होने के बाद निर्यातकों, उद्योगपतियों और बिजनेस यात्रियों को मध्य-पूर्व के बाजारों तक बेहतर कनेक्टिविटी मिली है। इससे फार्मा, इंजीनियरिंग और खाद्य उत्पादों के निर्यात को गति मिलने की उम्मीद है।
- इंदौर-पीथमपुर आर्थिक कॉरिडोर परियोजना के जरिए प्रदेश में बड़े औद्योगिक निवेश आकर्षित करने की तैयारी जारी है। सरकार का लक्ष्य इस क्षेत्र में नए उद्योग और रोजगार के अवसर बढ़ाना है।
- इंदौर में एमएसएमई और स्टार्टअप इकोसिस्टम लगातार मजबूत हो रहा है। उद्योग संगठनों का कहना है कि छोटे और मध्यम उद्योग शहर की अर्थव्यवस्था और रोजगार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### शहरों में अवैध होर्डिंग और बैनर लगाने वालों पर हाईकोर्ट ने दिखाई सख्ती

# 24 घंटे में हटाएं अवैध राजनीतिक, धार्मिक होर्डिंग और बैनर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर




शहरों में अवैध होर्डिंग और बैनर लगाने वालों पर हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाई है। हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने निर्देश दिए हैं कि शिकायत मिलने पर नगर निगम और संबंधित प्राधिकारी 24 घंटे के भीतर अवैध होर्डिंग हटाने की कार्रवाई करें। साथ ही जिम्मेदार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए।

न्यायमूर्ति संदीप एन. भट्ट की एकलपीठ ने राज्य सरकार और संबंधित अधिकारियों को जबलपुर खंडपीठ के वर्ष 2022 के आदेश और 1 नवंबर 2019 के शासन परिपत्र का पालन करने के निर्देश दिए हैं। याचिका में आरोप लगाया गया था कि वैध होर्डिंग पर अवैध विज्ञापन लगाए जा रहे हैं, जिससे आर्थिक नुकसान हो रहा है।

**टीम बनेगी :** इंदौर खंडपीठ के आदेश का असर भोपाल में भी होगा। नगर निगम के होर्डिंग प्रभारी परितोष रंजन परसाई ने कहा कि आदेश के आधार पर शहर में अवैध राजनीतिक, धार्मिक और सामाजिक बैनर हटाए जाएंगे। इसके लिए टीम बनाकर कार्रवाई की जाएगी।

**अवैध बैनर लगाने पर कोर्ट में लगाई थी याचिका–** दरअसल, इंदौर में एसएस एडवर्टाइजिंग प्राइवेट लिमिटेड, जबलपुर एवं अन्य ने याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि नगर निगम को निर्धारित शुल्क और भारी राजस्व का भुगतान कर विधिवत अनुमति प्राप्त यूनिपोल, लॉलीपॉप और अन्य आउटडोर विज्ञापन स्ट्रक्चर संचालित किए जाते हैं। इसके बावजूद विभिन्न अवसरों पर इन स्ट्रक्चर पर बिना अनुमति राजनीतिक, धार्मिक और सामाजिक बैनर लगा दिए जाते हैं, जिससे स्ट्रक्चर को नुकसान पहुंचता है।


#### वैध होर्डिंग पर अवैध विज्ञापन लगाने वालों पर होगी एफआईआर

- आउटडोर मीडिया रूल्स-2017 के अनुसार ये होर्डिंग-बैनर अवैध माने जाते हैं
- खंभों, पेड़ों या डिवाइडरों पर बिना अनुमति टांगे गए फ्लेक्स, पोस्टर और कटआउट।
- रजिस्टर्ड चार्टर्ड/स्ट्रक्चरल इंजीनियर के सुरक्षा प्रमाण पत्र के बिना लगाए गए स्ट्रक्चर।
- ऐतिहासिक धरोहरों, राजभवन, हाईकोर्ट और धार्मिक स्थलों के प्रतिबंधित दायरे में लगे स्ट्रक्चर।
- ट्रैफिक सिग्नल, चौराहे या संवेदनशील मोड़ के पास लगी तेज रोशनी या झिलमिलाती स्क्रीन।
- ट्रैफिक लाइट, रोड साइनबोर्ड या दिशा-सूचक बोर्ड छिपाने वाले स्ट्रक्चर।
- फुटपाथ, सर्विस रोड या रोड डिवाइडर पर पैदल यात्रियों का रास्ता रोककर लगाए यूनिपोल व बोर्ड।
- निर्धारित आकार से बड़े फ्रेम या हवा के दबाव/वजन के मानकों का उल्लंघन करने वाले स्ट्रक्चर।
- बिना अनुमति और तय प्रक्रिया का पालन किए बिना लगाए गए स्ट्रक्चर।

### 26 दिन के छात्र आंदोलन का असरः इंदौर कलेक्टर ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

# 24 घंटे में होगा विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



इंदौर में 26 दिनों तक चले छात्र आंदोलन के बाद जिला प्रशासन ने विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष हेल्पलाइन शुरू की है। मंगलवार को छात्रों के प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम रोशन राय को 23 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा, जिसके बाद कलेक्टर कार्यालय ने हेल्पलाइन नंबर 0731-2431117 जारी किया।

प्रशासन ने दावा किया है कि इस नंबर पर मिलने वाली शिकायतों का निराकरण 24 घंटे के भीतर किया जाएगा।

छात्र प्रतिनिधियों ने बताया कि ज्ञापन में प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता, पेपर लीक पर सख्त कार्रवाई, सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर जल्द भर्ती, एमपीपीएससी और एमपीईएसबी का नियमित परीक्षा कैलेंडर जारी करने जैसी प्रमुख मांगें शामिल हैं। उन्होंने परीक्षा शुल्क कम करने, नॉर्मलाइजेशन और परसेंटाइल प्रणाली की समीक्षा, नजदीकी परीक्षा केंद्र उपलब्ध कराने तथा भर्ती प्रक्रियाओं को समयबद्ध पूरा करने की मांग भी रखी। ज्ञापन में छात्रवृत्ति समय पर जारी करने, छात्रावासों से जुड़े निर्णयों पर पुनर्विचार, बस पास शुल्क वृद्धि वापस लेने, छात्रों को रियायती दर पर एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराने, नर्सिंग छात्रों की समस्याओं का समाधान, सिविल जज भर्ती प्रक्रिया में सुधार और कृषि विस्तार अधिकारी परीक्षा में संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप सीट आवंटन की मांग भी शामिल रही। साथ ही अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को समय पर छात्रवृत्ति देने की मांग दोहराई गई। छात्रों ने कलेक्टर की निगरानी में विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए एक स्थायी समिति गठित करने और दिल्ली में छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज की न्यायिक जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की भी मांग उठाई। छात्र नेता अरुण बड़ोले ने बताया कि प्रशासन के साथ बस पास, छात्रवृत्ति, आवास सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई।

## वरिष्ठ नागरिक डे केयर सेंटर में स्वरांजलि से गूंजा सुरों का संसार



दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

पायोनियर वरिष्ठ नागरिक डे केयर सेंटर, इंदौर में सोमवार को आयोजित साप्ताहिक संगीत संध्या भावनाओं और सुरों से सराबोर रही। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों ने स्वर सम्राट मोहम्मद रफी को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके अमर गीतों के माध्यम से भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

संगीत प्रेमी वरिष्ठ सदस्य वी. अय्यर ने रफी साहब के व्यक्तित्व को सरल, विनम्र और निष्कपट बताते हुए कहा कि उनकी मधुर आवाज आज भी करोड़ों लोगों के हृदय में जीवित है। उन्होंने कहा कि रफी केवल गायक नहीं, बल्कि भारतीय संगीत की अमूल्य धरोहर थे।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी वरिष्ठजनों ने सामूहिक रूप से रफी के लोकप्रिय गीत गुनगुनाए और उनके संगीत को याद करते हुए भावुक क्षण साझा किए। वातावरण आत्मीयता, स्मृतियों और संगीत के रंग में रंगा रहा।

डे केयर सेंटर के सदस्यों ने कहा कि ऐसे आयोजन वरिष्ठ नागरिकों को मानसिक प्रसन्नता, सामाजिक जुड़ाव और सांस्कृतिक ऊर्जा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए हुआ।

## इंदौर के सारांश जैन टीम इंडिया में शामिल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने श्रीलंका के खिलाफ 15 अगस्त से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है। इस टीम में सबसे खास नाम इंदौर के सारांश जैन का है, जिन्हें पहली बार भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। 33 वर्षीय स्पिन ऑलराउंडर को घरेलू क्रिकेट में वर्षों की लगातार मेहनत और शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है। सारांश जैन मध्यप्रदेश क्रिकेट के भरोसेमंद खिलाड़ियों में गिने जाते हैं।

## इंदौर में कॉलेज छात्रों के दो गुट भिड़े

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

गांधी नगर थाना क्षेत्र में एक निजी कॉलेज के छात्रों के दो गुटों के बीच विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट, बेसबॉल बैट और पत्थरों से हमला करने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने दोनों पक्षों का मेडिकल परीक्षण कराया है और मामले की जांच जारी है।

## सामाजिक समरसता का दूसरा नाम शाहनवाजउद्दीन शेख (छन्नू भैया)

### प्रभावशाली व्यक्तित्व व कुशल कार्यशैली से प्रदेश सहित देश में बनाई अपनी अलग पहचान



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

दैनिक अवंतिका के पितृपुरूष व समाजसेवी पं. गोवर्धनलालजी मेहता 'दा साब' के 111वें पुण्यस्मरण के अवसर पर परिवारजनों ने उन्हें स्मरण करते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन नानाखेड़ा स्थित कास्मिक मॉल पर किया। इस रक्तदान शिविर मे सहयोगी रहे वेस्टर्न मजदूर संघ, उज्जयिनी रक्तदान संस्था व जिला चिकित्सालय की रक्त यूनिट।

आल इंडिया कबड्डी फेडरेशन एकेएफआई वाईस प्रेसिडेंट सामाजिक समरसता विचार मंच के राष्ट्रीय संयोजक मध्य प्रदेश कबड्डी फेडरेशन के अध्यक्ष शाहनवाजउद्दीन शेख (छन्नू भैया) ने रक्तदान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ आदरणीय 'दा साब' के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए किया गया। इस अवसर पर समाजशास्त्री डॉ. शैलेन्द्र पाराशर ने कहा कि पं. गोवर्धनलालजी मेहता के जनकल्याण के महायज्ञ को उनके परिजन सतत प्रज्जवलित किए हुए हैं।

समय-समय पर उनको याद करते हुए विभिन्न चिकित्सा शिविर, नेत्र परीक्षण शिविर आदि शहर में आयोजित किए जाते रहे हैं। इस वर्ष रक्तदान शिविर आयोजित कर समाजसेवा मे नया अध्याय जोड़ा गया है जो सराहनीय है। इस अवसर पर पं. शैलेन्द्र व्यास स्वामी मुस्कुराके ने कहा कि संस्कार से समाज सुशोभित होता है। दा साब के दिए सुसंस्कार आज उनकी तीसरी पीढ़ी आत्मसात करते हुए समाज को अपने कार्यों से महका रही है ये शिविर उसका प्रमाण है। अपने उद्बोधन में दैनिक अवन्तिका के संपादक संदीप मेहता ने कहा कि समय पर जरूरतमंद व्यक्ति को रक्त मिल सके उसके लिए रक्तदान बहुत आवश्यक है। रक्तदान करने से तीन लोगों को रक्त पहुंचाकर हम जीवन दान दे सकते हैं।

अतिथियों का स्वागत दैनिक अवंतिका के प्रधान संपादक पं. सुरेन्द्र मेहता सुमन ने पुष्पगुच्छ से किया। कॉसमास मॉल मे शहर के युवाओं ने बढ़चढ़कर रक्तदान किया और नैतिक जिम्मेदारी निभाई। रक्तदान करनेवाले लोगों को पुष्पगुच्छ व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस शिविर के माध्यम से लगभग 25 लोगों ने रक्त दान किया। संग्रहित रक्त जिला चिकित्सालय को ससम्मान दिया गया जो थैलेसेमिया पीड़ित व जरूरत मंद मरीजों को उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में वेस्टर्न मजदूर संघ के महामंत्री अभिलाष नागर, रामचंद्र नागर, सप्त मेहता, चैतन्य चौधरी, अनिल देवड़ा, नरेन्द्र सहगल व उज्जयिनी रक्त संचार संस्था से सुनील गुप्ता, रूपेश बीडवान, अलका शर्मा, आमिर खान, अमित नागर, राहुल शुक्ल, दैनिक ब्रह्मास्त्र परिवार के दिनेश मालवीय, संजय राजपूत, रजत अग्रवाल, हेमलता पाल व अपेक्स बैंक के ठक्कर व जिला चिकित्सालय की डॉ. संगीता गुप्ता, टेक्नीशियन मिनाक्षी निमजे, प्राची खरे आदि उपस्थित रहे।

### 12.50 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ धराया बदमाश, 15 मामले पहले से हैं दर्ज, कार भी जब्त की

# अब तक 53 मामलों में 111 आरोपी हो चुके गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर क्राइम ब्रांच ने 12.50 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक बदमाश को पकड़ा। उस पर पहले से ही 15 आपराधिक मामले दर्ज हैं। क्राइम ब्रांच ने घटना में इस्तेमाल एक कार भी जब्त की है।

टीम ने टिगरिया बादशाह रोड, टीसीएस चौराहे के पास घेराबंदी की थी। जहां से बदमाश को पकड़ा। डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया पकड़ाए बदमाश का नाम अरविंद (37) पिता गोपीलाल सोलंकी निवासी भीमनगर, राजेंद्र नगर है। वह पिछले 15 सालों से ड्राइवर का काम कर रहा है। उस पर 15 आपराधिक मामले दर्ज हैं। अरविंद के पास से 12.50 ग्राम ब्राउन शुगर जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 20 हजार रुपए और एक सफेद रंग की कार जिसकी अनुमानित कीमत 5 लाख रुपए, जब्त की है।

डीसीपी त्रिपाठी के मुताबिक 1 जनवरी से अब तक एनडीपीएस एक्ट के 53 मामलों में 111 आरोपियों को टीम गिरफ्तार कर चुकी है। इन कार्रवाइयों में आरोपियों के पास से 2.3293 किलोग्राम एमडी ड्रग्स, 28.338 किलोग्राम गांजा, 500 किलोग्राम भांग, 268.58 ग्राम ब्राउन शुगर और 10 ग्राम कोकीन सहित 2,90,98,000 कीमत के मादक पदार्थ और गाड़ियां जब्त की जा चुकी है।

#### सूचना पर की घेराबंदी, टीम देख हड़बड़ाने लगा

सोमवार को क्राइम ब्रांच की टीम गश्त व नजर रख रही थी। इस दौरान सूचना पर टीम ने टिगरिया बादशाह रोड, टीसीएस चौराहे के पास कार सवार को रोका। टीम को देख वह हड़बड़ाने लगा। जब टीम ने तलाशी ली तो उसके पास से 12.50 ग्राम ब्राउन शुगर मिली। टीम ने उसे गिरफ्तार किया और ब्राउनशुगर व कार जब्त की। टीम उससे पूछताछ कर रही है कि वह ब्राउन शुगर कहां से लेकर आया, किसे सप्लाई करने जा रहा था और इस मामले में और किन लोगों की भूमिका है।



















मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com